e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 11, अंक 208

# प्रभात मंत्र

बुधवार

31.07.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

असफलता और सफलता दोनों ही अवस्थाओं में लोग तुम्हारी बातें करेंगे। सफल होने पर प्रेरणा के रूप में और असफल होने पर सीख के रूप में।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## तबाह मकान, उखड़े पेड़ व उफनती नदियां : वायनाड में भूस्खलन ने बरपाया कहर

# 119 लोगों की मौत

## 400 परिवारों के फंसे होने की संभावना

एजेंसी

**तिरुअनंतपुरम :** केरला के वायनाड जिले में भारी बारिश से मंगलवार तड़के भीषण लैंडस्लाइड हो गया है। लैंडस्लाइड की कई घटनाओं में मलबे में दबने से 119 लोगों की मौत हो गई और 128 लोग घायल हैं।। इस घटना में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। वायनाड के मेप्पाडी, मुबदक्कई और चूरल मला पहाड़ियों पर लैंडस्लाइड हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक, पहला लैंडस्लाइड मुबदक्कई में रात करीब एक बजे हुआ।अधिकारियों ने बताया कि अगला लैंडस्लाइड चूरल माला में सुबह 4 बजे हुआ। उस समय वहां बचाव अभियान चल रहा था। कैंप के तौर पर काम करने वाला एक स्कूल, एक घर, एक स्कूल बस सभी कथित तौर पर बाढ़ में डूब गए और कीचड़ व पानी से भर गए। रिपोर्ट के मुताबिक, चूरल माला शहर में एक पुल के ढहने के बाद करीब 400 परिवार फंसे हुए हैं। कई लोगों के घायल होने की खबर है और कई घर बह गए हैं। पूरे क्षेत्र में बिजली गुल होने के कारण नुकसान का आंकलन फिलहाल नहीं लग पाया है।केरल सरकार एक्शन में आ गई है। मुख्यमंत्री पी विजयन ने कहा कि सभी सरकारी एजेंसियां रेस्क्यू ऑपरेशन में लगा दी गई है। सेना ने भी मोर्चा संभाल लिया है।

### वायनाड के भूस्खलन से व्यथित हूं : पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा,वायनाड के कुछ हिस्सों में भूस्खलन से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और घायलों के लिए प्रार्थना करता हूं। वर्तमान में प्रभावित सभी लोगों की सहायता के लिए बचाव अभियान चल रहा है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से बात की और वहां मौजूदा स्थिति के मद्देनजर केंद्र से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।



## ऑपरेशन के लिए सेना ने संभाला मोर्चा

### फूट-फूटकर रो रहे लोग

चूरलमाला शहर की रहने वाली एक महिला ने फूट-फूटकर रोते हुए कहा कि उसके परिवार का एक सदस्य मलबे में फंसा हुआ है। उसे वहां से बाहर नहीं निकाला जा सकता। रोते हुए महिला ने आगे कहा, कृपया कोई यहां आओ और हमारी मदद करो। हमने अपना घर खो दिया है। हम नहीं जानते कि नौशीन जिंदा भी है या नहीं। वह दलदल में फंस गई है। हमारा घर शहर में ही है।

### प्रशासन की सहायता करें यूडीएफ कार्यकर्ता : राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा, वायनाड में मेप्पाडी के पास बड़े पैमाने पर भूस्खलन से मैं बहुत दुखी हूं। मैंने केरल के मुख्यमंत्री और वायनाड जिला कलेक्टर से बात की है, जिन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि बचाव अभियान चल रहा है। मैंने उनसे सभी एजेंसियों के साथ समन्वय सुनिश्चित करने, एक नियंत्रण कक्ष स्थापित करने और राहत प्रयासों के लिए आवश्यक किसी भी सहायता के बारे में हमें सूचित करने का अनुरोध किया है। मैं केंद्रीय मंत्रियों से बात करूंगा और उनसे वायनाड को हरसंभव सहायता मुहैया कराने का अनुरोध करूंगा। मैं सभी यूडीएफ कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव अभियान में प्रशासन की सहायता करने का आग्रह करता हूं।

### लोग जिंदगी और मौत से जूझ रहे

इसके अलावा, एक शख्स ने फोन पर जानकारी दी कि मुंडक्कई में बड़ी संख्या में लोग दलदल में फंसे हुए हैं। यहां लोग जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। उसने कहा कि अगर कोई मेप्पाडी से वाहन द्वारा यहां आ सकता है, तो हम सैकड़ों लोगों की जान बचा सकते हैं।

# मुंबई-हावड़ा मेल ट्रेन हादसे में 2 की मौत, कई घायल

***मृतकों के परिजनों को केंद्र सरकार 10 लाख व राज्य सरकार दो लाख देगी मुआवजा**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां-जमशेदपुर:** मंगलवार सुबह मुंबई-हावड़ा मेल के करीब 18 डिब्बे पटरी से उतर जाने से कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) के चक्रधरपुर डिवीजन में राजखरसावां वेस्ट आउटर और बड़ाबांबू के बीच सुबह 3.45 बजे हुई। 22 कोच वाली 12810 मुंबई-हावड़ा मेल वाया नागपुर बड़ाबांबू के पास पटरी से उतर गई।

वहीं इस ट्रेन हादसे में मृतकों के आश्रितों को रेलवे ने 10-10 लाख रुपये और घायलों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये। मुआवजा देने की घोषणा की है। जबकि राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख व घायलों को 50-50 हजार के साथ मुफ्त इलाज करने की घोषणा की गई है। रेल हादसे का जायजा लेने घटनास्थल पहुंचे दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल मिश्रा ने यह घोषणा की।

राज्य सरकार की ओर से मंत्री बन्ना गुप्ता ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद मुआवजा की घोषणा की गई। रेलवे महाप्रबंधक अनिल मिश्रा ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि इस हादसे में 2 यात्रियों की मौत हुई है और 8 यात्री घायल हुए है। सभी घायल यात्रियों को चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में ईलाज के लिए भेजा गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। महाप्रबंधक मिश्रा ने बताया कि घटना सुबह 3ः40 में हुई। राजखरसावां रेलवे स्टेशन से हावड़ा मुंबई मेल 3ः34 में क्रॉस की थी। राजखरसावां और बड़ाबंबो रेलवे स्टेशन के बीच जिस जगह घटना हुई वहां डाउन लाइन पर मालगाड़ी डीरेल हुई थी। इसकी जानकारी गैंगमैन को स्टेशन मास्टर को देनी चाहिए थी। उसने जानकारी दी या नहीं इसकी भी जांच की जा रही है। वर्तमान में हमारी प्राथमिकता है कि राहत और बचाव की जाय। थर्ड लाइन को दुरुस्त करने का काम शुरू किया जा रहा है। ट्रेनों की परिचालन अगले 18 से 24 घंटे के बीच उक्त मार्ग पर शुरू होने की संभावना है।

## क्विक न्यूज

### पंचायत सचिव 3 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया, गांव में पट्टा देने के बदले मांगी थी घूस

**मंदसौर :** जिले के भानपुरा के धुंआखेड़ी ग्राम पंचायत सचिव फूलचंद जजावरिया को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी सचिव पर गांव में पट्टा बनाने के बदले फरियादी से 3 हजार घूस मांगने के लगे आरोप थे।लोकायुक्त उप पुलिस अधीक्षक सुनील तालान ने बताया कि भानपुरा के ढाबा निवासी शिवराज सिंह पुत्र विजय सिंह ने ग्राम पंचायत धुंआ खेड़ी में बाड़े के पट्टे के लिए पंचायत में आवेदन दिया था। ग्राम पंचायत सचिव फूलचंद जजावरिया ने फरियादी से पट्टा बनाने के बदले 3 हजार रिश्वत मांगी थी। फरियादी शिवराज सिंह ने इसकी शिकायत 25 जुलाई को उज्जैन लोकायुक्त एसपी अनिल विश्वकर्मा को की थी। शिकायत के बाद ट्रैप प्लान किया गया।

### यूपी विधानसभा में लव जिहाद बिल पास, दोषी साबित होने पर मिलेगी उम्रकैद तक की सजा

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को लव जिहाद (संशोधन) विधेयक 2024 का बिल पास हो गया। इसमें पहले से परिभाषित अपराधों में सजा जहां दोगुनी तक बढ़ा दी गई है, वहीं नए अपराध भी शामिल किए गए हैं जिसमें ताउम्र जेल का प्रावधान है। धर्म परिवर्तन के लिए फंडिंग को भी इस कानून के तहत अपराध के दायरे में लाया गया है। इसमें विदेशी संस्थाओं या किसी भी अवैध संस्था से हुई फंडिंग भी शामिल है।अगर कोई धर्म बदलावाने की नीयत से किसी व्यक्ति पर दबाब डालता है, हमला, बल प्रयोग या शादी करने का वादा करता है या इसके लिए षड्यंत्र करता है तो उसे आजीवन कारावास के साथ जुर्माना भी भरना होगा।

### चार वांटेड माओवादी गिरफ्तार, दो हार्डकोर नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**बीजापुर :** बस्तर में मंगलवार को पुलिस ने चार वांटेड माओवादियों को गिरफ्तार किया। इनमें तीन नक्सली विस्फोट की घटनाओं में शामिल रहे हैं। जबकि चौथा नक्सली माओवादियों का मुखबिर है। वहीं, कवर्धा में छत्तीसगढ़ सरकार के पुनर्वास नीति के तहत दो हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। बीजापुर में गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में माओवादी भीमा करम उर्फ दुम्मा, जोगा कलमू उर्फ बेतिया और सुक्कू करम उर्फ सन्नू शामिल हैं। तीनों नक्सली विस्फोट की घटनाओं में शामिल थे। बीजापुर पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि बीजापुर पुलिस और डीआरजी के जवान गंगालूर इलाके में सर्चिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान अंडारी गांव से तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि चौथे नक्सली पोडियाम को पुलिस ने पुजारीपारा गांव से दबोचा है।

### यूपीए सरकार में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ी, भाजपा सरकार में घटी : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए किसान, बेरोजगारी और महंगाई सहित अन्य मुद्दों पर विपक्ष के प्रश्नों का जवाब दिया। उन्होंने अपने भाषण में यूपीए सरकार के कार्यकाल और वर्तमान सरकार की तुलना की। उन्होंने आंकड़ों से बताया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी और महंगाई की स्थिति बेहतर है।वित्त मंत्री सीतारमण ने हलवा सेरेमनी पर राहुल गांधी के कटाक्ष का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हलवा सेरेमनी के साथ भावनायें जुड़ी हैं। ऐसे भी अवसर आए हैं, जब घर में दुखद घटना होने के बावजूद भी अफसरों ने बजट बनाने की प्रक्रिया में भाग लिया और पूरी प्रक्रिया होने तक बाहर नहीं आए।

### आयुष को मुख्यधारा में लाना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मुख्य रणनीति : सरकार

**नई दिल्ली :** आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने मंगलवार को कहा कि आयुष को मुख्यधारा में लाना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रमुख रणनीतियों में से एक है, जिसका उद्देश्य लोगों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। प्रताप राव जाधव ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि आयुर्वेद,योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी (आयुष) डॉक्टरों व पैरामेडिक्स को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सहायता प्रदान की जाती है, बशर्ते कि वे मौजूदा जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ स्थित हों, तथा दूरदराज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को प्राथमिकता दी जाए।

### रांची का तापमान

अधिकतम $30^{0}$

न्युनतम $24^{0}$

### मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने रचा इतिहास

## भारत ने जीता एक और ब्रॉन्ज मेडल



एजेंसी

**पेरिस :** भारत के स्टार शूटर मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने पेरिस में खेले जा रहे ओलंपिक 2024 में इतिहास रचने का काम किया। मनु भाकर और सफरबजोत सिंह की जोड़ी ने भारत के लिए एक और मेडल जीतने का काम किया है।

अब भारत के इस ओलंपिक में कुल मिलाकर दो मेडल हो गए हैं। भारत के नाम अब तक चौथे दिन दो मेडल हो चुके हैं। 10 मीटर एयर पिस्टल के मुकाबले में भारत ने साउथ कोरिया पर जीत दर्ज की है। पेरिस ओलंपिक 2024 के चौथे दिन भारतीय दल ने एक और मेडल अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की है। इतना ही नहीं, भारत की शानदार शूटर मनु भाकर ने तो इतिहास रचने का काम किया है। आजाद भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है,जब एक ही खिलाड़ी ने एक ही ओलंपिक में दो मेडल अपने नाम करने में सफलता हासिल की है।व्यक्तिगत स्पर्धा में पहले ही ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी मनु भाकर और उनके जोड़ीदार सरबजोत सिंह ने 10 मीटर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। भारत को मनु ने दूसरा मेडल दिला दिया है। मनु भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बन गई।

### झारखंड विधानसभा से 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित

# गरीबों को आवास निर्माण के लिए मुफ्त मिलेगा बालू : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा की गयी है। इस चर्चा के दौरान काफी हो-हंगामा भी हुआ। इसके बाद शाम के करीब 4.30 ध्वनिमत से 4833.39 करोड़ अनुपूरक बजट भी सदन से पास हो गया। झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को जोरदार हंगामे के बीच वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने अनुपूरक बजट पेश किया था।अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बालू को लेकर पूरे राज्य में चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि बालू नहीं मिलने से या बालू की कीमत बढ़ने से अबुआ आवास, पीएम आवास समेत



गरीबों को आवास बनाने में दिक्कत हो रही है। लिहाजा, सरकार ने फैसला लिया है कि जो लोग टैक्स के दायरे में नहीं आते हैं उन्हें अब मुफ्त में बालू दी जाएगी।अनुपूरक बजट पर सरकार का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उराव ने भरोसा दिया है कि हेमंत सरकार सुखाड़ से निबटने के लिए विशेष व्यवस्था करेगी। सुखाड़ का तीसरा साल चल रहा है।अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद सीएम ने कहा कि झारखंड के वैसे गरीब जो इनकम टैक्स के दायरे में नहीं आते हैं, उन्हें आवास निर्माण के लिए सरकार मुफ्त में बालू मुहैया कराएगी.अबुआ आवास,पीएम आवास या व्यक्तिगत रूप से घर बनाने के लिए बालू की जरूरत होती है. इसका सबसे ज्यादा खामियाजा गरीबों को भुगतना पड़ता है.

इसलिए सरकार ने टैक्स के दायरे से बाहर गरीबों को मुफ्त में बालू मुहैया कराने का फैसला लिया है.

### राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को सीएम हेमंत सोरेन ने दी भावपूर्ण विदाई

# सीएम ने नए राज्यपाल का किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची परिसर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भावपूर्ण विदाई दी। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद नलिन सोरेन, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग वंदना दादेल सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय पदाधिकारीगणों ने



भी माननीय राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को सप्रेम विदाई दी। इधर नए राज्यपाल संतोष गंगवार बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पहुँचे। एयरपोर्ट परिसर में मनोनीत राज्यपाल संतोष गंगवार का सीएम हेमन्त सोरेन ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री बेबी देवी, दीपक बिरुआ, मंत्री दीपिका पांडे सिंह, मंत्री इरफान अंसारी, विधायक कल्पना सोरेन, राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग वंदना दादेल सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय अधिकारीगणों ने भी मनोनीत राज्यपाल की अगवानी की।

### बीते दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन में विकसित भारत की यात्राः केंद्रीय बजट 2024-25 के बाद का सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। यह कार्यक्रम कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से आयोजित किया गया है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा,मेरा देश कभी पीछे नहीं हट सकता। मैं सीआईआई का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मुझे याद है पैंडेमिक के समय आप बहुत चिंता कर रहे थे। हर चर्चा के केंद्र के विषय रहता था गेटिंग ग्रोथ बैक। भारत बहुत ही जल्द विकास के पथ पर दौड़ेगा। आज भारत किस ऊचाई पर है। आज भारत 8 प्रतिशत की रफ्तार से ग्रो कर रहा है। आज हम सभी डिस्कस कर रहे हैं, जर्नी टुवार्ड विकसित भारत। यह बदलाव सिर्फ सेंटिमेंट का नहीं है यह बदलाव कॉन्फिडेंस का है।



अरूणा शंकर ने नगर निगम का विकास कर रच दिया है इतिहास

# आंच नही सांच को : राकेश तिवारी

## अपना टीआरपी बढ़ाने के लिए चुनाव लड़ने वाले नेता ले रहे मेयर का सहारा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भाजपा नेता राकेश तिवारी ने एक चुनाव लड़ने वाले नेता के दिए बयान पर कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम का महापौर अरूणा शंकर के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास हुआ है. पर आश्चर्य की बात है कि कुछ नेताओं को यह विकास रास नही आता और बगैर जानकारी के सस्ती लोकप्रियता के लिए अर्नगल बयानबाजी कर रहे है. बता दें कि भाकपा के राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य रूचिर तिवारी ने लाइट में गड़बडी का आरोप मेयर पर मढ़ रहे है.पर उन्हे यह जानकारी होनी चाहिए की लाइट की आपूर्ति राज्य सरकार के स्तर से होता है.यदि उसमें कोई गडबडी श्री तिवारी को नजर आ रहा है तो उन्हें यह सवाल सरकार से करना चाहिए न कि मेयर से। जहां तक तालाब अतिक्रमण का मामला है तो प्रशासन ने मापी के उपरांत यह रिपोर्ट दी है कि आनंद शंकर के द्वारा अतिक्रमण नही किया गया है,बल्कि तालाब में श्री शंकर की कुछ रैयती प्लाट गया है. जहां तक बडा तालाब का मामला है तो मेयर श्रीमति शंकर ने अपने कार्यकाल में ही कई दफा उसके जांच का आदेश दिया है.यदि श्री तिवारी को शहर के विकास की ही इतनी चिंता है तो उन्हें उन लोगो से भी सवाल पूछना चाहिए, जिनके द्वारा पचास वर्षो से अधिक समय तक राज करने के बाद शहर के लिए कुछ नही कर सके। न कि मेयर अरूणा शंकर से सवाल पर करना चाहिए। जिनके द्वारा पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जन विश्वास की रक्षा कर विकास का इतिहास रचा है. श्री तिवारी ने यह भी कहा कि मेयर की लोकप्रियता से विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सारे लोग घबरा गए हैं। पर उन्हें संयम रखना चाहिए और कोई भी बात बोलने से पहले सबूत हाथ में रखें। फिर बात करें। स्विफ्ट टीआरपी बढ़ाने के चक्कर में ना रहे। उन्होंने कहा कि मेदनीनगर नगर निगम में महापौर अरुण शंकर द्वारा किए गए विकास कार्य को हर कोई देख रहा है। और उसकी सराहना कर रहा है। अपनी लोकप्रियता हासिल करने के लिए किसी पर कुछ आरोप लगा देना सही नहीं है। आज का शहर और आज के 5 वर्ष पूर्व का शहर, दोनों में तुलना की जा सकती है। आज 5 साल के बाद कोई भी व्यक्ति मेदिनीनगर शहर में आता है तो यहां की खूबसूरती और विकास देखकर वह चकाचौंध हो जाता है। यह सब अरुण शंकर की देन है।

## अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा द्वारा किया गया प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** संयुक्त किसान मोर्चा झारखंड के घटक संगठन अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा द्वारा मंगलवार को केंद्र सरकार के विरोध में विश्रामपुर बस स्टैंड चौक पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय बजट 2024 की प्रतियां भी जलाई गई। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने मोदी सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे डॉ अनिल मिस्त्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसान और मजदूर विरोधी है। यह सरकार सिर्फ चुनिंदा औद्योगिक घरानों के लिए कार्य कर रही है.इस जनविरोधी सरकार के बजट में गरीबों, किसानों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है। ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। मौके पर लियाकत अंसारी, नंदलाल यादव, राजेंद्र चौधरी, देवधारी भुइया सहित कई लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद के पूर्व विधायक का करें राजनीतिक व समाजिक बहिष्कार : रंजन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखण्ड चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष रंजन कुमार सिंह ने कहा कि हुसेनाबाद हरिहरगंज के पुर्व बिधायक और प्रत्याशी रहे अपने को समाजिक न्याय के पुरोधा कहने वाले शिवपुजन मेहता का चन्द्रवंशी समाज जोरदार बिरोध करे। इस व्यक्ति का न तो राजनितिक प्रतिष्ठा है और न समाजिक प्रतिष्ठा। चरित्र के मामले में भी जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि शिवपूजन मेहता ने हमारे चन्द्रवंशी समाज के प्रतिष्ठित नेता व लगातार जनमुद्दों पर हस्तक्षेप करने वाले आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव व गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार को पुर्व मे भी जाति सुचक शब्दों का इस्तेमाल किया था। आज भी वैसी ही शब्द का व्हाट्सएप पर इस्तेमाल किया है। वह चन्द्रवंशी समाज को पतलघिचवा कहता है। रंजन कुमार सिंह ने कहा कि हमारा समाज पलामू प्रमंडल मे कई बिधान सभा सिट को चुनाव मे प्रभावित करता है। हम तमाम चन्द्रवंशी समाज के नेतृत्त्वकर्ता, बुद्धिजीवी, छात्र, नौजवान और महिलाओं से अपिल करते हैं कि इस अपराधी छवि के नेता का समाजिक और राजनीतिक बहिष्कार करें। जब तक समाज से वह माफी नही मांगता।

## जागरुकता अभियान चलाया गया

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम जो दिनांक 10 अगस्त 2024 से 25 अगस्त 2024 तक चलाया जाना है, उसकी सफलता को लेकर पीरामल फाउंडेशन के अनिल कुमार गुप्ता के द्वारा पथरा पंचायत और बनियाडीह बराही में जागरूकता अभियान चलाया गया, उनके द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए बताया गया कि फाइलेरिया रोधी दवा पूरी तरह से सुरक्षित है तथा यह फाइलेरिया की बीमारी से बचाने में पूरी तरह से मददगार है, यह दवा गर्भवती महिलाओं, एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को नहीं खाना है, शेष सभी लोग को दवा सेवन कराना चाहिए साथ ही इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि लोग खाली पेट दवा नहीं खाए।

## नए बीपीओ मनोज ने दिया योगदान, भारीमन से शिक्षकों ने ओमप्रकाश को दिया विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के बीआरसी में शिक्षा विभाग एवं शिक्षकों के द्वारा निवर्तमान बीपीओ ओमप्रकाश के विदाई समारोह के साथ-साथ नए बीपीओ मनोज कुमार के योगदान एवं स्वागत का कार्यक्रम रखा गया था. सभा में उपस्थित सभी शिक्षकों ने भारी मन से बीपीओ ओमप्रकाश के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। ओम प्रकाश लंबे समय से पिपरा प्रखंड मे पदस्थापित थे। शिक्षकों की समस्या से भली भांति अवगत रहते थे एवं उसका निदान करने का हमेशा प्रयास करते थे। उनका प्रखंड क्षेत्र के भी दर्जनों लोगों से मधुर संबंध हो गया था. वहीं वर्तमान बीपीओ मनोज कुमार ने दर्जनों शिक्षकों की उपस्थिति में अपना योगदान दिया। उपस्थित सभी शिक्षकों ने फूल माला एवं बुके देकर उनका स्वागत किया. वही ओमप्रकाश को फूल माला अंग वस्त्र रामायण की पुस्तिका देकर भारीमन से विदाई दिया गया.इस मौके पर लेखपाल रंजन कुमार भारती बिआरजी निर्मल कुमार एमडीएम ऑपरेटर बिजेंद्र पटेल पिपरा प्रखंड सहायक शिक्षक अध्यक्ष सीधी कुमार सिंह प्रखंड सचिव सह टेट पास जिला अध्यक्ष अविनाश रंजन सर्वेश कुमार सिंह अरुण तिवारी संतोष कुमार सिंह उपेंद्र सिंह विनोद राम अर्जुन पाल रणधीर कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षा विभाग के लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## बाबा धाम जाते समय शारदा निवासी की रास्ते में मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बाबा धाम के लिए निकले कावरिया का शव जब घर पहुंचा तो स्वजनों के चीत्कार से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। बताते चले कि सगमा प्रखण्ड के शारदा गांव निवासी पचपन वर्षीय बेचन पासवान अपने गांव से तीन दिन पूर्व ग्यारह सदस्यों के साथ बाबा धाम के लिए गया था। इस दौरान में विगत सोमवार को अहले सुबह जल भरने के लिए सुलतान गंज में बाबा धाम पर जल चढ़ाने के लिए पहुचा था कि जल भरने के पूर्व अपने सहयोगियों के साथ स्नान कर रहा था कि अचानक फिसल कर गिर जाने से उसे सर में गंभीर चोट लग गया। उसके सहयोगी उसे रेफरल अस्पताल सुल्तानगंज लेकर गए। जहा चिकित्सको ने बैचन पासवान को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद साथ में उसके सहयोगी बाबा धाम जाने बजाय बीच रास्ते से ही मृतक का शव लेकर शारदा गांव पहुच कर मंगलवार को मृतक का शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया । बेचन का शव के देखते ही पूरे घर में कोहराम मच गया इसकी खबर पूरे गांव में आग की तरह फ़ैल गया।जिससे पूरे गांव में शोक की लहर फैल गया ।सूचना पाते ही मृतक के घर सांत्वना देने वालों का भारी भीड़ उमड़ पड़ा । सांत्वना देने पहुंची पंचायत के मुखिया कलावती देवी ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा की मृतक मेहनत मजदूरी कर पुरे घर का भरण पोषण करता था मुझे इसके लिए भारी दुख है। इस दुख की घड़ी में हम मृतक के परिवार के साथ मजबूती से खड़े है। सरकार के द्वारा मिलने वाले सभी सुविधा मृतक के पत्नी को जितना जल्द हो सके दिलाने का प्रयास करूंगी। मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि पवन सिंह, राजेंद्र राम, अखिलेश उराव, सुनील बैठा, झूलन बैठा, गणेशी बैठा मुख्यरूप से उपस्थित थे।

## सैयद हसनैन जैदी ने अपने पद से दिया इस्तीफा



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक महासचिव झारखंड सैयद हसनैन जैदी, सह वक्फ वासला बेगम सदर इमामबाड़ा के मुतवल्ली, ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मैंने गुजिश्ता रोज एक सार्वजनिक सभा में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सैयद हसनैन जैदी ने बताया की कमेटी के सभी सदस्यों में सैयद काशिफ हुसैन रिजवी (इक़बाल), नक़ी इमाम, ज़ैद मिर्ज़ा (मुन्ना), साबिर हुसैन, शाहिद हुसैन (धम्मन), मोहसिन हुसैन (बिंते), अफ़ज़ल हुसैन, सैफ़ हुसैन, इमरान मिर्ज़ा, हाशिम अली, अली हसन, गौहर मिर्ज़ा, समीर मिर्ज़ा, अमन हुसैन, दानिश हुसैन, सिकंदर मिर्ज़ा शामिल थे। उनसभी से विचार विमर्श करने के बाद यह फैसला लिया गया है। बताता चलूं की सैयद हसनैन जैदी ने लगभग 6 सालों तक दिलो जान से मौला (अ.स.) की सेवा करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि अब समय आ गया है कि किसी और को यह मौका दिया जाए ताकि और लोगों को भी मौला (अ.स.) की सेवा करने का अवसर मिल सके। सैयद हसनैन जैदी ने इस निर्णय को ध्यान में रखते हुए 26 जुलाई 2024 को आम जनता के सामने अपना इस्तीफा सौंप दिया है, क्योंकि उन्हीं जनता ने उन्हें मुतवल्ली का पद सौंपा था।

## बेहतर करने वाले सहिया को किया जायेगा सम्मानित : डॉ. राजेंद्र कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों परिवार स्वास्थ्य मेला 2024 चल रहा है। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक दिन बंध्याकरण का ऑपरेशन किया जा रहा है। मंगलवार को झरहा कल की साहिया रिंकी देवी के द्वारा पांच लाभार्थियों का बंध्याकरण प्रोत्साहित कर कराया गया। इस उपलब्धि के लिए रिंकी देवी को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने सम्मानित करने का घोषणा किया। डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी सहिया को सम्मानित किया जायेगा। सम्मान उन्हे आगे भी और बेहतर करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने सभी साहिया एवं फील्ड में कार्य कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी को सामुदायिक स्वास्थ्य तक पहुंचाएं। ताकि परिवार स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम 2024 पूर्ण रूप से सफल हो सके। मौके पर कई चिकित्सक और स्वास्थकर्मी मौजूद थे।

## कंचन बांध उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में प्रबंधन समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद/पलामू :** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कंचन बांध में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हेतु अभिभावकों और ग्रामीणों की एक बैठक की गई। जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पलामू के पत्रांक 642 दिनांक 19/06/2024 एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हुसैनाबाद के पत्रांक 144 दिनांक 29/07/2024 के आदेशानुसार विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति (का पुनर्गठन किया गया। जिसमे पर्यवेक्षक के रूप में विद्यालय के प्रधानाध्यापक बलिराम यादव के स्वयं उपस्थिति में बैठक की गई। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए अरविंद कुमार यादव का चयन किया गया तथा संयोजिका पद के लिए गीता देवी का चयन किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से सहायक अध्यापक अनिल कुमार पासवान, नरेश पासवान मुखिया, नरेश यादव, भारत मेहता, लखदेव यादव, रामराज यादव, रोहित यादव, रौशन कुमार,संध्या देवी कुशुम देवी उप मुखिया, संजय मेहता, कृष्णा प्रसाद, गणेश यादव, प्रमिला देवी, शुसिला देवी, चिंता देवी, कौशल्या देवी, दामोदर तिवारी, आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर सभी पंचायत में तिथि निर्धारित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर केतार प्रखंड के सभी सातों पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन को लेकर समय निर्धारित किया गया है। उक्त शिविर केतार पंचायत सचिवालय में 3 अगस्त 2024 को, बलीगढ़ पंचायत सचिवालय में 5 अगस्त 2024 को, मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में 6 अगस्त 2024 को, पचाडूमर पंचायत सचिवालय में 7 अगस्त 2024 को, लोहरगड़ा पंचायत सचिवालय में 8 अगस्त 2024 को,परसोडीह पंचायत सचिवालय में 9 अगस्त 2024 को वहीं परती कुशवानी पंचायत सचिवालय में 10 अगस्त 2024 को संपन्न होगा। विशेष शिविर में संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

## गरीबों व पिछड़ों के विकास के लिए निरंतर संघर्ष करूंगा : विधायक आलोक



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डाल्टनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक अलोक चौरीसिया ने हाल ही में क्षेत्र में तीन महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण की स्वीकृति दिलाई है। इन पुलों के निर्माण से क्षेत्र में व्यापक विकास और सुविधा में सुधार होगा। चैनपुर प्रखंड में तहले नदी पर 116.16 मीटर लंबा पुल बनेगा, जिसकी स्वीकृत राशि 500.15800 लाख रुपये है, जो ग्रामीण इलाकों में परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाएगा और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देगा।सतबरवा प्रखंड में गणपत चौधरी के घर के पास 67.08 मीटर लंबा पुल निर्माण होगा, जिसके लिए 336.46500 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे क्षेत्रीय सड़क नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा और लोगों का जीवन आसान होगा।मेदिनीनगर प्रखंड में मलय नदी पर 68.44 मीटर लंबा पुल बनाया जाएगा, जिसकी स्वीकृत राशि 346.05800 लाख रुपये है, जो दूरदराज गांवों की सड़क संपर्कता में सुधार लाएगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा।

## ऑफिस में बैठकर कागजों पर आंगनबाड़ी का निरीक्षण करती है प्रवेक्षिका : प्रमुख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** शाहपुर का सेमरटांड केंद्र 1 और शाहपुर केंद्र 2 का आंगनबाड़ी केंद्र का प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया। जिसमे उन्हें जांच के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला। सेविका निशिता प्रवीण मौके पर पहुंची। कहा कि मेरा तबियत खराब है। जिसके कारण हम केंद्र नही खोल पाए है। इस पर प्रमुख ने पूछा की आप इस बारे में किसी भी अधिकारी को जानकारी दिए है या छूटी लिए है तो उसने कहा कि किसी को जानकारी नहीं दिए है और छूटी भी नही लिए हैं। वहीं शाहपुर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 5 का निरीक्षण किया तो मौके पर सेविका स्वेता कुमारी और सहायिका बच्चें को शिक्षा देने के बजाए भगवान भरोसे उनको केंद्र पर बैठा दिया है। और दोनों लोग केंद्र पर कपड़ा खरीदारी करने में लगीं हुई थीं। बच्चें को शिक्षा मिलेगा की नहीं इसका परवाह उन लोगो को नहीं था। आंगनबाड़ी केंद्र कल्याणपुर का जांच किया तो जांच के दौरान सेविका सुधा देवी केंद्र पर समय 10 बजे केंद्र से नदारद मिली। जब केंद्र पर पहुंचे तो देखने को मिला की सहायिका के भरोसे केंद्र चालू मिला। लेकिन सहायिका मैमन निशा द्वारा खुद पानी लाने के बजाए दूधमुंहे बच्चों से चापानल से पानी का धुलाई कराया जा रहा था। शाहपुर सेमरटांड आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 2 का निरीक्षण किया तो सेविका वृंदा देवी व सहायिका सरस्वती देवी समय 10:30 बजे केंद्र का साफ सफाई करने में लगीं हुई थीं। केंद्र पर एक भी बच्चा मौजूद नहीं था। जिसपर प्रमुख गायत्री देवी ने सेविका से पूछताछ किया तो पूछताछ के क्रम में सेविका वृंदा देवी ने कहा कि सहायिका समय से केंद्र पर नहीं आती है जिसके कारण समय से केंद्र नही खोल पाते हैं। इस संदर्भ में प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी जांच के दौरान लचर स्थिति में मिला। आंगनबाड़ी केंद्रों का सेविका सरकार की पैसा को केवल हज़म करने में लगीं हैं। ढंग से केंद्र सेविका द्वारा नहीं चलाया जा रहा है। प्रवेक्षिका आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण नहीं करती है ऑफिस में बैठकर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण का कागजों पर खानापूर्ति कर लेती हैं।

## उपायुक्त ने जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की गयी। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक मेंमुख्य रूप से मनरेगा अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों की संख्या, मजदूरों की बकाया राशि, अबुआ आवास, डोभा, आधार वेरिफिकेशन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, बिरसा हरित ग्राम योजना, कुंआ निर्माण की प्रगति, प्रधानमंत्री पशुधन विकास योजना, जल समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सोख्ता गड्ढा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, प्लेग्राउण्ड, 15 वें वित्त संबंधी योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, आंगनबाड़ी केन्द्र, बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर आवास, अबुआ आवास, सामाजिक सुरक्षा अन्तर्गत पेंशन योजना अन्तर्गत सभी योजनाएं समेत अन्य की समीक्षा की गयी। इसके अतिरिक्त भवन निर्माण विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ प्रमंडल, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, गव्य विकास समेत अन्य विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में डीसी ने सभी पदाधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर सभी कार्यो के निष्पादन में तेज़ी लाने की बात कही।


### कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा

Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई-निविदा (अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)**

निविदा संख्या – 04/2024–25 दिनांक 27.07.2024

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लोहरदगा | ब्राहम्णडीहा बडका टोली में कपिल मिश्रा के घर से श्रीवास्तव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 600000.00 | 1250.00 | 12000.00 | 03 (तीन माह) |
| 2 | भण्डरा | प्रखण्ड मुख्यालय खाद्य आपुर्ति गोदाम से मुख्य गेट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 976700.00 | 1250.00 | 19600.00 | 03 (तीन माह) |
| 3 | कैरो | सहजान के घर से अमरेन्द्रा पाठक के घर तक पक्की नाली निर्माण | 365900.00 | 750.00 | 7400.00 | 03 (तीन माह) |
| 4 | कैरो | पुजार टोली आखडा से पुजार टोली मसना तक पक्की नाली निर्माण | 542000.00 | 1250.00 | 10900.00 | 03 (तीन माह) |
| 5 | पेशरार | ग्राम बरियातु में इसराफिल अंसारी के घर से समसेर अंसारी के घर होते हुए फकरूद्दीन अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 356900.00 | 750.00 | 7200.00 | 03 (तीन माह) |
| 6 | कुडू | ग्राम तान में छठ तालाब से लेकर तान चौक पुल तक नाली निर्माण | 549400.00 | 1250.00 | 11000.00 | 03 (तीन माह) |
| 7 | कुडू | ग्राम राहे में सुबोध के घर से बिरेन्द्र के घर तक पक्की नाली निर्माण | 564000.00 | 1250.00 | 11300.00 | 03 (तीन माह) |
| 8 | कुडू | ग्राम कौवाखाप में अखडा से बॉध तक पक्की नाली निर्माण | 952600.00 | 1250.00 | 19100.00 | 03 (तीन माह) |
| 9 | कुडू | ग्राम पण्डरा में नदी के पास छठ घाट निर्माण | 566300.00 | 1250.00 | 11400.00 | 03 (तीन माह) |
| 10 | कुडू | ग्राम माराडीह में छठ घाट निर्माण | 566300.00 | 1250.00 | 11400.00 | 03 (तीन माह) |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.08.2024
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 14.08.2024 / 01:00 बजे अपराह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 16.08.2024 / 01:00 बजे अपराह्न में
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 331211 Lohardaga (24-25)_D

## संक्षिप्त खबरें

### ई रिक्शा चालकों ने निगम का किया घेराव

**रांची :** ई रिक्शा चालकों को परेशान किए जाने के विरोध में रांची नगर निगम का घेराव ई रिक्शा चालको एवं ओनर के द्वारा किया गया। ई रिक्शा चालकों की सिटी पास यात्री पड़ाव एवं अस्थाई स्टैंड के संबंध में कहना है कि रांची जिला में चारों ओर परिचालन करने वाले ई-रिक्शा चालकों को सिटी पास अस्थाई स्टैंड एवं यात्री पड़ाव नहीं रहने के कारण रांची शहर में परिचालन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के दिन प्रतिदिन समस्या उत्पन्न हो रही है। इन समस्याओं का निदान निकलने को कहा गया है। उत्तम यादव केंद्रीय अध्यक्ष , राष्ट्रीय युवा शक्ति, दिनेश सोनी अध्यक्ष रांची जिला ई रिक्शा चालक यूनियन ,भोला सिंह रांची महानगर अध्यक्षता , आशीष प्रियदर्शी , संतोष कुमार, गुड्डू अग्रवाल, शैलेश नंदन तिवारी थे।

### याशिका ए यूनिट ऑफ ब्राइड एन ब्राइड स्टूडियो का हुआ उद्घाटन

**रांची।** ब्यूटी पार्लर और ब्राइडल का बाजार पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। गांवों से लेकर शहरों तक ब्यूटी पार्लर खुलने लगे हैं। शादी हो या कोई और उत्सव हर मौके पर महिलाएं ब्यूटी पार्लर पहुंच रही हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए आकाश सिंह ने रांची के हटिया में याशिका ए यूनिट ऑफ ब्राइड एन ब्राइड स्टूडियो रांची में खोला है। इस स्टूडियो का उद्घघाटन समाजसेवी मुनचुन राय और ब्यूटी आइकन एंजेल मेरिना तिर्की ने किया। मुनचुन राय और एंजेल मेरिना तिर्की ने आकाश को इस स्टूडियो के लिये शुभकामनाएं दी। कहा कि यह फैशन के दौर में फ्यूजन है। यहां आपको सभी सुविधाएं एक साथ मिलती है।

# जनसांख्यिकी, घुसपैठ से लेकर ट्रेन दुर्घटना तक हर मुद्दे पर विस में हुआ हंगामा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे भी सदन में हंगामा होता रहा। हंगामे पर स्थगित सदन की कार्यवाही लंच के बाद दोबारा शुरू हुई। विपक्ष के विधायकों ने रोजगार, बांग्लादेशी घुसपैठ, बदलती डेमोग्राफी जैसे मुद्दों पर सदन में नारेबाजी की। सदन में चक्रधरपुर रेल मंडल में हावड़ा मुंबई रेल का सुबह हुए रेल हादसे का मसला भी विधानसभा में उठा। पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि देश में रेल हादसे लगातार हो रहे हैं। यह पूरी तरह से भारत सरकार की विफलता है। प्रदीप यादव और सुदिव्य कुमार सोनू ने सीएम हेमंत सोरेन की जमानत को चैलेंज करते हुए ईडी की सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को खारिज किए जाने पर कहा कि इससे साफ दिखता है कि यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित थी।



भाजपा ने जानबूझ कर सीएम को जेल भेजा था।


**मुख्यमंत्री को जमानत मिली है :** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिली है, वे बरी नहीं हुए हैं। विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही साढ़े 12 बजे तक रद्द की गई थी। बता दें कि दूसरे दिन सदन में पेश किए गए 4833.39 करोड़ रुपए के अनुपूरक बजट पर आज चर्चा होनी है। भाजपा विधायक नीलकंड सिंह मुंडा ने कहा कि स्कूलों में किताबें नहीं पहुंच पाई हैं। जिसका जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि आचार संहिता की वजह से सौ फीसदी वितरण नहीं हो पाया था। अगले एक सप्ताह में इसे पूरा कर लिया जाएगा। इस पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने शिक्षा परियोजना निदेशक की चिट्ठी का हवाला देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से दायित्व निर्वहन में कोताही का मामला है।

**अनंत ओझा ने कहा कि :** विधायक अनंत ओझा ने कहा कि हमारी उम्मीद होती है कि सदन में जनता की समस्या का समाधान मिले। पर ऐसा होता नहीं है। सरकार झूठे वादे, झूठे नारे दे कर राज्य के नौजवानों को ठगने का काम किया है। पांच लाख रोजगार देने, रोजगार नहीं देने पर बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही, पर ऐसा हुआ नहीं। राज्य के युवाओं के भीतर बाहरी-भीतरी की भावना भर रहे हैं। अभी जो नियुक्तियां हो रही हैं, उनका क्या हश्र हो रहा है। राज्य के छात्र इससे मर्माहत हैं।

# हेमंत सोरेन के 5 महीने कहां से लौटाकर देंगे झारखंड की जनता चुनाव में देगी जवाबः कल्पना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मंगलवार को गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के विधानसभा में अपने पहले संबोधन के दौरान भाजपा के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। विधानसभा अध्यक्ष के बार बार टोकने के बाद भी भाजपा के विधायक हंगामा करते रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पहली बार वो सदन में बोल रहे है उनका मनोबल बढ़ाने के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को उनकी बातों को सुनना चाहिए, मनोबल बढ़ाना चाहिए। कल्पना सोरेन ने कहा कि कल मुझे एक पत्रकार ने पूछा कि मैडम बधाई हो हाईकोर्ट ने जो फैसला दिया था सुप्रीम कोर्ट ने उसपर मुहर लगा दी है तो मैने उन्हे कहा कि सत्य की तो जीत हुई है, लेकिन मेरा सवाल ये रहेगा कि हेमंत जी के पांच महीने कौन लौटाकर देगा? 2019 में जनादेश मिलने के बाद से ही विपक्ष के साथी लोगों और उनके सफेद चादर ओढ़े संवैधानिक संस्थानों ने सरकार गिराने का काम किया है,झारखंड के लोगों ने जैसे लोकसभा में जवाब दिया है



विधानसभा में भी करारा जवाब देंगे।गुमला में कनक ज्वेलरी शॉप के मालिक को ज्वेलरीशॉप में घुसकर अपराधियों ने दिनदहाड़े मारी गोली इसके बाद कल्पना सोरेन ने हंगामें के बीच बोलना शुरू कि और कहा कि इस शोर शराबे में सबसे पहले ये कहना चाहूंगी कि गांडेय विधानसभा और सहयोगी दलों के साथियों को धन्यवाद देना चाहूंगी। अनुपूरक बजट पर मै बोलने के लिए खड़ी हुई हूं। 31 जनवरी को ईडी ने गिरफ्तार किया इसलिए उन्होने इस्तीफा दे दिया था। हमारे आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल में डालने का काम किया था जिनके नाम पर बहुमत मिला था, जो राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री है। हमारे नेता हेमंत सोरेन जी ने कहा था कि अगली बार आउंगा तो और ताकतवर होकर आउंगा और आज हमारे बीच वो बैठे हुए है।बीजेपी पर निशाना साधते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि यहां हम काम पर वोट मांगते है, हेमंत जी की सरकार अपने काम के नाम पर वोट मांगेंगे और बीजेपी के सदस्य झूठ के नाम पर वोट मांगेंगे। जब मणिपुर में आदिवासी पर अत्याचार हो रहा था, जब मध्य प्रदेश में आदिवासी भाई पर अत्याचार हो रहा था तो केंद्र की सरकार कहां थी। कल सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद हमें पत्रकारों ने पूछा कि आपको बधाई हो, तो मैने उनसे कहा कि हेमंत जी को जो जेल में रखा था वो पांच महीने कहां से लौटा पाऐंगे। क्या आप झारखंड के जनकल्याण योजना के खिलाफ है, क्या आप मैया कल्याण योजना के खिलाफ है मैं अपने विपक्ष के साथियों से ये पूछना चाहूंगा। महंगाई का स्तर इतना बढ़ गया है एक महिला अपने बच्चे का पालन पोषण कैसे करेगी ये विपक्ष के लोग बताएं।

## एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को राँची जिला इंटर कैरम टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता जिला कैरम एसोसिएशन, राँची कैरम अकादमी के नेतृत्व में स्कूली छात्रों के बीच फोकस, सटीकता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए कराई गई। जिसमें प्रमुख रूप से कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रातू,कैंब्रियन पब्लिक स्कूल बिजुपाड़ा, जवाहर विद्या मंदिर श्यामली ,क्लोनी कान्वेंट स्कूल, एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल, केराली स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में केराली स्कूल के प्राचार्य राजेश पिल्लई,जिला कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष आतिश कुमार सिंह,सचिव अशोक कुमार डे,स्कूल के सचिव अनुज हेंब्रम,निर्देशक कुणाल कश्यप और प्राचार्य शादान आलम उपस्थित हुए।

# राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा के दावे झूठे : तनवीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** समाजसेवी तनवीर अहमद ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा द्वारा 30 जुलाई के हिंदुस्तान हिंदी अख़बार में दिए गए बयान में कहा गया है कि सांथल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों द्वारा आदिवासी लड़कियों से शादी कर उनकी जमीन हड़पने के आरोप लगाए गए हैं। यह बयान न केवल तथ्यों से परे है, बल्कि सांथल परगना क्षेत्र में चल रही वास्तविकता को भी नजरअंदाज करता है।

हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि झारखंड में बांग्लादेशी लोगों की घुसपैठ का मुद्दा बिल्कुल गलत है।

> **हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि झारखंड में बांग्लादेशी लोगों की घुसपैठ का मुद्दा बिल्कुल गलत है। हकीकत यह है कि पिछले 70 वर्षों से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी हिंदू नागरिक भारत में घुसपैठ कर रहे हैं।**

हकीकत यह है कि पिछले 70 वर्षों से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी हिंदू नागरिक भारत में घुसपैठ कर रहे हैं। विशेष रूप से नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) कानून के बारे में देश में चर्चा शुरू होने के बाद से बांग्लादेशी हिंदू घुसपैठियों की संख्या में वृद्धि हुई है। झारखंड, असम और बंगाल में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी हिंदू बसे हुए हैं। आशा लकड़ा को शायद यह जानकारी नहीं है कि सांथाल परगना क्षेत्र में हज़ारों बांग्लादेशी हिंदू, हिंदू संगठनों के साथ मिलकर, आदिवासी महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर उनसे शादी कर रहे हैं और उनकी जमीनों को हड़प रहे हैं।

## अधिसूचित क्षेत्र ग्राम सभा को मिले बालू खनन का अधिकार : तिर्की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखण्ड के अधिसूचित क्षेत्र ग्राम सभा को बालू खनन का अधिकार देने की मांग की है। विधानसभा की बैठक में शून्यकाल के दौरान तिर्की ने कहा कि प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के पास बालू खनन के संदर्भ में अधिकार न होने के कारण इसका नकारात्मक प्रभाव न केवल अधिसूचित क्षेत्र में पी-पेसा द्वारा प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों एवं प्रावधानों पर पड़ रहा है बल्कि इससे ग्राम सभा भी कमजोर पड़ रही है। तिर्की ने अधिसूचित क्षेत्र में बालू खनन के लिये एक मॉनिटरिंग निकाय का गठन करने और उसी के तहत उसी की देखरेख में सरकार की नीति के अनुरूप ग्राम सभा को अपने क्षेत्र में बालू खनन का अधिकार देने की मांग की और कहा कि यह झारखण्ड के व्यापक हित में है।

# कांग्रेस कार्यकर्ता ने मंत्री इरफान से 12 ग्रामीण पथों एवं पुलों के निर्माण की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से झारखंड मंत्रालय में मिलकर सिल्ली विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सिल्ली, सोनाहातु एवं राहे प्रखण्ड के कुल 12 ग्रामीण पथों एवं पुलों के निर्माण की मांग की।

जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने विभागीय मंत्री को अवगत कराया कि पिछले दिनों जिला कमिटी द्वारा तीनों प्रखण्डों में जन सहायता शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें इन जर्जर पथों एवं पुलों के निर्माण कराने का लिखित आग्रह स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा किया गया था। इनके निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से निजात मिलेगा।

जिलाध्यक्ष डॉ महतो की मांग को गम्भीरता से लेते हुए माननीय मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को सरकार गम्भीरता से लेगी और इन ग्रामीण पथों एवं पुलों के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर करायेगी। माननीय मंत्री ने विभाग के सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि इन पथों एवं पुलों के निर्माण हेतु यथाशीघ्र डीपीआर बनाया जाए। जल्द ही, स्थानीय ग्रामीणों की मांग पूरी होगी। जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने माननीय मंत्री का इस हेतु आभार जताया।

## सीएम हेमंत सोरेन ने अजमेर शरीफ भेजी जाने वाली चादर-ए-मुबारक का अनावरण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में रूहानी मर्कज के अध्यक्ष-सह-पूर्व विधायक हसन रिजवी ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया की रूहानी मर्कज (आध्यात्मिक केंद्र) जमशेदपुर की ओर से आगामी 11 अगस्त 2024 को राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए दरगाह अजमेर शरीफ में चादरपोशी और दुआएं-ए-खास का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अजमेर शरीफ भेजी जाने वाली चादर-ए-मुबारक का अनावरण किया। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने



अजमेर शरीफ की टोपी तथा साफा पहनकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी, शोहदा-ए-कर्बला के महासचिव अब्बास अंसारी, झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता गुलरेज अख्तर सहित अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड पुलिस व पुलिस मेंस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन एवं झारखण्ड पुलिस मेन्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विधानसभा मुख्यमंत्री कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात किया । उक्त मुलाकात में झारखण्ड राज्य के पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को वर्दी भत्ता / राशन भत्ता / वाहन भत्ता एवं अन्य भत्तों को केन्द्रीय सरकार एवं पड़ोसी राज्य बिहार सरकार के तर्ज पर पुनरीक्षित दर से लागू करने हेतु अनुरोध किया गया। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा सभी भत्तो को पुनरीक्षित दर करने का आश्वासन दिया गया। से शीघ्र लागू उक्त शिष्टाचार मुलाकात में झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष अरविन्द प्रसाद यादव, महामंत्री मो0 महताब आलम, संगठन सचिव अंजनी कुमार एवं झारखण्ड पुलिस मेंन्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कर्ण कुमार, महामंत्री रमेश उराँव आदि शामिल हुए।

## रेल दुर्घटना के पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा बन्ना गुप्ता

**रांची।** प्रधानमंत्री रेल दुर्घटना रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं, रेलमंत्रालय ने एडवांस डिवाइस लाने का दावा किया ताकि रेल दुर्घटनाओं में कमी हो लेकिन ऐसा हो नहीं रहा हैं,हादसे में मृत व्यक्तियों के परिजनों को 2-2 लाख एवं गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार का मुआवजा राज्य सरकार की तरफ से दिया जायेगा। उक्त बातें स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति बन्ना गुप्ता ने कही। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देश पर रेल दुर्घटना स्थल पर पीड़ित लोगों से मिलने पहुंचे थे। मौके पर मंत्री दीपक बिरुआ, विधायक दशरथ गगराई भी मौजूद रहे।

# सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने स्वचालित डीजल डिस्पेंसिंग यूनिट का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पिपरवार में अशोका परियोजना की आरएफआईडी आधारित स्वचालित डीजल डिस्पेंसिंग यूनिट (डीडीयू) का उद्घाटन आज सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने किया। अशोका डीडीयू स्वचालन लागू करने वाली पहली परियोजना है।

उद्घाटन समारोह में महाप्रबंधक (सीसीएमसी), महाप्रबंधक (उत्खनन) और पिपरवार के क्षेत्रीय महाप्रबंधक भी मौजूद थे।अपने



संबोधन के दौरान, सीवीओ श्री कुमार ने प्रौद्योगिकी और पारदर्शिता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 63 डीडीयू में से 59 पहले ही डिजिटल हो चुके हैं, और उनका स्वचालन जल्द ही पूरा हो जाएगा। उन्होंने 93 प्रतिशत कोयला ग्रेड हासिल करने के लिए सीसीएल प्रबंधन को बधाई भी दी।पिपरवार क्षेत्र के अपने दौरे में, श्री पंकज कुमार ने अशोका ओपन कास्ट परियोजना, कायाकल्प वाटिका का दौरा किया और एक वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने नव विकसित सौर संयंत्र का भी दौरा किया।

# झामुमो ने निशिकांत दुबे के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे का संसद भवन में दिए गए बयान के बाद झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची ग्रामीण जिला के अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में आक्रोश प्रदर्शन किया गया । निशिकांत दुबे के खिलाफ जमकर विरोध किया गया। मौके पर ग्रामीण अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि सांसद शशिकांत दुबे किस तरह से आदिवासी और कुछ पार्टी अल्पसंख्यकों पर झूठा आरोप लगा रहे हैं, जिससे समाज में द्वेष फैला रहा है। झारखंड को तोड़ने का काम ना करें। झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा मुद्दाविहीन हो गया है। इसके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है , लोकसभा में अपनी करारी शिकायत देख चुकी है । 5 सीटों पर इंडियन गठबंधन में अपना कब्जा जमा लिया है । आदिवासियों के सभी सीटों पर इंडियन गठबंधन का कब्जा है। झारखंड में नफरत फैलाने का काम बीजेपी न करें, जिसमें सफल नहीं होगी। मुख्यमंत्री हेमंत




सोरेन को भी जेल भेजने का काम किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट का करारा तमाचा लगा है। आज हमारे नेता हमारे बीच में है। जनता के बीच में हैं, हम सब झारखंड राज्य के विकास की ओर आगे बढ़ रहे हैं, इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के महादेव मुंडा, मंटू लाला, जीत गुप्ता, महिला मोर्चा रांची जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, सालो देवी, मंजू महतो, राखी देवी, सचिव शांति तिर्की, संगठन सचिव नुसरत परवीन, महिला मोर्चा रांची महानगर संगठन सचिव, राधा हेंब्रम, लीना वर्मा, सुनीता तिर्की, संयुक्त सचिव सीमा लकड़ा, अनिमा केरकेट्टा, अल्पसंख्यक मोर्चा रांची जिला उपाध्यक्ष परवेज आलम, समीम मंसूरी, सचिव सुजीत कुजूर, कोषाध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, युवा मोर्चा जिला सचिव सोनू मुंडा, उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, अशोक मुंडा, गोपाल पांडेय, किसान मोर्चा जिला सचिव सज्जाद अंसारी, उपाध्यक्ष दानियेल एक्का, छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव मो इरफान, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, अल्ताफ राजा, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा, इरफान, अमन ठाकुर, कासिफ रजा, गुलअफ्शा सानी, सुनीता देवी, सोनी देवी, मांडर प्रखंड अध्यक्ष रौशन एनामुल तिग्गा, इटकी प्रखंड अध्यक्ष वसीम इकबाल, नामकुम प्रखंड सचिव मोजाहिद हुसैन, बुंडू प्रखंड अध्यक्ष कोलेश्वर मुंडा, अनगढा प्रखंड सचिव अमानुल्ला अंसारी, परवेज़ अख्तर, हसनैन मोजिबी, टीपू खान, सोनू, पप्पू भाई, मुजाहिद, प्रिंस खान, विक्की करमाली शामिल थे।

## मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती के मौके पर नाटक पंच परमेश्वर का मंचन आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद के 144वें जन्मदिवस के अवसर पर कडरू स्थित झारखंड फिल्म और थिएटर एकेडमी के स्टूडियो थिएटर के मंच पर बुधवार की शाम 6 बजे साहित्य चर्चा सह नाट्य मंचन का आयोजन किया गया है।

इस दौरान जेएफटीए के कलाकारों के द्वारा प्रेमचंद की अन्य प्रमुख कहानियों में से एक पंच परमेश्वर का नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया जाएगा, इसके साथ साथ साहित्य चर्चा हेतू वरिष्ठ रंगकर्मी तथा नाटककार अनिकेत भारद्वाज के द्वारा युवाओं के लिए साहित्य के महत्व पर चर्चा भी की जाएगी। साहित्य चर्चा में हिस्सा लेने वाले अन्य कलाकारों में शामिल होंगे प्रिंस राजपूत, सोमकांत और अमित कुमार राज नाटक में अभिनय करने वाले कलाकारों में शामिल है अंशु अग्रवाल, चंदन कुमार, निशा सिंह, सौरव मंडल , निकेश तिग्गा, मुस्कान मेधा, रोशन अग्रवाल, नीतीश कुमार गुप्ता, प्रशांत ऋषभ, सोनू रुद्रा और मुकेश प्रमाणिक।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, बुधवार, 31 जुलाई 2024 | पेज 4


## अशोक परियोजना मे डीजल वितरण ईकाई व आरएफआईडी सिस्टम का हुआ उद्घाटन

# नई तकनीक के साथ निरतंर आगे बढ़ने का करे प्रयास : सीवीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना मे मंगलवार को डीजल वितरण इकाई एंव आरएफआईडी सिस्टम का उदघाटन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएल के मुख्य सतर्कता पदाधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार और विशिष्ट अतिथि मे सीसीएल हेडक्वार्टर के जीएम सीसीएमसी अनुज कपूर, एनके झा,जीएम एक्सावेशन सुबोध कुमार,अजय कुमार, सशांक शरण,डिप्टी मैनेजर पर्सनल विश्वास वत,चीफ मैनेजर आईओसीएल सत्येन्द्र राम सहित कई गणमान्य लोग मोजुद थे।कार्यक्रम मे सभी अतिथियों का स्वागत पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने फूलों का गुलदस्ता देकर किया।जिसके बाद अतिथियो ने सामुहिक रूप से फीता काटकर,शीला पट्ट से पर्दा हटाकर और नारियल फोड़कर डीजल वितरण ईकाई एंव आरएफआईडी सिस्टम का उदघाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सतर्कता पदाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए कई तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।बेहतर और नई तकनीक के लिए निरतंर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अशोक परियोजना मे डीजल वितरण ईकाई एंव आरएफआईडी सिस्टम के चालु होने के बाद अब कार्यालय से ही मशीनों में डीजल की मात्रा मापी जा सकती है।उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह सिस्टम सीसीएल के सभी क्षेत्रों में लागू किया जाएगा।पिपरवार क्षेत्र के जीएम संजीव कुमार ने कहा कि सीसीएल पिपरवार एरिया कोयला उत्पादन के साथ-साथ नई तकनीकी मे भी आगे रहता है।उन्होंने इसका पूरा श्रेय सीसीएल के वरीय अधिकारियों और परियोजना के मेहनतकश मजदूर एवं लग्नशील अधिकारियों को दिया है। इस मौके पर पिपरवार जीएम संजीव कुमार,पीओ संजय कुमार,एसओ एक्स जेएसपी शर्मा,एसओसी बिपिन कुमार, एसओपी नागेश गोपालन, एएसओ अरूण महतों, एसओ सेफ्टी मुकेश तोषाण, संजय कुमार, आरएन गौतम, डीपी राय, सुभोजित हलदर, एसके सिंह,शिशिर गर्ग, मिथिलेश कुमार,शंभु शरण, हेमचन्द महतो,नागेन्द्र राम के अलावे श्रमिक प्रतिनिधियो मे रविन्द्रनाथ सिंह,एसके चौधरी, भीम प्रसाद मेहता, अरविन्द शर्मा, गुरूदयाल सिंह,संजय सिंह, केके चर्तुवेदी,मोहम्मद जैनुल, एसडी राम,बिजेद्र सिंह, समशुल होदा, शिवलाल महतो,धनेश्वर गंझु, गांधीराम साहु,मोहम्मद रहमतुल्लाह, दिलिप महतों सहित कई लोग मौजुद थे।कार्यक्रम का संचालन कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग और धन्यवाद ज्ञापन परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने किया।

### अशोका खदान का निरीक्षण व किया वृक्षारोपण

सीसीएल के मुख्य सतर्कता पदाधिकारी पंकज कुमार ने विभागीय अधिकारियों के साथ सीसीएल पिपरवार एरिया का दौरा किया।इस दौरान बचरा संगम विहार पहुंचने पर पिपरवार के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने बुके देकर सीवीओ सहित टीम के सभी सदस्यों का स्वागत किया।जिसके बाद सीवीओ पंकज कुमार ने अधिकारियों के साथ अशोक परियोजना कोयला खदान का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान खदान क्षेत्र में कोयला उत्पादन सहित कई बातो की जानकारी ली।इस दौरान अशोक परियोजना कार्यालय के समीप सीवीओ पंकज कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया।इस दौरान पिपरवार महाप्रबंधक संजीव कुमार और अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने पिपरवार क्षेत्र में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा किए जा रहे हैं वृक्षारोपण सहित अन्य बातों की जानकारी दी।

# सर्पदंश रोगी से मिलने हॉस्पिटल पहुंचे डॉ परमेश्वर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम बदरी निवासी मुकेश यादव एवं पोड़ाटोली निवासी पंचदेव उरांव को बीते दिन खेत में कार्य करने के दौरान एक जहरीली सांप ने कांट लिया था। घटना की खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत रोगी से मिलने मिशन हॉस्पिटल मांडर पहुंचे। डॉ भगत ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया एवं हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया।

# कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण कर स्वावलंबी बने छात्र



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजेश शर्मा जन शिक्षण संस्थान विकास भारती के तत्वाधान में 40 छात्र छात्राओं के बीच मुरहू के शयोर सक्सेस कोचिंग सेंटर मे कंप्यूटर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच निशुल्क पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जन शिक्षण संस्थान विकास भारती के प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी नारायण प्लस टू विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह एवं जेएसएसभीबी के एपीओ शशि प्रकाश मौजूद थे। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने सभी अतिथियों का स्वागत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे भेंट कर किया। प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर ज्ञान हासिल कर स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी। प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर के बिना ज्ञान अधूरा है इसलिए विद्यार्थी मन लगाकर कंप्यूटर साक्षर बनें और अपने आत्मविश्वास को बढ़ाएं। एपीओ शशि प्रकाश ने जन शिक्षण संस्थान के द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न पाठ्यक्रमों को विद्यार्थियों के बीच साझा किया। निदेशक सकलदीप भगत ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के सुदूर गरीब छात्र-छात्राओं को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण देने में जन शिक्षण संस्थान विकास भारती का सहयोग सराहनीय है यह जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन कशिश कुमारी ने किया मौके पर शिक्षिका सावित्री ,रिया के साथ-साथ सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

# कोयलांचल के राय हाई स्कूल में विद्यालय प्रबंध समिति का हुआ गठन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय में विद्यालय प्रबंध समिति के गठन को लेकर एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।पूर्व अध्यक्ष दीपक कुमार महतो की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चों के अभिभावक शामिल हुए। इस बैठक के दौरान विद्यालय के विकास,बच्चों के बेहतर शिक्षा सहित विद्यालय से जुड़ी कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।जिसके बाद सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंध समिति का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो,उपाध्यक्ष रम्भा देवी,सदस्य विजय कुमार,संतोष प्रजापति,मुमताज अंसारी, राजेंद्र महतो,शांति देवी, नरगिस प्रवीण,हिना खातुन, रीना देवी,फलीनदर महतो, पुतुल देवी,शिक्षक नेसार अहमद,अनुप कुमार सिंह,राम सुन्दर सिंह,संजय दास को बनाया गया।वही पुजा कुमारी को बाल सांसद का सदस्य बनाया गया।बैठक मे पर्यवेक्षक के रूप मे मनोज कुमार मिश्रा मौजूद थे।इस बैठक में मुख्य रूप से उप प्रमुख सुमन देवी,पूर्व अध्यक्ष राम कुमार भुईया,दीपक कुमार महतो,विकेश कुमार राम,विद्या केरकेट्टा,शांति लकड़ा,रागिनी प्रिया,सुमन प्रसाद,कपिल कुमार सहित स्कूल के सभी शिक्षक और काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## पिपरवार के बचरा में कांग्रेस पार्टी के द्वारा मिलन समारोह का हुआ आयोजन

# विभिन्न दलों के कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी का थामा दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में कांग्रेस पार्टी के द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने किया।कार्यक्रम में आजसू पार्टी बचरा के पंचायत अध्यक्ष किशनदेव सिंह ने आजसु छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इसके साथ ही विभिन्न दलों के कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकित राज ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में पुनः महागठबंधन की सरकार बनेगी।राज्य की जनता इंडिया गठबंधन के साथ है।पार्टी के द्वारा बूथ स्तर पर कमेटी विस्तार कर पार्टी को मजबूत किया जा रहा है।विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पिपरवार क्षेत्र के सभी पंचायत में सर्वागीण विकास हुआ है।हर टोला मोहल्ले तक विकास की किरण पहुंची है। विधायक अंबा प्रसाद का सहयोग हर जाति समुदाय एवं समाज को मिलते आ रहा है,जिसके कारण क्षेत्र का समुचित विकास हुआ है।प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद के दृढ़ निश्चय के कारण बचरा को नगर पंचायत में पुनः विघटित करने का कार्य किया गया, लोगों को नगर निगम टैक्स से छुटकारा दिलाने का कार्य विधायक ने किया है और हर समस्या को लेकर विधायक मुखर है।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव,राजेंद्र गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, रामचन्द्र उरांव, उर्मिला देवी, अनिल सोनी, बैजू सिंह, किशन देव सिंह, हीरा राम, रामनंदन राम,सूरज कुमार, राजकुमार सोनी,हरजीत सिंह, इरफान अंसारी,अनिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, जीतू मेहता, मंगल सिंह, उमेश यादव,राशिद कादरी, संतोष यादव, सुभाष साव, बसंत गुप्ता, सुरेंद्र करमाली,तेजनाथ महतो, तौसीफ खान,राजेंद्र सिंह, मोहम्मद इरफान, वसीम अंसारी,निर्मल महतो, बालकु टाना भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

## 10 अगस्त से 30 दिवसीय ब्युटी पार्लर मेनेजमेंट प्रशिक्षण का होगा शुभारंभ

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10अगस्त से 30 दिवसीय ब्युटि पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण शुरू होने वाला है,ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार महिलाएं जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा प्रशिक्षण लेकर स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं वो संस्थान कार्यालय मे अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड सभी का फोटो कॉपी आदि दस्तावेज लगेगा । यह प्रशिक्षण पूर्णत निःशुल्क होगी ,प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना आदि निःशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान ड्रेस भी निःशुल्क मिलेगा। इसकी जानकारी रुडसेट संस्थान की ओर से दी गई है।

## अशोका को खान सुरक्षा पुरूस्कार मिलने पर इनमोसा ने दी बधाई

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना को खान सुरक्षा पुरुस्कार मिलने पर इनमोसा क्षेत्रीय समिति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।इनमोसा प्रतिनिधियो ने कहा कि परियोजना को पुरूस्कार मिलने पर परियोजना के अधिकारी और कर्मचारी गौरवांनित महशूश कर रहा है।परियोजना पदाधिकारी, खान प्रबंधक,सेफ्टी ऑफिसर और पुरी टीम के प्रयास से यह बेहतर परिणाम मिला है।बधाई देने वालो मे अनिल कुंवर,एसडी राम, इकबाल हुसैन,रूपलाल महतो,एसके सिंह,सुनील चौबे,एसके दुबे,सिद्धनाथ सिंह,मुजाहिद इमाम,रजी अहमद,मनोज सिंह,संजीव चंद्रा,निवास प्रसाद,उमेश उरांव,केपी चंद्रा,दीपक उरांव, केपी यादव,जोधन महतो सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

## बाहरी भागाओ स्थानीय माटी पुत्र को जनप्रतिनिधि बनाओ : डॉ. परमेश्वर भगत

**ईटकी :** प्रखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजसेवी सलीम अंसारी की अध्यक्षता में एक प्रखंड स्तरीय बैठक की गई जिसमे इटकी प्रखंड के सभी पंचायतों के ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने कहा की विगत 20 वर्षो से हमारे क्षेत्र में कोई अमूल चूल परिवर्तन देखने को नही मिल रहा है, स्थानीय विधायक के द्वारा हमारे क्षेत्र के लोगो को आश्वासन के अलावा कुछ नही मिला। ईटकी के लोगो ने एक सुर में कहा की इस बार बाहरी भगाना है और स्थानीय माटी पुत्र डॉ परमेश्वर भगत को आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे जोरो सोर से साथ देते हुए विजय बनाना है।


## कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–06/2024–25

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 06.08.2024 कार्यालय दिवस में 11.00 बजे पूर्वाहन से 1.00 बजे अपराहन तक।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय
निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 07.08.2024 को 1.00 बजे अपराहन तक।
निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक– 07.08.2024 को अपराहन 1.30 बजे।
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– सिंजो में रा0उत्क्रमित मध्य विद्यालय नदबेलवा में चाहरदिवारी निर्माण। | 18,75,400.00 | 38000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 2 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– जान्हों में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पननवाटांड़ में चाहरदिवारी निर्माण। | 17,17,800.00 | 34500.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 3 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– दुन्दु में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिचलीदाग में चाहरदिवारी निर्माण। | 15,80,800.00 | 32000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 4 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– दुन्दु में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खोटहा में चाहरदिवारी निर्माण। | 10,13,300.00 | 20500.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 5 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– रांकीकला में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुई में चाहरदिवारी निर्माण। | 14,37,800.00 | 29000.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 6 | प्रखंड–मनिका, पंचायत–जान्हों उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, पुरानी टोला पश्चिम में चाहरदिवारी निर्माण। | 22,72,600.00 | 45500.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 7 | प्रखंड–मनिका, पंचायत–बड़काडीह, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, असुरबांध में चाहरदिवारी निर्माण। | 9,99,200.00 | 20000.00 | 1,250.00 | 03 माह |
| 8 | प्रखंड–मनिका, पंचायत–पल्हेया, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बरवही में चाहरदिवारी निर्माण। | 17,93,100.00 | 36000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 9 | प्रखंड–मनिका, पंचायत–बन्दुआ, राजकीय मध्य विद्यालय, बरवाही में चाहरदिवारी निर्माण। | 24,02,400.00 | 48500.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 10 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– दुन्दु में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गिजनियाटांड़ में चाहरदिवारी निर्माण। | 10,33,200.00 | 21000.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 11 | प्रखंड– मनिका, पंचायत– दुन्दु में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, करमबोथवा में चाहरदिवारी निर्माण। | 10,33,200.00 | 21000.00 | 2,500.00 | 03 माह |
| 12 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–01 | 22,38,900.00 | 45000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 13 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–02 | 22,38,900.00 | 45000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 14 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–03 | 22,38,900.00 | 45000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 15 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–04 | 16,79,200.00 | 34000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 16 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–05 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 17 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–06 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 18 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–07 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 19 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–08 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 20 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–09 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 21 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–10 | 23,17,800.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 22 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–11 | 23,44,000.00 | 47000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 23 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–12 | 24,09,500.00 | 48500.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 24 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–13 | 24,74,900.00 | 50000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 25 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–14 | 24,09,500.00 | 48200.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 26 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–15 | 24,09,500.00 | 48200.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 27 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–16 | 24,09,500.00 | 48500.000 | 5,000.00 | 03 माह |
| 28 | प्रखंड–बालूमाथ, पंचायत–चेताग, ग्राम– हेमपुर में एन0एच0 22 मकईयाटाड़ पीच रोड़ से धुलाबेर बडनियाखाड़ (साईडिंग) तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–17 | 13,39,400.00 | 27000.00 | 2,500.00 | 03 माह |

1. चहारदिवारी कार्य हेतु ग्रामीण कार्य विभाग / भवन प्रमण्डल विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. पी0सी0सी0 पथ कार्य हेतु ग्रामीण कार्य विभाग / पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
3. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट (भारतीय स्टेट बैंक) के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
4. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
5. निविदा की अन्य शर्ते **https://latehar.nic.in** एवं कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

PR 331214 (Rural Development) 24-25 (D)



## पुलिस उप-महानिरीक्षक का कार्यालय पलामू क्षेत्र डालटनगंज

### अल्पकालिन निविदा सूचना वित्तीय वर्ष 2024–25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस उप–महानिरीक्षक का कार्यालय पलामू क्षेत्र, डालटनगंज में वितीय वर्ष 2024–25 में उपयोग होने वाले स्टेशनरी सामानों कार्यालय कार्य में उपयोग के लिए दर निर्धारण एवं क्रय करने हेतु जी0एस0टी0 निबंधित दुकानों/प्राधिकृत विक्रेताओं से सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

सभी इच्छुक निविदादाता दिनांक–01/08/2024 से प्रत्येक कार्य दिवस पर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक निविदा जमा कर सकते हैं। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 16/08/2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक होगी तथा दिनांक–20/08/2024 अपराह्न 04:00 बजे निविदाएं खोली जाएगी। निविदा खोले जाने के समय निविदादाता अपने आपूर्ति किये जाने वाले सामानों के नमूना के साथ अवश्य उपस्थित रहेंगे। निविदा देने के संबंध में किसी तरह की अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट्ट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिस निविदादाता की निविदा स्वीकृत हो जाएगी उसे निर्धारित समय अवधि पर सामानों की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। बिना किसी पूर्व सूचना दिये अथवा कारण दर्शाये उक्त निविदा को रद्द करने का या परिवर्तित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दैनिक उपयोग में लाये जाने वाले वस्तुओं (जैसे लेखन सामग्री, विद्युत सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्री) की आवश्यकता होती है, जिनकी आपूर्ति अल्प अवधि में करना होता है।

निविदा में दिये गये निम्नलिखित सामान प्रति अदद/पैकेट/मि0ली0/ईंच/सेट/गुच्छा/रिम/ बॉक्स इत्यादि के अनुसार होना चाहिए।

1. निविदा खोलने का स्थानः–पुलिस उप–महानिरीक्षक का कार्यालय, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः– 16/08/2024
3. निविदा का टेक्निकल वीड़ खोलने की तिथिः– 20/08/2024
4. निविदा कर्ता का Tax Pay Identification (TIN)/ GST होना अनिवार्य है।
5. Sales Tax Clearance प्रमाण–पत्र होना चाहिये। (विगत तीन माह पूर्व का कम से कम)
6. आयकर रिटर्न की प्रति (विगत तीन वित्तीय वर्ष का) होना चाहिये।

| क0सं0 | सामानो का नाम | प्रति पीस |
|---|---|---|
| 1 | हैंड सेनेटाइजर स्प्रे 500 ml | प्रति पीस |
| 2 | हैंड वास (पम्प ) 200 ml | प्रति पीस |
| 3 | टायलट ब्रस | प्रति पीस |
| 4 | फिनाईल ( काला व सफेद ) | प्रति ली0 |
| 5 | फिनाईल गोली | प्रति पैकेट |
| 6 | फुल झाडू | प्रति पीस |
| 7 | नारियल झाडू | प्रति पीस |
| 8 | हार्पिक | प्रति पीस |
| 9 | ओडोनिल | प्रति पीस |
| 10 | सर्फ एक्सल पाउडर | प्रति KG |
| 11 | हिट ( 625 ml) | प्रति पीस |
| 12 | रूम स्प्रै (गोदरेज) | प्रति पीस |
| 13 | कोलिन (500 ml) | प्रति ली0 |
| 14 | एसिड | प्रति बोतल |
| 15 | पोछा (कपडा लगा) | प्रति पीस |
| 16 | उजाला नील | प्रति पीस |
| 17 | पेसिंल बैटरी | प्रति पीस |
| 18 | पेन ( Trimax) | प्रति पीस |
| 19 | रिफिल ( Trimax) | प्रति पीस |
| 20 | पेन ( बटरफलो ) | प्रति पीस |
| 21 | रिफिल ( बटरफलो ) | प्रति पीस |
| 22 | कॉर्बन | प्रति पैकेट |
| 23 | टैग (रेशम ) | प्रति पीस |
| 24 | टेकुआ | प्रति पीस |
| 25 | स्टाम्प पैड ( इंक 700 ml ) | प्रति बोतल |
| 26 | करेक्सन इंक ( वाईटनर) | प्रति पीस |
| 27 | CD सोनी | प्रति पीस |
| 28 | पेपर पीन | प्रति डब्बा |
| 29 | स्केच पेन | प्रति पीस |
| 30 | हाईलाइटर | प्रति पीस |
| 31 | नोट बुक ( रिंग वाला छोटा ) | प्रति पीस |
| 32 | HP लेजर जेट कॉटिज 78A | प्रति पीस |
| 33 | HP लेजर जेट कॉटिज 88A | प्रति पीस |
| 34 | क्योसेरा टोनर (टास्क अल्फा 220 ) | प्रति पीस |
| 35 | Key बोर्ड ( TVS ) | प्रति पीस |
| 36 | माउस | प्रति पीस |
| 37 | फोटो स्टेट पेपर ( सेन्चुरी A4) | प्रति पीस |
| 38 | फोटो स्टेट पेपर ( सेन्चुरी FS A) | प्रति पीस |
| 39 | स्टेप्लर मशिन ( बडा HD45) | प्रति पिस |
| 40 | सेन्चुरी 75 GSM A4 | प्रति पैकेट |
| 41 | सेन्चुरी FS & 75 GSM | प्रति पैकेट |
| 42 | HP Leaserjet 1022N(12A) | प्रति पीस |
| 43 | स्टेप्लर मशिन ( छोटा ) | प्रति पीस |
| 44 | स्टेप्लर पीन ( बडा ) | प्रति पीस |
| 45 | स्टेप्लर पीन ( छोटा ) | प्रति पीस |
| 46 | नोटशीट पेपर | प्रति पीस |
| 47 | स्टांम्प पैड ( बडा ) | प्रति पीस |
| 48 | स्टांप पैड छोटा | प्रति पीस |
| 49 | पेंसिल ( नटराज) | प्रति पीस |
| 50 | रबर ( मिटाने वाले ) | प्रति पीस |
| 51 | कटर | प्रति पीस |
| 52 | पेपर वेट | प्रति पीस |
| 53 | फलैग | प्रति पीस |
| 54 | फलैट फाईल | प्रति पीस |
| 55 | निर्गत पंजी | प्रति पीस |
| 56 | उपस्थिति पंजी | प्रति पीस |
| 57 | कलकुलेटर ( बडा ) | प्रति पीस |
| 58 | कैश बुक | प्रति पीस |
| 59 | स्टॉक पंजी | प्रति पीस |
| 60 | कवर फाईल | प्रति पीस |
| 61 | मार्कर पेन | प्रति पीस |
| 62 | सेलो टेप | प्रति पीस |
| 63 | पंचींग मशिन | प्रति पीस |
| 64 | धागा (रजिस्टर सिलाई हेतू प्रति गोला) | प्रति गोला |
| 65 | सुई रजिस्टर सिलाई हेतू | प्रति पीस |
| 66 | रूलदार कागज (रजिस्टर बनाने वाला) | प्रति रीम |
| 67 | सादा कागज (रजिस्टर बनाने वाला) | प्रति रीम |
| 68 | ब्राउन पेपर (मोटा फलाई लिफ बनाने वाला 480 सिट का ) | प्रति रीम |
| 69 | ब्राउन पेपर (पतला फलाई लिफ बनाने वाला 480 सिट का ) | प्रति रीम |
| 70 | कार्ड बोड मोटा ( 144 सीट ) | प्रति ब्रुश |
| 71 | पेपर कटर ( चाकू स्टील) | प्रति पीस |
| 72 | कुट 32 नम्बर | प्रति बंडल |
| 73 | बांईडिंग कपडा 20 मिटर | प्रति थान |
| 74 | मॉबल पेपर | प्रति सीट |
| 75 | गोन्द 700 ml | प्रति बोतल |
| 76 | गोन्द 300 ml | प्रति बोतल |
| 77 | स्केल इंच( स्टील का 24 ) | प्रति पीस |
| 78 | स्केल इंच( स्टील का 12 ) | प्रति पीस |
| 79 | लॉह (सील वाला ) | प्रति पैकेट |
| 80 | डाटा केबल | प्रति पीस |
| 81 | UPS बैटरी | प्रति पीस |
| 82 | एक्टेंशन बोर्ड | प्रति पीस |
| 83 | स्टांप | प्रति पीस |
| 84 | Fevi Gum 200 ml/पीस | प्रति पीस |
| 85 | सेलो टेप (बड़ा) | प्रति पीस |
| 86 | सेलो टेप (छोटा) | प्रति पीस |
| 87 | 158A Cartridge | प्रति पीस |
| 88 | प्रींटेड फाईल | प्रति पीस |
| 89 | स्टीक फाईल | प्रति पीस |
| 90 | क्लियर बैग | प्रति पीस |
| 91 | सिगनेचर पैड | प्रति पीस |
| 92 | एलौटमेंट रजिस्टर | प्रति पीस |
| 93 | आगत पंजी | प्रति पीस |
| 94 | एल0ई0डी0 बल्ब 09 वाट | प्रति पीस |
| 95 | एल0ई0डी0 बल्ब 12 वाट | प्रति पीस |
| 96 | एल0ई0डी0 बल्ब 25 वाट | प्रति पीस |
| 97 | एल0ई0डी0 बल्ब 50 वाट | प्रति पीस |
| 98 | ट्यूब लाईट कम्पलिट सेट | प्रति पीस |
| 99 | एच0पी0 लेजर जेट 152ए कार्टिज | प्रति पीस |

PR.NO.331271 Police(24-25):D पुलिस उप–महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## नहीं रुक रहा ट्रेन दुर्घटनाओं का सिलसिला, संवेदनहीन हो गई है केंद्र सरकार : डॉ. अजय कुमार

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व सांसद सह वरीय कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार ने मंगलवार को सुबह चक्रधरपुर डिवीजन में हुए हावड़ा-मुंबई मेल ट्रेन हादसे में हताहत हुए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की. उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार संवेदनहीन हो गई है. यही कारण है की रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है. क्या केंद्र की संवदेनहीनता का कोई अंत नहीं होगा. डॉ. अजय ने कहा कि अश्वनी वैष्णव केंद्रीय रेल मंत्री तो रील बनाने में व्यस्त है. उनके पास रेलवे की सुरक्षा पर चर्चा के लिए वक्त ही कहां है. पिछले दिनों मैंने मीडिया से बात करते हुए रेलवे अधिकारियों द्वारा रेलवे सुरक्षा कोष का किस कदरबंदरबांट किया गया उसकी जानकारी साझा की थी. उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी मिली झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में मंगलवार तड़के मुंबई-हावड़ा मेल के कम से कम 18 डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के पौने चार बजे दक्षिण-पूर्व रेलवे (एसईआर) के चक्रधरपुर डिवीजन के अंतर्गत जमशेदपुर से लगभग 80 किलोमीटर दूर बड़ाबम्बो के पास हुई.

## बेलटांड़ में दुर्गा पूजा समिति के शिविर में 66 यूनिट रक्त संग्रहित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के बेलटांड़ चौक स्थित हालदार भवन में मंगलवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) के तत्वावधान में आयोजित शिविर में 6 एसडीपी सहित 66 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसमें प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर का सहयोग रहा। मौके पर रक्तदाताओं का हौसला अफजाई करने पहुंचे पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, समाजसेवी आस्तिक महतो, विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, मुचीराम बाउरी, जुगल किशोर मुखी, स्वपन कुमार महतो ने आयोजक कमेटी के सदस्यों की प्रशंसा की। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप, महासचिव विजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मंडल, मिहिर कुमार प्रमाणिक, डॉ. केपी दास, रांगा सिंह सरदार, अरिजित सरकार, शिशुपाल सिंह सरदार, संजय कुमार दास, राजू मंडल, माणिक हालदार, आदित्य हालदार, प्रदीप कुमार पैड़ा, कल्याण कुमार गोराई, उज्ज्वल कांति दास, तापस हालदार, सुनील कुमार, अश्विनी दास, आदित्य प्रमाणिक व सुनील कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## महुआ शराब पीने से एक की मौत, गांव के लोग चिंतित



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चांडिल थाना क्षेत्र के चाकूलिया मे एक युवक की जहरीली शराब के सेवन से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा महुआ की जहरीला शराब बनाई जाती है। गांव की युवा वर्ग के लिए जहरीला महुआ शराब सेहत के लिए अत्यंत हानिकारक साबित हो रही है।इस वजह से चाकूलिया गांव के बीरबरू हांसदा नमक एक युबक द्वारा महुआ के शराब का अत्यधिक सेवन करने से मंगलवार को मृत्यु हो गया। बताया जाता है कि चाकूलिया गांव में एक बड़ा शराब की भट्टी है जो आसपास के गाँव को सप्लाई करता है तथा दो गांव के घर में बेचा जाता है। पुलिस को गांव में महुआ शराब बनाने वालों की पूरी जानकारी है किंतु लालच के चलते उन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रशासन द्वारा रेड कर भट्टी को धस्त कर चले जाते है लेकिन वही दूसरी दिन से दारू माफिया लगातार अपनी कार्य पर लग जाता है।

## सविता महतो ने विधानसभा के पटल पर रखा ईचागढ़ विस क्षेत्र के जंगली हांथी का मामला

**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के शून्यकाल में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के जंगली हांथी का मामला को रखा। इस दौरान विधायक ने सदन पर ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल, नीमडीह, कुकडू व ईचागढ़ प्रखंड जंगली हाथियों के आतंक से प्रभावित है एवं बेगुनाहों की जान माल, फसल अनाज तथा मकानों के क्षतिग्रस्त होने का सिलसिला जारी है। जिसपर रोकथाम पाने में विभाग द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। वन विभाग के पास हाथियों को भगाने हेतु प्रशिक्षित दस्ता एवं पटाखा टोर्च की भी भारी कमी है। उन्होंने सदन के माध्यम से ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में पड़ोसी राज्य के तर्ज पर हाथियों की रोकथाम हेतु उनके प्रवेश सीमा पर वॉच टावर, सोलर तार फैसिंग लगाने तथा हाथियों से जान माल की रक्षा की मांग किया।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार को प्रभारी प्राचार्य का नाम राज्य स्तरीय कमेटी में भेजने से हर्ष



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शिक्षक दिवस पर बेहतर करने वाले देश के शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से 5 सितंबर को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों विज्ञान भवन नई दिल्ली में नवाजा जाएगा। पूर्वी सिंहभूम जिला स्तर पर स्कूटनी कमेटी ने इसके लिए जिले के तीन शिक्षकों का नाम तय कर राज्य स्तरीय कमेटी में भेजा है। तीन शिक्षकों में एस एस प्लस टू हाइस्कूल पटमदा के प्रभारी प्राचार्य डॉ मिथिलेश कुमार , प्राथमिक विद्यालय लुपुंगडीह के प्रभारी प्राचार्य राजेन्द्र कुमार कर्ण व उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगराईन के प्रभारी प्राचार्य अरविंद तिवारी शामिल हैं। इस बात की जानकारी पटमदा एस एस प्लस टू हाइस्कूल परिवार को होने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस संबंध में विद्यालय के सह शिक्षक कौशेलेन्द्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शिक्षकों को उनकी प्रतिबद्धता और परिश्रम के बल पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार व छात्रों के जीवन को समृद्ध बनाने के लिए पुरस्कृत करेंगी।

## भाजपा नेताओं के करनी और कथनी में बहुत अंतर है : सुधीर कुमार पप्पू



**जमशेदपुर :** देश से बांग्लादेशियों को निकालने की पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को करनी चाहिए। लेकिन दोनों में इतनी हिम्मत नहीं है। समाजवादी चिंतक और अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने एक बयान जारी कर उक्त बातें कही है । आगे कहा कि मोदी को चाहिए कि जहां भी डबल इंजन की सरकार है उन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें देश से बाहर निकाला जाए। भाजपा को एक उदाहरण पेश करना चाहिए, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान से पहले बांग्लादेश से घुसपैठ कर भारत आए लोगों को बाहर निकाल जाए। परंतु लोगों को गुमराह करने के लिए वे गैर भाजपा शासित राज्यों को निशाना बना रहे है। अभी भी लगातार बांग्लादेशी घुसपैठिय भारत में प्रवेश कर रहे हैं क्योंकि मोदी सरकार कमजोर है और हमारा बॉर्डर सुरक्षित नहीं है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ आतंकवादी भारत में प्रवेश कर हिंसा फैला रहे हैं और मोदी सरकार चुप है। चीन की सेना अरुणाचल प्रदेश समेत कई क्षेत्रों में घुसपैठ कर रही है परंतु मोदी सरकार आँख मूंद कर लोगों को हिंदू मुस्लिम के नाम पर सद्भावना बिगड़ने का काम करती है। झारखंड में 18 सालों तक भाजपा का शासन रहा है भाजपा नेताओं को बताना चाहिए कितने बांग्लादेशी घुसपैठियों को उनके शासनकाल में निकाला गया।

# मंत्री बन्ना गुप्ता ने रेल हादसा में मारे गए यात्रियों व घायलों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की

### कहा : रेल दुर्घटना रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं प्रधानमंत्री जी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** मंगलवार तड़के दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के हावड़ा- मुम्बई रेलखंड पर बड़ाबंबो- राज खरसावां रेलवे स्टेशन के बीच पोटोबेड़ा गांव के समीप भीषण रेल हादसा हुआ है. इस हादसे में दो रेल यात्री मारे गए हैं,जबकि दर्जन भर यात्री घायल हुए हैं. मृतकों की पहचान राउरकेला निवासी अजीत कुमार सामल और पी विकास राव के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के जीएम सहित कोल्हान के तीनों जिलों के पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और राहत व बचाव कार्य में जुटे रहें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर सूबे के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ट्रेन दुर्घटना वाले स्थल पर पहुंचे और अधिकारीयों से जानकारी प्राप्त की। उनके साथ मंत्री दीपक बिरुआ और विधायक दशरथ गगराई भी मौजूद रहे । मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री जी रेल दुर्घटना रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं, रेलमंत्रालय ने एडवांस डिवाइस लाने का दावा किया ताकि रेल दुर्घटनाओं में कमी हो लेकिन ऐसा हो नहीं रहा हैं। हादसे में मृत व्यक्तियों के परिजनों को 2-2 लाख एवं गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार का मुआवजा राज्य सरकार की तरफ से दिया जायेगा। वहीं स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने हादसे में मारे गाए यात्रियों एवं घायलों के परिजनों के प्रति अपने गहरी संवेदना प्रकट की वहीं घटना के बाद सबसे पहले सरायकेला एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने मोर्चा संभाला और युद्ध स्तर पर राहत एवं कार्य में जुटे रहे. फिलहाल तीनो जिलो के प्रशासनिक पदाधिकारी घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं.

## खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई तेज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के विरूद्ध छापेमार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्राप्त सूचना के आधार पर खान निरीक्षक द्वारा पटमदा अंचल के बंद खदानों में अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी की गई। जांच में वर्तमान में किसी प्रकार के अवैध खनन की पुष्टि नहीं हुई। स्थल पर कोई भी वाहन या व्यक्ति नहीं पाया गया। तत्पशत बंद खदानों की ओर जाने वाले मार्ग पर जेसीबी के माध्यम से ट्रेंच काटा गया, जिससे अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लग सके। एक अन्य कार्रवाई में चाकुलिया के अंचलाधिकारी द्वारा श्यामसुन्दरपुर थाना अंतर्गत दुधियाशोल एवं ठाकुरबाड़ में करीब 33000 सीएफटी बालू का अवैध भंडारण पकड़ा गया जिसे जब्ती की कार्रवाई की गई है।

## लगातार तीसरे साल सुलतानगंज के गंगाजल से हुई सहस्त्रघट जलाभिषेक, पूजा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु



हर हर महादेव के जयघोष से गूंजा साकची बाजार शिव मंदिर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सावन माह के शुभ अवसर पर लगातार तीसरे साल मंगलवार 30 जुलाई को साकची बाजार स्थित श्री श्री साकची शिव मंदिर में सुलतानगंज से आये हुए गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक पूजा की गयी। इसका आयोजन शिव मंदिर कमिटी के लालचंद अग्रवाल एंव बबलु अग्रवाल सपरिवार द्धारा अपने पिता (स्व. विनोद कुमार अग्रवाल) की याद में किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल होकर गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक किये। मंगलवार सुबह 10 बजे से शिव पूजन तथा दोपहर एक बजे से सुलतानगंज से टैंकर में आये हुए 12 हजार लीटर गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक किया गया। संध्या 5 बजे से भोले बाबा का विशेष श्रृंगार एवं महाआरती की गयी। मंगलवार को दिन भर ओम नमः शिवाय, जय जय भोलेनाथ, हर हर महादेव के जयघोष से मंदिर गूंजते रहा। इस दौरान मंदिर के आस-पास का क्षेत्र धार्मिक मय हो गया था। मंदिर में दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। पंडित बिपीन के नेतृत्व में शहर के 13 विदवान पंडितों ने सामूहिक रूप से विधिवत पूजा संपन्न करायी। इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजसेवी उमेश साह, अशोक चौधरी, सुरेश कुमार काँवटिया, रघुनाथ पांडेय, गिरधारी खेमका, सांवरमल अग्रवाल, अशोक मोदी, पंकज छावछरिया, अरूण बांकरेवाल, निर्मल पटवारी, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के संचालन को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़/तिरुलडीह :** सरायकेला - खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड व ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का कार्यान्वयन हेतु बैठक कर जानकारी दिया गया। बीडीओ किकु महतो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि,सचिव, आंगनबाड़ी सेविका, प्रज्ञा केंद्र के आपरेटरों को योजना का कार्यान्वयन के संबंध में जानकारी दिया गया। बीडीओ किकु महतो ने 21 से 50 वर्ष के महिलाओं को इस कल्याणकारी योजना शत प्रतिशत जोड़ने के संबंध में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों आदि को जानकारी उपलब्ध कराया। उन्होंने इस योजना के लिए आनलाइन आवेदन हेतु 3 अगस्त से 10 अगस्त तक सभी पंचायत सचिवालयों में होने वाले कैम्प के संबंध में नियम व शर्तें भी साझा किया। बीडीओ श्री महतो ने बताया कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का लाभ सभी योग्य लाभुको को मिले। उन्होंने कहा कि एक दो दिनों के अंदर आवेदन प्रपत्र प्रखंड कार्यालय को प्राप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी लाभुको को आवेदन प्रपत्र ससमय उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में बिचौलिया के माध्यम से रूपया पैसा का मांग करता है तो तत्काल सम्पर्क करें। वैसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर प्रज्ञा केंद्र के जिला प्रबंधक कामेश्वर प्रामाणिक , महिला पर्यवेक्षिका कापु हांसदा, मुखिया चित्तरंजन सिंह मुण्डा, इन्द्रजीत सिंह मुण्डा, पहाड़ सिंह आदि उपस्थित थे।

## नरेंद्र मोदी के अमृतकाल में आम भारतीयों की काटी जा रही है 'खाली जेब'

**▶ देशवासियों को नसीब नहीं हुआ बजट का हलवा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने केंद्रीय बजट पर एनडीए सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मित्र उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ माफ कर देने वाली सरकार ने 'मिनिमम बैलेंस' तक मेंटेन न कर पा रहे गरीब भारतवासियों से 8500 करोड़ रुपए वसूल लिए हैं।

**'जुर्माना तंत्र' मोदी के चक्रव्यूह का वो द्वार है जिसके ज़रिए आम भारतीय की कमर तोड़ने की कोशिश हो रही है।**

डॉ. अजय ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कमल के चक्रव्यूह ने रोजगार देने वाले विंदुओं पर हमला किया है। बजट में टैक्स के हमले को रोकने लिए और छोटे रोजगार को बढाने, युवाओं को रोजगार देने के लिए कुछ नहीं किया गया है। अग्निवीरों को चक्रव्यूह में फंसाया है। उनके लिए पेंशन जैसी कोई योजना नहीं है। अन्नदाता को भी चक्रव्यू में फंसाया गया है। किसानों ने एमएसपी मांगा लेकिन वह भी नहीं दिया गया है। युवाओं का पेपर लीक के चक्रव्यू में फंसाया गया है। मध्यम वर्ग पर सरकार ने दोहरे हमले किए गए हैं। मध्यम वर्ग की पीठ पर और छाती पर छुरा घोंपा गया है। उन्होंने कहा कि दस साल में पेपरलीक 70 बार हुआ है।

## जेआरडी टाटा के जन्म दिवस पर महिला पॉलिटेक्निक में व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर प्रस्तुति आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** भारत रत्न जेआरडी टाटा के जन्म दिवस के अवसर पर गम्हरिया स्थित राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में टाटा स्टील के सहयोग से उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर छात्राओं द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन की प्रस्तुति की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के औद्योगिक और संरचना व्यवसाय विकास प्रमुख संजय कुमार त्रिपाठी के अलावा अन्य अतिथियों में अमित राय, एचआर हेड दीपक बर्गिस आदि उपस्थित थे। संस्थान के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जेआरडी टाटा अपने लिए नहीं अपितु राष्ट्र के आर्थिक और नैतिक मूल्यों में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। मुख्य अतिथि संजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि भारत में पहला पायलट बनने का उन्होंने गौरव हासिल किया। मेहनतकश मजदूरों के लिए अस्पताल, शिक्षा के लिए विद्यालय व महाविद्यालय की उन्होंने स्थापना की। इस मौके पर अन्य अतिथियों ने भी उनके द्वारा राष्ट्रहित में किए गए कार्यो और उनके व्यक्तित्व को अपने जीवन में उतरने की सलाह दी। मौके पर संस्थान के व्याख्याता प्रो राजेश प्रसाद, सुबोध कुमार, बिहारी गोंड, विष्णु शंकर सिंह, शिव सागर प्रसाद समेत काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## कुकडु प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथी का उत्पात जारी, तोड़े कई घर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड के विभिन्न गांवों में जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचा रहा है। इसी क्रम में बीती रात लगभग 2 बजे तिरुलडीह में कमल कुइरी के घर के आगे बने अल्बेस्टर के छावनी को तोड़ दिया। घटना के समय परिवार के लोग घर पर ही सोये थे वे डर से चिल्लने लगे। वही बगल में बने बानू कुइरी के घर के आगे बने छावनी को तोड़ते हुए घर का दरवाजा तोड़कर घर मे रखे अनाज को चट कर गया। लोगो ने हल्ला करते हुए भगाने का कोशिश किये लेकिन जब नही भागे तो ट्रैक्टर के जोरदार आवाज से हाथी को भगाने लगे तब हाथी ने दिलीप कुइरी के मक्के के खेती में घुस गया और खेती को तहस नहस कर दिया। वही बगल के गाँव सापरुम के पोइलोंग में संतोष महतो के घर मे भी उस हाथी ने तोड़फोड़ किया। ग्रामीणों ने वन रक्षी लखी चरण सिंह मुंडा को फोन के माध्यम से घटना की जानकारी है।

## इंटक की ओर से महिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** महिला इंटक की ओर से मानगो के गुलाबबाग कालोनी फेज दो में एक दिवसीय महिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महिला इंटक की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नूरजहां खान वारसी ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में इंटक की राष्ट्रीय अध्यक्ष देविका सिंह उपस्थित थीं। सर्वप्रथम नूरजहाँ खान वारसी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष देविका सिंह को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर 60 महिला कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं को साझा किया। संगठन की राष्ट्रीय संयुक्त सचिव उषा सिंह ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा लाई गई योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि देविका सिंह ने कारखानों में होने वाले यौन उत्पीड़न की रिपोर्टिंग के तरीके, काम के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और उत्पादन बढ़ाने के फायदों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में आदित्यपुर लघु उद्योग से गम्हरिया की कई महिलाएं भी उपस्थित थीं। इन मौके पर प्रदेश पदाधिकारी रीता शर्मा, शबाना खान, हीना खान, पार्वती, जॉनी, ज्योति, उर्मिला, नुसरत, शबनम, मैरी प्रिया समेत काफि संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## करीम सिटी कॉलेज में बीबीए छात्रों का इंडक्शन प्रोग्राम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कालेज के बी.बी.ए विभाग ने अपने नवनामांकित छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कॉलेज के वातावरण, शैक्षणिक पाठ्यक्रम और उपलब्ध विभिन्न अवसरों से परिचित कराना था। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज़ ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्होंने छात्रों को अपनी शैक्षणिक यात्रा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। समन्वयक डॉ. अफताब आलम ने कक्षा की दिनचर्या, कॉलेज के नियमों और विनियमों तथा कॉलेज के विभिन्न प्लेटफार्मों से अवगत कराया। डॉ. बी एन त्रिपाठी, परीक्षा नियंत्रक,ने छात्रों को परीक्षा प्रक्रियाओं और पंजीकरण के बारे में जानकारी दी। डॉ. जी विजयलक्ष्मी (प्लेसमैंट कॉर्डिनेटर) ने प्लेसमेंट सेल के बारे में व्यापक जानकारी दी और डॉ. मोइज़ अशरफ (विभागाध्यक्ष गणित) ने एमआईएस, कॉलेज लाइब्रेरी, आईडी कार्ड और रीडिंग रूम की सुविधाओं पर प्रकाश डाला।

## विधायक के प्रयास से मंत्री ने दी जुगसलाई विधानसभा को पांच सड़कों की स्वीकृति

**▶ 10 करोड़ की लागत से जमशेदपुर प्रखंड की पांच सड़कों का होगा निर्माण कार्य : मंगल कालिंदी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मगंलवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय में मंत्री इरफान अंसारी से मुलाकात की और जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के निर्माण की स्वीकृति देने की मांग रखी। मौके पर ही मंत्री ने लगभग 10 किलोमीटर की 10 करोड़ की लागत से बनने वाली 5 सड़कों की स्वीकृति दी। इन सड़कों की मिली स्वीकृतिः

1. सारजमदा पुलिया से नाला किनारे होते हुए राहरगोड़ा जयश्री इंटरप्राइजेज के आगे मोड़ तक, लाल किस्कू के घर के ट्रांसफार्मर के पास डीवीसी चारदीवारी होते हुए डीवीसी मैन गेट तक एवं लक्खा सिंह के घर से राहरगोड़ा नाला तक 2.6 किमी पथ निर्माण कार्य।

2. जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत बगलदुबा नाला से कस्तूलिया मुख्य पथ भाया कमलाबेड़ा तक 2.6 किमी पथ निर्माण कार्य।

3. कसकोमगोड़ा चौक से बैद्यनाडीह, शांतिपुर तक 1.8 किमी पथ निर्माण कार्य।

4. बैद्यनाडीह, बाछाई नाला से खैरबनी रेलवे फाटक तक 1.55 किमी पथ निर्माण कार्य।5. बाबनीडीह चौक से निवारण मुर्मू के घर भाया (मकर) किस्कू के घर तक 1.6 किमी पथ निर्माण कार्य की योजना शामिल है।

मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र वासियों की ओर से सड़कों की स्वीकृति देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी का आभार प्रकट किया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

शुद्धि पत्र

भवन प्रमंडल सिमडेगा के अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 14/2024-25 के ग्रुप सं0 – 1 एवं 2, PR 330949 Simdega(24-25).D में प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है। साथ ही शेष सभी कार्यो का Time of Completion:- 03 (Three) Months के स्थान पर 05 (Five) Months संशोधन किया जाता है।

शेष सभी शर्ते यथावत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 331240 Building (24-25)_D

संपादकीय

## सब्सिडी की राजनीति

**इसमें** दो राय नहीं है कि राजनीतिक दलों ने चुनावों में सफलता के शॉर्टकट के रूप में सब्सिडी को एक हथियार बना लिया है। लेकिन ऐसा करते वक्त वे राज्य की राजकोषीय वास्तविकताओं का ध्यान नहीं रखते। यही वजह है कि विधानसभा चुनाव के दौरान कई लोकलुभावन घोषणाएं करने वाले हिमाचल के मुख्यमंत्री ने राज्य की आर्थिक सेहत के मद्देनजर एक मजबूत फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली हिमाचल प्रदेश सरकार ने करदाता उपभोक्ताओं के लिये मुफ्त बिजली योजना को वापस लेने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। दरअसल, राज्य सरकार को यह कदम हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड यानी एचपीएसईबी के गंभीर वित्तीय संकट के मद्देनजर उठाना पड़ा है। एचपीएसईबी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 18,000 करोड़ रुपये के घाटे की सूचना दी थी। यह निर्णय विभिन्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रभावित करता है। हालांकि, इस निर्णय में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले वर्ग व अन्य कमजोर श्रेणियों के लोगों को राहत दी गई है। दरअसल, भारी कर्ज बोझ और राज्य अनुदान व जीएसटी आवंटन में घटते राजस्व के चलते एचपीएसईबी वित्तीय संकट का तनाव झेल रहा है। इस तरह शून्य बिजली बिल प्रावधान को 'एक परिवार, एक मीटर' तक सीमित करके तथा आधार व राशन कार्डों से कनेक्शन को जोड़कर इसे तर्कसंगत बनाने का प्रयास किया गया है। कहा जा रहा है कि इस कदम से बिजली बोर्ड को दो सौ करोड़ रुपये की बचत होगी। निश्चित रूप से हिमाचल सरकार का यह फैसला राज्य की माली हालत के मद्देनजर राजकोषीय वास्तविकताओं का सामना करने पर चुनावी मुफ्त सुविधाओं की नुकसानदायक प्रवृत्ति को ही उजागर करता है। कमोबेश पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने तमाम लोकलुभावनी घोषणाओं के साथ राज्य में सरकार बनायी थी। यही वजह है कि लोग कांग्रेस सरकार पर चुनावी वायदे से मुकरने के आरोप लगा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुफ्त बिजली योजना वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने बड़े उत्साह के साथ आरंभ की थी। इस योजना के अंतर्गत चौदह लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया था।

> मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली हिमाचल प्रदेश सरकार ने करदाता उपभोक्ताओं के लिये मुफ्त बिजली योजना को वापस लेने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। दरअसल, राज्य सरकार को यह कदम हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड यानी एचपीएसईबी के गंभीर वित्तीय संकट के मद्देनजर उठाना पड़ा है। एचपीएसईबी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 18,000 करोड़ रुपये के घाटे की सूचना दी थी। यह निर्णय विभिन्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रभावित करता है। हालांकि, इस निर्णय में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले वर्ग व अन्य कमजोर श्रेणियों के लोगों को राहत दी गई है। दरअसल, भारी कर्ज बोझ और राज्य अनुदान व जीएसटी आवंटन में घटते राजस्व के चलते एचपीएसईबी वित्तीय संकट का तनाव झेल रहा है। इस तरह शून्य बिजली बिल प्रावधान को 'एक परिवार, एक मीटर' तक सीमित करके तथा आधार व राशन कार्डों से कनेक्शन को जोड़कर इसे तर्कसंगत बनाने का प्रयास किया गया है।

लेकिन अब हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के आर्थिक संकट के मद्देनजर इस सब्सिडी का दायरा घटाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार में आम आदमी को राहत पहुंचाना सराहनीय कदम है, लेकिन वहीं दीर्घकालीन उद्देश्यों को हासिल करने के लिये राज्य की सेहत को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निश्चित रूप से हिमाचल सरकार के मौजूदा फैसले के कई गहरे निहितार्थ हैं। एक निष्कर्ष यह भी है कि चुनावी वायदों को राजकोषीय जिम्मेदारी के साथ जोड़कर देखने की आवश्यकता है। निस्संदेह, कोई भी सेवा व सुविधा मुफ्त नहीं मिलती। किसी भी सुविधा को मुफ्त देने से सेवा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। वह संस्थान व विभाग भी घाटे की अर्थव्यवस्था का शिकार होकर रह जाता है। मुफ्त की चीजें और सब्सिडी भले ही राजनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने की दृष्टि से आकर्षक नजर आती हों, लेकिन उनके दीर्घकालिक आर्थिक प्रभावों को लेकर सावधानी पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। निस्संदेह, सतत विकास और वित्तीय स्थिरता वाली नीतियों के निर्माण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि राजनीतिक दलों की अल्पकालिक लाभ के लिये बनायी गई लोकलुभावनी नीति, राज्य के दीर्घकालिक नुकसान का कारण न बने। निस्संदेह राजनीतिक लाभ के लिये चुनावी आश्वासन महत्वपूर्ण हैं। लेकिन उन्हें राज्य की आर्थिक वास्तविकताओं के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि किसी भी सरकार के लिये एक बार दिया गया लाभ या सब्सिडी वापस लेना, राजनीतिक दृष्टि से आसान नहीं होता।

### जम्मू संभाग में ही सेना के कई जवान आतंकियों से लोहा लेते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे चुके हैं

## फिर आतंकी हमलें, सैनिकों का बलिदान व्यर्थ न जाये

ललित गर्ग

> डोडा जिले में एक आतंकी हमले में कैप्टन समेत सेना के चार जवानों और जम्मू कश्मीर के एक पुलिसकर्मी का बलिदान अब यही दर्शा रहा है कि शांति एवं अमन की ओर लौटा जम्मू-कश्मीर एक बार फिर आतंकवादी आघातकारी घटनाओं की भेंट चढ़ रहा है, इन घटनाओं का माकुल जबाव नहीं दिया गया तो यह घाटी एक बार फिर खूनी घाटी बन जायेगी। क्योंकि कुछ ही दिनों पहले कठुआ में एक सैन्य अफसर सहित पांच जवान आतंकियों का निशाना बन गए थे।

**लगातार** जम्मू-कश्मीर में बढ़ रही आतंकी घटनाएं चिन्ता का कारण बन रही है। डोडा जिले में एक आतंकी हमले में कैप्टन समेत सेना के चार जवानों और जम्मू कश्मीर के एक पुलिसकर्मी का बलिदान अब यही दर्शा रहा है कि शांति एवं अमन की ओर लौटा जम्मू-कश्मीर एक बार फिर आतंकवादी आघातकारी घटनाओं की भेंट चढ़ रहा है, इन घटनाओं का माकुल जबाव नहीं दिया गया तो यह घाटी एक बार फिर खूनी घाटी बन जायेगी। क्योंकि कुछ ही दिनों पहले कठुआ में एक सैन्य अफसर सहित पांच जवान आतंकियों का निशाना बन गए थे। इसके पहले भी जम्मू संभाग में ही सेना के कई जवान आतंकियों से लोहा लेते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे चुके हैं। ये बहुत चिंतित करने वाले त्रासद एवं घिनौने घटनाक्रम हैं कि पिछले कुछ समय से कश्मीर घाटी के साथ-साथ जम्मू संभाग में भी आतंकियों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। हाल की कुछ घटनाओं से तो यह भी लगता है कि आतंकियों ने जम्मू संभाग को अपनी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना लिया है। एक ऐसे समय जब जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी हो रही है, तब आतंकियों का सक्रिय होना और सफलतापूर्वक अपने मनसूबों को कामयाब करना गंभीर चिंता का विषय है।

ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकी न केवल घुसपैठ कर रहे हैं, बल्कि अपनी गतिविधियों को अंजाम देने और इस क्रम में सेना को निशाना बनाने में भी सफल हो रहे हैं। सरकार को उन खूनी हाथों को खोजना होगा अन्यथा खूनी हाथों में फिर खुजली आने लगेगी। हमें इस काम में पूरी शक्ति और कौशल लगाना होगा। आदमखोरों की मांद तक जाना होगा। अन्यथा हमारी खोजी एजेंसियों एवं सेना की काबिलीयत पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा कि कोई दो-चार व्यक्ति कभी भी पूरे प्रांत की शांति और जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर सकते हैं, हमारी संवेदनाओं को झकझोर सकते हैं। संवेदनाओं एवं भावनाओं को झकझोर भी रहे हैं, जब आतंकवादी हमलों में शहीद जवानों के पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटे घर की ड्योढ़ी पर आते हैं तब कारुणिक माहौल को देखकर दिल दहल उठता है क्योंकि देश के लिए अपना सर्वोच्च लुटा देने वाला जवान किसी का बेटा, किसी का पति



और किसी का पिता होता है। हर आंख में आंसू होते हैं। किसी की गोद, किसी की मांग सूनी हो जाती है। देशवासी सोचने को विवश हैं कि वे शोक संत्पत परिवार के साथ करुणा और पीड़ा को कैसे बांटें।

डोडा वारदात की जिम्मेदारी लेने वाले 'कश्मीर टाइगर्स' जैसे आतंकी संगठनों की ताजा बौखलाहट की एक बड़ी वजह जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक प्रक्रिया की बहाली को लेकर बढ़ी सरगर्मी है। राज्य में लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए अगले चंद महीनों में ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में, आतंकियों की बेचैनी समझी जा सकती है कि जिस तरह लोकसभा चुनाव में घाटी में लोग मतदान केंद्रों पर उमड़ पड़े और दशकों पुराना रिकॉर्ड टूटा, अगर विधानसभा चुनाव में लोगों का उत्साह और बढ़ा, तो जिन 'स्लीपर सेल्स' की बदौलत वे दहशत का अपना पूरा कारोबार चलाते हैं, वे भी मुख्यधारा के प्रति आकर्षित होकर, उनके खिलाफ हो सकते हैं। इसलिए उन्होंने घाटी के बजाय जम्मू संभाग में अपनी सक्रियता बढ़ाई है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित किया जा सके और सीमा पार के आकाओं से मदद हासिल करने का सिलसिला जारी रहे।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा के आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। जम्मू-कश्मीर का माहौल सुधरने के बाद वहां के बाजार, पर्यटक स्थल गुलजार हुए हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था सुधर रही है। इसलिए देशद्रोही नहीं चाहते कि कश्मीर में शांति आए और वहां पर निर्वाचित सरकार काम करे। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। क्या इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया है? जो सरकार पाकिस्तान में घूस कर बदला ले सकती है, वह सरकार अब तक शांत क्यों है? ऐसा क्यों हो रहा है, इसकी तह तक जाने की जरूरत है। आतंकी जिस तरह अपनी रणनीति बदलकर सुरक्षा बलों को कहीं अधिक क्षति पहुंचाने में समर्थ दिखने लगे हैं, वह किसी बड़ी साजिश का संकेत है। एक ओर सीमा पार से होने वाली आतंकियों की घुसपैठ पर प्रभावी नियंत्रण करना होगा, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान को नए सिरे से सबक भी सिखाना होगा। यह इसलिए अनिवार्य हो गया है, क्योंकि पिछले कुछ समय में आतंकी हमलों में बलिदान होने वाले सैनिकों की संख्या कहीं अधिक बढ़ी है।

पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे। एक आंकड़े के अनुसार पिछले तीन वर्ष में करीब 50 जवानों को अपना बलिदान देना पड़ा है। यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं। आतंक को करारा जवाब केवल तभी नहीं दिया जाना चाहिए, जब एक साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के जवानों को बलिदान देना पड़े। वास्तव में हमारे एक भी सैनिक का बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। डोडा की घटना के बाद यह जो कहा जा रहा है कि सैनिकों के बलिदान का बदला लिया जाएगा, उसे न केवल पूरा करके दिखाया जाना चाहिए, बल्कि आतंकियों, उनके आकाओं और उन्हें सहयोग-समर्थन देने वालों पर ऐसा करारा प्रहार किया जाना चाहिए, जिससे वे अपनी हरकतों से हमेशा के लिए बाज आएं। पाकिस्तान भले ही आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा हो, लेकिन वह जम्मू कश्मीर में पहले की तरह ही आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगा हुआ है।

दृष्टि कोण

## केदारनाथ आपदा के सबक

**वर्ष** 2013, जून की केदारनाथ त्रासदी को 2004 की सुनामी के बाद की देश की सबसे बड़ी त्रासदी कहा जाता है। केदारनाथ धाम व पूरी केदार घाटी के 15-16 जून, 2013 के भयंकर जल प्रलय में लगभग एक हजार स्थानीय लोगों के साथ करीब 6 हजार लोग मारे गये थे। रामबाड़ा, तिलवाड़ा, अगस्तमुनी, गुप्तकाशी में भारी नुकसान के साथ 4200 गांव प्रभावित हुए थे। तब 14 से 17 जून तक लगभग पूरा उत्तराखंड, नेपाल, हिमाचल अति वृष्टि के चपेट में था। वैज्ञानिकों ने इसे नार्दन फ्लैश फ्लड भी कहा था व जलवायु बदलाव की व्यापकता का प्रमाण माना था। भारी बरसात में करीब 7 किमी लम्बाई के चोराबाड़ी ग्लेशियर में 3865 मीटर ऊंचाई पर स्थित चोराबाड़ी झील, अपनी परिधि में टूट गई थी। इसके बहे भारी मलबे व अथाह जलराशि ने केदारनाथ धाम को चपेट में लिया था। चोराबाड़ी ग्लेशियर के स्रोतों से ही चोराबाड़ी झील के साथ मंदाकिनी नदी का स्रोत भी बनता है। बढ़े हिम पिघलाव व बहाव से मंदाकिनी विकराल होती गई। कहीं-कहीं इसका जल स्तर 15 मीटर तक भी चढ़ गया था। उस आपदा से उबरने के लिये बड़े पैमाने पर काम भी हुए हैं। अब सुविधाएं इतनी जुटा ली गई हैं कि प्रतिदिन बीस-पच्चीस हजार यात्री वहां पहुंच रहे हैं। लेकिन चिंताजनक यह कि सीमित क्षेत्र में हजारों मानव कृत्यों से हीट आइलैंड्स बनने की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। खुद यात्री कहते हैं कि तेज धूप होती है तो झेलनी मुश्किल होती है। पूरे हिंदुकुश हिमालय पर ही जलवायु बदलाव के खतरे बढ़े हैं। पश्चिमोत्तर हिमालय में 1991 के बाद औसत तापमान 0.66 सेंटीग्रेड बढ़ गया है। हिमालयी ग्लेशियरों की पिघलने की दर दुगुनी हो गई है व पहाड़ बर्फविहीन हो रहे हैं। अगर केदारनाथ के आसपास ऐसा होता है तो हम इसे वैश्विक कारणों से होना ही नहीं कह सकते बल्कि उनके साथ यहां स्थानीय आघात भी जुड़ रहे हैं। फरवरी, 2021 में नीति घाटी में ग्लेशियर टूटने से धौली गंगा में भारी बाढ़ आई थी। दरअसल, पर्यटन व्यवसाय केन्द्रित पुनर्स्थापना की दिशा इतनी आगे चली गई है कि बीती 3 जून, को हेलिकॉप्टर से एक जीप केदार पुरी में उतार दी गई। दलील है इससे अशक्तों को सुविधा मिलेगी। यदि ऐसा ही रहा तो वह दिन दूर नहीं, जब दसियों ऐसे वाहन होंगे। ऐसे ही अब हर घंटे करीब 25 हेलिकॉप्टर उड़ानें हो रही हैं जिनसे केदार नाथ सेंक्चुरी भी खतरे में है। वर्ष 2015 में ही एनजीटी ने उत्तराखंड सरकार से उड़ानों के वन्यजीवों पर असर का वैज्ञानिक अध्ययन करवाने को कहा था। खासकर उड़ाने बहुत नीचे होने पर आघात बढ़ जाते हैं। वहीं पंखों की हवा से धाम में कम्पन से आसपास ग्लेशियर्स की ताजी बर्फ अस्थिर नहीं हुई होगी, इस बात से इनकार नहीं कर सकते। आशंका व्यक्त की गई थी कि हेलिकॉप्टर उड़ानों से त्रस्त दुर्लभ वन्यजीव अपने अधिवास छोड़ रहे हैं। वर्ष 2013 की आपदा से इकोसिस्टम को भी बड़ा नुकसान पहुंचा। सरकारों ने न तो इस पारिस्थितिकीय नुकसान को जाना और न ही प्रकृति को बीते ग्यारह सालों में स्वतः ठीक होने का मौका दिया। इस दौरान अबाध निर्माण गतिविधियों व मानव उपस्थिति और तेज रोशनी में जब कपाट बंद रहते हैं तब भी निर्माण कार्य जारी रहे। इसके उलट भूस्खलन, जलस्रोत सूखने व केदारनाथ वन सेंक्चुरी जैसे जैव विविधता के क्षेत्रों में वनाग्नियों के जोखिम भी बढ़े। पर्यावरणीय, पारिस्थितिकीय पुनरुत्थान के बजाय इनमें गिरावट ही आई। हजारों की भीड़ से जलापूर्ति व कचरे की समस्याएं बढ़ी हैं। पारिस्थितिकीय हानि इतनी होने लगी कि पगडंडी मार्गों पर हिमस्खलन जोखिम हर साल बढ़ रहे हैं। ग्लेशियर टूटने की ही तरह ग्लेशियर फिसल कर बस्तियों, मार्गों या ट्रैकिंग राहों में आकर जान-माल का नुकसान बढ़ा है। केदार धाम जैसे हिमालयी क्षेत्रों में लगातार हेलिकॉप्टर उड़ानों व सूक्ष्म भूकम्पकीय झटकों से तेज बरसातों, ताजी बर्फ में फिसलाव व टूटन का खतरा तो रहेगा ही। जलवायु बदलाव के कारण ग्लेशियर्स की समस्याओं के साथ ही केदारनाथ जैसी जगहों में बादल विस्फोट बड़ी समस्या होने जा रही है। इन ग्यारह सालों में नये लैंडस्लाइड जोन बन गये हैं। फ्लैश फ्लडों से अब ज्यादा नुकसान होने की संभावनाएं हैं। उत्तराखंड सरकार को इस दिशा में नई क्षमता विकसित करनी होगी। किसी स्थल में आकस्मिक घटित आपदा की सूचना पाकर हम कितने जल्दी पीड़ितों के बचाव व खोज कार्यों के लिये वहां पहुंचते हैं। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार यदि बादल विस्फोटों की चेतावनियां दी भी जा सकें तो उन पर अमल के लिये दो-तीन घंटों का ही समय मिलता है। मंदाकिनी और सरस्वती नदियों पर रोक दीवारें भी बन गई हैं व बगल में रास्ते भी। नदियों के बाढ़ प्रबंधन और रिटेनिंग वॉल निर्माणों में बाढ़ जल के विगत में अधिकतम ऊंचाई के स्तर और अधिकतम फैलाव को संज्ञान में रखा जाता है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## धूमधाम से मनाया गया रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में गुरु हरिकिशन साहिब का प्रकाश पर्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरुद्वारा साहिब में को सिख परंपरा के आठवें गुरु श्री हरिकिशन जी का प्रकाशोत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। अगर हम इतिहास की बात करें तो आठवें बादशाह श्री गुरु हरिकिशन जी सभी दस गुरुओं में सबसे कम उम्र में गुरुगद्दी पर विराजमान हुए थे। उन्हें बाला प्रीतम के नाम से भी पुकारा जाता है। दिल्ली में भयानक चेचक का प्रकोप फैला हुआ था, गुरु जी पीड़ितों की सेवा करते रहे। इसी के तहत उन्हें चेचक हो गया और वे ब्रह्मालीन हो गए। कहा कि इनके अनन्य भक्त राजा जय सिंह एवं रानी साहिब ने इन्हें अपने बंगले में ठहराया। वे अंत समय तक वहीं रहे और आठ वर्ष की छोटी उम्र में उसी बंगले के ज्योति-ज्योति समा गए। उस बंगले को ही ऐतिहासिक बंगला साहिब के नाम से पुकारा जाता है।रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में प्रकाश उत्सव को लेकर रात्रि में विशेष दीवान से जाया गया। टाटानगर से आए रागी जत्था भाई प्रभजोत सिंह ने सबद गायन कर संगत को निहाल किया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब की हजूरी रागी जत्था सरबजीत सिंह ने भी शब्द गायन कर संगत को निहाल किया बता दे कि पिछले 23 साल से



गुलु आनंद का परिवार गुरु हरिकिशन जी के प्रकाश उत्सव पर लंगर करवाता आ रहा है। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में मुख्य रूप से प्रधान परमदीप सिंह कालरा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा जोगिंदर सिंह जग्गी हरजाप सिंह गुरजीत सिंह हरपाल सिंह अरोड़ा मनमोहन सिंह लांबा सलूजा रणजीत सिंह छाबड़ा अंकित कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी बंटी चमन नरेंद्र सिंह चमन, रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब की हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा तेजिंदर सिंह सोनी, मनपाल सिंह सोनी जगजीत सिंह सोनी शामिल हुए।

## इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया

**रामगढ :** इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन सदर ब्लड बैंक के सहयोग से रामगढ़ स्थित गुरुद्वारा में किया गया।जिसमे 30 यूनिट ब्लड मिला।कैंप का उदघाटन सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ,एवम क्लब के पदाधिकारी गण दीप प्रज्वलित करके किया।डॉ महालक्ष्मी ने कहा रक्त दान महा दान,रक्त दान जरुर करे ,रक्त दान के अनेक फायदा हैं जैसे 1.रक्तदान करने से दिल(हार्ट) से जुड़ी बीमारियों और स्ट्रोक का ख़तरा कम रहता है.2.रक्तदान करने से शरीर में आयरन संतुलित होता है जिससे दिल की सेहत में सुधार होता है और शरीर में कुछ खास तरह के कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम रहता है.3.रक्तदान हार्ट अटैक होने से बचाता है(88 प्रतिशत) 4.रक्तदान करने से कैलोरी बर्न होती है ।

## पतरातू में झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना सफल संचालन हेतु बैठक की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** झारखंड सरकार समाज कल्याण सह सामाजिक सुरक्षा के आदेशानुसार प्रखंड सभागार कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना सुचारू रूप से संचालन क्रियान्वयन एवं आवेदन पत्र की आपूर्ति एवं वितरण संबंधी समीक्षा की गई बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने किया बैठक में प्रमुख उप प्रमुख प्रखंड के सभी मुखिया एवं पंचायत सेवक के अलावा प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे।बताते चले की इस योजना में 21 साल से 50 साल की महिलाओं को महीना ?1000 सम्मान राशि दिया जाएगा तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने जरूरी दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि यह योजना झारखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसे सभी सुचारू रूप से क्रियान्वयन करें और अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ पहुंचाएं।

## डीएवी बरकाकाना में अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन वीणा सिंह ने किया और प्रमिला सिंह, ए एन बी टीर्की, और पारितोष बर्णवाल ने सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे परशुराम सदन - 150 अंक (प्रथम स्थान), द्रोण सदन - 107 अंक (दूसरा स्थान), अगस्त्य सदन - 41 अंक (तृतीय स्थान), वशिष्ठ सदन - 30 अंक (चतुर्थ स्थान) विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने कहा कि बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की भी जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे विश्व के विकास में योगदान कर सकें। डीएवी बरकाकाना बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, और खेलकूद से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित करता है, ताकि वे वेद के रास्तों पर चलते हुए विज्ञान, संस्कृति, और समाज की जानकारी से परिपूर्ण हो सकें।

## आर्ट ऑफ लिविंग का तीन दिवसीय शिविर संपन्न, विद्यार्थियों ने सीखी तनाव मुक्त रहने की कला

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बाल चेतना शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। तीन दिनों तक चले इस शिविर में विद्यार्थियों ने तनावमुक्त जीवन जीने की कला सीखी।शिविर में मुख्य प्रशिक्षक आर्ट ऑफ लिविंग के निखिल राज ने विद्यार्थियों को ध्यान और योग के माध्यम से जीवन को सकारात्मक बनाने का प्रशिक्षण दिया। साँस लेने की सही शैली के बारे में जानकारी दी। कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षण में सीखी गई बातों का नियमित अभ्यास करके हम अपनी शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का विकास कर सकते हैं। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक तकनीक सिखाया गया।सीसीएल बीटीटीआई के प्रबंधक सह आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक नवीन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से सिखाई जानेवाली तकनीक एक सरल ध्यान तकनीक है जो मन को शांति, स्पष्टता और सृजनशीलता से भर देती है।स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि हमें अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और इसे सभी के साथ साझा करने की दिशा में काम करना चाहिए। जब हम अपना जीवन इस दिशा में समर्पित करेंगे, तो हम अधिक सार्थक जीवन जीने में सक्षम बन सकेंगे।इस अवसर पर प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक अकादमिक एसके चौधरी, मुख्तार सिंह समेत विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## जबतक मांगे पूरी नही होती हैं, तब तक जारी रहेगा आंदोलन : कुमार विवेक

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 17 साल तक मनरेगा कर्मियों ने हर स्तर पर जी-तोड़ मेहनत किया। सरकार की महत्वाकांझी योजनाओं को धरातल पर उतारने में खुद को लगा दिया। बावजूद इसके सरकार मनरेगा कर्मियों की अनदेखा कर रही है। ये बातें झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के रामगढ़ जिला सचिव कुमार विवेक ने कही। उन्होंने आगे कहा कि सत्ता में आने के पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मनरेगा कर्मियों की मांग को जायज बता रहे थे। इसे लागू करने की बात कर रहे थे। लेकिन, साढ़े चार साल से अधिक वक्त गुजर जाने के बाद भी सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं कर रही है। हमें अनदेखा किया जा रहा है। रामगढ़ जिला के मनरेगा कर्मियों की हड़ताल के कारण विकास के कई योजना ठप है। अबुआ आवास की गति पर ब्रेक लग गया है। सरकार वैकल्पिक व्यवस्था कर रही है, लेकिन मनरेगा कर्मियों की मांग पर ध्यान नहीं दे रही है। जबतक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती, हड़ताल जारी रहेगी। मौके पर दीपक कुमार गुप्ता, शत्रुधन सिन्हा, प्रसादी महतो, विजय कुमार, सुनील कुमार, ललीत कुमार, सूरज राम दांगी, आरिफ अंसारी, विनय प्रकाश, महेंद्र नायक, संगीता बेदिया, बिनोद कुमार, विजय कुमार, रूपेश कुमार, दिलदार महतो, शिव शंकर , रणजीत कुमार आदि थे।

## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने झारखंड सरकार के श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता से शिष्टाचार भेंट की

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड सरकार के श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता से शिष्टाचार भेंट के इस दौरान दौरान कई और समस्याओं पर चर्चा की गई।मजदूरों की समस्याएं श्रमिकों के वेतन, काम के घंटे, कार्यस्थल की सुरक्षा, और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित मुद्दे।रोजगार सृजन- नए उद्योगों की स्थापना और पुराने उद्योगों के पुनरुद्धार के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाना। उद्योगों की समस्याएं- औद्योगिक विकास में आ रही बाधाएं, आवश्यक सुविधाओं की कमी, और नीतिगत मुद्दों पर चर्चा।प्रशिक्षण और कौशल विकास- श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और कौशल विकास योजनाओं का कार्यान्वयन। महिला श्रमिकों के मुद्दे महिला श्रमिकों की सुरक्षा, उनके लिए विशेष सुविधाएं। मौके पर विरेन्द्र कुमार उतम कुमार करमू महतो आदि



# अपर समाहर्ता ने जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की एक एक कर समस्याएं सुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जनता दरबार में चतरा अनुसूचित जाति छात्रावास के छात्रों ने अपर समाहर्ता से मिलकर आवेदन के माध्यम से बताया कि वर्तमान समय में 150 छात्र रह रहे है परन्तु कोई सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। चहारदीवारी नहीं होने के कारण कभी कभी असामाजिक तत्व के लोग शाम ढ़लते ही छात्रावास परिसर में आकर शोरगुल तथा अमान्यवीय व्यवहार करते है, इसके कारण से छात्रों को काफी परेसानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावे पानी, शौचालय, छत का रिसाव, लाईब्रेरी, खेल सामग्री की भी समस्या है। इस पर अपर समाहर्ता ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी को जांच कर प्राक्कलन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिससे छात्रों को छात्रावास में रहने और पठन पाठन करने में समस्या न हो। वहीं एक मामला अबुआ आवास से संबंधित प्राप्त हुआ है जिसमें जिला पंचायती राज पदाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया गया।जनता दरबार का आयोजना समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में की गई। उन्होंने एक एक कर जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। इसके अलावा जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अबुआ आवास, राशन कार्ड, शौचालय, चापानल, बैंक, तालाब जीर्णोद्धार से संबंधित समेत अन्य मामला शामिल है। अपर समाहर्ता ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया।बताते चले की मंगलवार और शुक्रवार को 11 बजे से 1 बजे तक उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार का आयोजन कर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुन निष्पादन किया जाता है।

# साप्ताहिक जनता दरबार का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से मुआवजा, नियोजन, जमीन रशीद, वृद्ध पेंशन, आबुआ आवास, ग्रीन कार्ड को पिला कार्ड करने संबंध आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना प्रशिक्षण का केंद्र, सुविधाओं की कमी भगवान भरोसे होती है ट्रेनिंग




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रशिक्षण का केंद्र बना हुआ है। जहां जिला के सभी प्रखंड से सिएचओ, सेविका, सईया, सहीया साथी, स्वास्थ्य कर्मी का प्रशिक्षण इन दिनों करवाया जाता है। लेकिन प्रशिक्षण लेने वाले लोगों को बिजली पानी जैसे अनुकूल सुविधा की कमी हर बार होती है। कई बार लोगों ने शोर शराबी किया है। बताते चलें कि मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण सिएचओ को दिया जा रहा था। प्रशिक्षण दिलाने के लिए रांची से आए डॉ सुशांत अग्रवाल उज्जवल कुमार राय ने सुविधाएं ना मिलने पर नाराजगी जताई। डॉ से पूछे जाने पर बतलाए की सुविधा रहती तो समया अनुसार प्रशिक्षण शुरू करवा दिया जाता। परंतु यहां आनेको परेशानियों हैं। जिससे विलंब से प्रशिक्षण की शुरुआत हुआ है। जहां प्रशिक्षण में बतलाएं की सिएचओ के माध्यम से लोगों को जोड़ना है। और उन्हें काम करने की जानकारी बताना है। उपस्थित सिएचओ प्रशिक्षण ले रहे लगभग 96 लोग उपस्थित थे।

## राणा नामक कंस्ट्रक्शन कंपनी में अवैध बालू की ढुलाई व भंडारण जोरो पर



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी के 1 नंबर गेट के बगल जोड़ा तलाब स्थित राणा नामक कंपनी में इन दिनों अवैध बालू की भंडारण तथा ढुलाई बेतहाशा किया जा रहा है। एनटीपीसी के अन्य अंतर्गत छोटी-बड़ी कंपनियों से खनन्न विभाग की क्या है रिश्ता या तालुकात जो नहीं करते करवाई। अवैध बालू करोबारी बड़हन नामक व उमेश व्यक्ति द्वारा रात के अंधेरों में बसेरिया नदी तो कभी दुंदुआ तो टंडवा के बराज के आगे नदी से ट्रैक्टरों द्वारा करते हैं बालू की ढुलाई। पहिले दिन के उजाले में बालू ढुलाई हुआ करता था अब रातों की अंधरों में एनटीपीसी के 01 नंबर गेट के बगल में राणा नामक कम्पनी में स्टॉक है जो दिन भर के रोज के हिसाब से बालू गिराया जाता है। बालू माफियाओं पर शिकंजा नहीं कसे जाने पर खनन्न विभाग पर सवाल उठाना भी लाजमी बन गया है। जिससे राज्य सरकार को लाखों-करोड़ों रुपये की नुकसान की खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला सूचना एवम जनसंपर्क कार्यालय के तत्वाधान में लातेहार प्रखंड के तरवाडीह ग्राम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहने का अपील की। संस्था के कलाकारों ने नाटक के माध्यम से बताया कि सरकार के द्वारा समाज के तबके के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष से कम आयु की महिलाओं को प्रति वर्ष 12 हजार रूपये दी जायेगी। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। आगे बताया कि सरकार ने हड़िया एवं दारू बेचने वाले महिलाओं के लिए फूलों झानो आशीर्वाद योजना लाई है। इसके तहत ग्रामीणों को बिना किसी ब्याज के ऋष्ण दिया जाता है। इसके अलावा उन्होंने पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, मुख्यमंत्री हरित योजना आदि की जानकारी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। नुक्कड़ नाटक में युगेश्वर राम ने शराबी, बसंती देवी ने पत्नी, काजल ने बेटी और प्रतिमा ने सहेली का अभिनय किया।

# आईडीए, एमडीए कार्यक्रम को लेकर सीएचओ एवं एएनएम को मिला प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मंगलवार को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरवाडीह में सीएचओ एवं एएनएम को (फाईलेरिया) आईडीए एमडीए कार्यक्रम को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी एएनएम और सीएचओ इस प्रशिक्षण में भाग लिये। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जयंत लकड़ा ने बताया कि आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले फाईलेरिया कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक देबानजन बेनर्जी ने फाईलेरिया रोग के बारे में बताया कि मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटे जाने से लोग फाईलेरिया रोग से ग्रसीत हो जाते हैं, इसका लक्षण एवं प्रभाव पाँच से सात वर्षों में दिखाई देता है। यह एक लाईलाज बीमारी है। उन्होंने कहा कि जानकारी एवं जागरूकता से ही इस बीमारी से बचा जा सकता है, फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन लक्षित समुदाय के लोगों को शत प्रतिशत खिलाई जानी है। साथ ही जिले में चल रहे सम्पूर्णता अभियान को लेकर नीति संकेतो पर भी चर्चा किया गया और बताया गया कि आगामी 30 सितम्बर तक सम्पूर्णता अभियान का कार्यक्रम चलेगा।

## भूमि विवाद को लेकर टंडवा थाना में लगाई गई जनता दरबार



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भूमि विवाद को लेकर टंडवा थाना परिसर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जहां जनता दरबार में फरियादी जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने थाना पहुंचे थे। जिला प्रशासन के निर्देश पर मंगलवार को इंस्पेक्टर अनिल उरांव व अंचलाधिकारी विजय दास के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से भूमि विवाद को लेकर लोग पहुंचे थे। इस दौरान कई गांवों से एक दर्जन मामले आए। कई मामलों को दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से निष्पादन किया गया। वहीं बाकी मामलों को लेकर अगले जनता दरबार में बुलाया गया।

## दुगिला में रुआर कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुगिला में अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के झारखण्ड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उराँव प्रधानाध्यापिका रोसालिया तिर्की, ने सभी बच्चों को प्रतिदिन विधालय आने का आग्रह किया। एवं अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विधालय भेजने का अपिल किया। कमलेश उरांव ने कहा कि शिक्षा एक वो शेरनी का दूध है जो जितना पियेगा उतना ही दहाड़ेगा, क्योंकि शिक्षा हमें ज्ञान, कौशल, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और समाज में एक सकारात्मक भूमिका निभाने में मदद करती है। शिक्षा हमारे व्यक्तित्व चरित्र और आदर्शों का निर्माण करती है। शिक्षा हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है। और हमें देश के विकास और प्रगति में योगदान करने का अवसर देती है। मौके पर माता समिति अध्यक्ष सोनिया देवी, संयोजिका जीरा देवी, सदस्य मुनियां देवी, मनी देवी, सुनियां देवी उपस्थित रहे।

## सोलर जलमिनार के साथ लगे चापाकल तीन महीनो से खराब, ग्रामीण पेयजल को परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत शिबला पंचयात के ग्राम मकरा स्थित बघौता टोला मे जल जीवन मिशन के तहत सोलर जलमिनार के साथ लगाए गये चपानल पिछले तीन महीनों सें ख़राब पड़ा हुआ है. जिससे ग्रामीणों को पेयजल व अन्य दैनिक कार्य हेतु भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण राजु कुमार रवि, मोहन कुमार रवि, लीलावती देवी, प्रतिमा देवी, सविता देवी, सुषमा देवी सहित कई ग्रामीणों नें बाताया की सोलर जलमिनार के साथ लगे चपानल ख़राब होने के कारण हमलोगो को पीने के पानी के साथ अन्य दैनिक कार्यों हेतु परेशानी हो रही है। गर्मी के दिनों मे सोलर जलमिनार सें ही अपना पेयजल एवं दैनिक कार्य पूरी कर लेते थे लेकिन अभी बरसात मे धुप नहीं निकलने के कारण जलमिनार सें पानी आना बंद हो जाती है। जिससे हम सभी ग्रामीणों को बरसात के मौसम मे काफी दूर जाकर कुएँ का पानी लाकर पीना पड़ रहा हैं. बरसात मे कुएँ के दूषित पानी पीने सें बच्चों के साथ साथ हम सभी बीमार पड़ते रहते हैं. यहां लगभग 25 परिवार रहते है.जो यही जलमिनार तथा चपानल के सहारे आश्रित है. वही ग्रामीणों नें प्रखंड प्रशासन व उपायुक्त सें जलमिनार के साथ मे लगाए गये चपानल को दुरस्त करवाकर पेयजल बहाल करने की मांग की है।

# खपरैल भवन के एक रूम में 5 साल से पढ़ाई कर रहे है बच्चे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड के चैनपुर पंचायत के औरा टोली राजकीय प्राथमिक विद्यालय में जर्जर खपरैल के एक रूम में पढ़ाई करते है बच्चे। झारखंड में तमाम दावे वादे के बीच सरकारी स्कूल के तस्वीर नही बदल रही है। मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जा रहे है बच्चे। चैनपुर पंचायत के औरा टोली स्कूल भवन टूट कर गिर रहे है जिससे के डर से खपरैल भवन में चला रहे है स्कूल शिक्षक स्कूल में लगभग 40 बच्चे नामंकित है जिससे की उपस्थिति 30 बच्चे की होती है कारण है कि लोग भवन के चलते नही आना चाहते है जिससे बच्चे की भविष्य अंधकार मय हो रहा है। तेज धूप और बारिश होने से बच्चे लौट जाते घर अभी बरसात का मौसम है जिससे हर रोज अभी बारिश होते रहती है और खपरैल भवन से पानी टपकने लगता है जिससे बच्चे को पढ़ने ने दिक्कत आती है। खपरैल भवन में एक भी दरवाजा नही है झाड़ी का दरवाजा बना के किसी तरह काम चलाते है बताते चले की खपरैल घर में भी एक भी दरवाजा नही है झाड़ी का दरवाजा बना के लगाए है शिक्षक पुराने स्कूल भवन इतना जर्जर हो गया की हर दिन टूट टूट का गिरता है छत। स्कूल के रसोइया क्या कहती है सरिता देवी सरिता देवी कहती है स्कूल का हालत काफी खराब हो गया है देखने वाला कोई भी नही है स्थानीय ग्रामीण लॉरेंस क्या कहते है कहते है स्कूल का हालत जर्जर बना हुआ कई बार लिखित आवेदन दिया जा चुका पर आज तक कोई पहल नही किया गया है। 5 साल से इसी खपरैल भवन में चल रहा है स्कूल।

## मारंगी व सिन्दूरबे गांव में वन समिति का हुआ गठन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ अंतर्गत मारंगी व सिन्दूरबे गांव में वन अधिकार अधिनियम के तहत वन समिति गठन करने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई।बैठक में मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव मुख्य रूप से मौजूद थे। मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव ने उपस्थित ग्रामीणों को वन अधिकार अधिनियम से सम्बंधित जानकारी दिया। 15 सदस्यी वन समिति का गठन किया गया। जिसमें सात महिलाएं व आठ पुरुष का गठन किया गया। बैठक में काफी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित थे।

# पानी टंकी के घटिया निर्माण कार्य पर भड़के अभियंता, काम बंद करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के मॉडल पंचायत मंगरा और उकामाड़ पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एव स्वच्छता विभाग से गांव - गांव तक पाइप लाइन से पेयजलापूर्ति के लिए मंगरा कोयल नदी से उकामाड़ पंचायत के मुरु गांव में हजारों लीटर कैपेसिटी के बनाए जा रहे पानी टंकी निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिससे ग्रामीणों मे भारी आक्रोश देखा जा रहा है। जहां पानी टंकी के घटिया निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत मिलने पर विभागीय कनीय अभियंता प्यूस कुमार ने मंगवार को टंकी निर्माण कार्य का जायजा लिया। जांच के दौरान उन्होंने कहा कि पानी टंकी निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा भारी लापरवाही की जा रही है पानी टंकी निर्माण में झारखण्ड सरकार के द्वारा जो लिस्टेड स्टील है उस स्टील का उपयोग नहीं कर दूसरे लोकल कम्पनी का स्टील लगाया जा रहा है। जो संवेदक की मनमानी कहा जा सकता है। पानी टंकी निर्माण कार्य में लगे सभी कॉलम स्टील को हटाने को कहा गया है और तत्काल कार्य बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारी उपस्थिति में ही पानी टंकी का निर्माण कार्य होगा। उन्होंने बताया कि हमने संवेदक की लापरवाही की शिकायत विभाग के वरिय अधिकारियो को दे दिया है। **दर्जनों मजदूरों को नही मिला मजदूरी, आक्रोश :** पानी टंकी निर्माण कार्य में लगे दर्जनों मजदूरों को लाखो रुपये की मजदूरी बकाया है मजदूर अपनी मजदूरी की मांग को लेकर कार्य स्थल पर हंगामा किया। वहीं मजदूरों में संवेदक के प्रति आक्रोश देखा गया। मजदूरों में राजेश्वर यादव, मुन्ना यादव, गुड्डू यादव, साईड इंचार्ज मंटू सिंह, ट्रेक्टर मालिक हुलास सिंह समेत कई मजदूरों का मजदूरी बकाया है।

# सरकारी सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही पहली प्राथमिकता होगी : दिनेश कुमार मिश्रा

## नए अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने किया पदभार ग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारू :** प्रखंड में नये अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को योगदान दिया। निवर्तमान अंचला अधिकारी संतोष बैठा से पदभार ग्रहण किया। जिसके बाद एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें अंचल के विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।अपने संबोधन में दिनेश कुमार मिश्रा ने अंचल की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जाति, स्थानीयता, आय और जमीन मोटेशन से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन उनकी पहली प्राथमिकता होगी। तथा अंचल के लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ जल्द से जल्द और सरलता से प्राप्त हो सके, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही, मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना और सरकारी सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। इस दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों से विभिन्न प्रक्रियाओं और लंबित मामलों की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि जनता समस्या या शिकायत के लिए सीधे उनके कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। मिश्रा ने विश्वास दिलाया कि अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दी जाएगी।

## बज्रापात से तीन मवेशी की मौत



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत रहेया ग्राम निवासी कईल लोहरा के दो गाय की बज्रपात से मौत हो गई. इधर भरत लोहरा ग्राम बनवार के टोला पंकुरवा निवासी की भी एक बैल का बज्रापात से मौत हो गया. पीड़ित कइल लोहरा ने बताया की मंगलवार दो पहर के आसपास अचानक मौसम का मिजाज बदल गया. और कड़क मलक के साथ तेज बारिश होने लगी. बगल मे मेरे दोनों गाय चर रही थी. बारिश बचने के लिए दोनों गाय जा रहे थे की अचानक बज्रपात हो गया जिससे दोनों गाय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. इधर बनवार पंकुरवा ग्राम निवासी भरत लोहरा का भी बैल की बज्रापात से मौत हो गई. तीनो मवेशीयों के मौत होने से लगभग पचास हजार की आर्थिक नुकसान हुआ है. दोनों पशुपालको ने बताया हमलोग गरीब किसान हैं. पशुओं के मौत से कमर सी टूट गई है. आपदा विभाग से मुआवजा दिलाने की गुहार लगायी है।

# सांसद मनीष जायसवाल का प्रयास लाया रंग

## अब राजकीय महोत्सव के रूप में मान्यता दिलाने हेतु प्रस्ताव हुआ पारित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सम्पन्न पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सार्थक पहल पर सुप्रसिद्ध हजारीबाग के रामनवमी महापर्व को अब राजकीय महोत्सव के रूप में मान्यता दिलाने हेतु प्रस्ताव पारित करते हुए सूचीबद्ध किया गया। कहा गया कि हजारीबाग का महारामनवमी पर्व झारखंड ही नहीं बल्कि देश- विदेशों में भी काफी ख्याति प्राप्त है। बाहर रहनेवाले रामभक्तों को यह महापर्व आकर्षित करता है। रामनवमी के दशमी के दिन शहर तथा कई प्रखंडों में सैकड़ों झाकियां निकाली जाती है। अतः लाखों रामभक्तों के आस्था व खुशी के लिए रामनवमी महापर्व को राजकीय महोत्सव के रूप में मनाने के लिए सूचीबद्ध किया गया जो सुखद परिणाम देनेवाला साबित होगा। इसके बाद सांसद श्री जायसवाल के माध्यम से छड़वा डैम स्थित काली मंदिर क्षेत्र, नरसिंह स्थान मंदिर परिसर, बड़कागाँव स्थित बुढ़वा महादेव स्थल, केरेडारी स्थित कंडाबेर माता स्थान परिसर, विष्णुगढ़ के बनासो मंदिर परिसर, हजारीबाग नेशनल पार्क, बड़कागाँव के इसको गुफा, शहर के प्रसिद्ध कंनहरी हिल, पदमा किला, शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर, बड़कागाँव पकरी बरवाडीह स्थित



मेगालीथ साईट, सदर प्रखंड के बिरबीर अवस्थित मेगालिथ स्थल, टाटीझरिया स्थित झाझरिया वाटर फाल, चुरचू प्रखंड स्थित इंद्रा तथा जरवा मंदिर प्रक्षेत्र, बरही स्थित सूर्य मंदिर परिसर, चौपारण प्रखण्ड अंतर्गत पांड़ेबारा के बाबा विश्वकर्मा मंदिर परिसर, चंदवारा के पोचो गांव स्थित महादेव मंदिर परिसर, बड़कागाँव स्थित मुड़ली पहाड़ क्षेत्र, केरेडारी के छतीसो माता स्थान, बड़कागाँव के बरसो पानी, हजारीबाग झील परिसर, केरेडारी प्रखंड के घाघरा जलप्रपात, दूमारो जलप्रपात, विष्णुगढ़ के कोनार डैम, विष्णुगढ़ के जमुनिया डैम, सदर प्रखंड स्थित सिलवार जग्गनाथ धाम मंदिर परिसर, विष्णुगढ़ के बनासो मंदिर परिसर, चौपारण स्थित ताजपुर के शिव मंदिर परिसर, चौपारण स्थित देहर गांव के कमला मंदिर परिसर, बरही प्रखंड स्थित खैरोन मंदिर परिसर के अलावे रामगढ जिले के रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर,पतरातू डैम तथा कैथा महादेव मंदिर कैथा को पर्यटक स्थल के रूप में शामिल किया गया है।

## हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने राज्य के लाखों किसानों की आवाज को लोकसभा में रखा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल क्षेत्र के जनहित के मुद्दे को लेकर लोकसभा के बजट सत्र में मुखरता से सरकार का ध्यान आकृष्ट करा रहें हैं। मंगलवार को सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा में किसानों से जुड़ी समस्याओं को रखते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र समेत झारखंड के लाखों किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज की उपलब्धता, उनका विस्तार और कुसुम योजना के अंतर्गत बोरिंग को भी जोड़े जाने की अति महत्वपूर्ण मांग सरकार के समक्ष रखा। अपनी बात रखते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि अध्यक्ष जी मैं कृषि मंत्री और प्रधानमंत्री जी का बहुत आभार



व्यक्त करता हूं कि कृषि आधारभूत संरचना योजना के तहत देश के किसानों को बड़ी राहत दिया है लेकिन मेरा एक सुझाव है जो आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी तक पहुंचाना चाहता हूं। सांसद मनीष जायसवाल ने आगे कहा कि कुछ सिलेक्टिव एरिया जैसे हमारे झारखंड में टमाटर की खेती बहुतायात होती है विशेषकर हजारीबाग में टमाटर और धनिया की खेती बहुत होती है। टमाटर की सेल्फ लाइफ बहुत कम है। ऐसे में व्यक्तिगत किसान और किसानों के छोटे समूह को छोटे-छोटे कोल्ड स्टोरेज का इनकॉरपोरेशन किया जाय तो किसानों को फायदा होगा। साथ ही कुसुम योजना में सोलर पंप का प्रोविजन किया गया है लेकिन इसके साथ अगर बोरिंग का प्रोविजन किया जाए, तो किसानों के लिए हितकर साबित होगा। सांसद मनीष जायसवाल के मांग पर पहल करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन पटल पर उन्हें जवाब देते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया जा सकता है। निजी निवेशक, एफपीओ किसान के समूह एवं स्वयं सहायता समूह कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कर सकते हैं जिससे उनके टमाटर और अन्य फसल सुरक्षित रह सकेंगे।

## विष्णुगढ़ में पर्यटन की असीम संभावना : शेख तैयब



**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय की मौजूदगी में पर्यटन समिति की बैठक की गई। पर्यटन के दृष्टिकोण से हज़ारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की गई। विष्णुगढ़ प्रखण्ड से प्रतिनिधित्व करते हुए विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने विष्णुगढ़ के प्रमुख धार्मिक स्थल एवं पौराणिक स्थलों को पर्यटन के क्षेत्र में बदलने की दशा में अहम सुझाव उपायुक्त महोदया को दिया। जिसमे (1) कोनार डैम को पर्यटन क्षेत्र में विकसित करने। (2)हरिहर धाम विवाह भवन।(3) जमुनिया डैम जलक्रीड़ा क्षेत्र में विकसित करने ।(4)बागेश्वरी महामाया मंदिर सुंदरीकरण।(5)त्यागी बाबा मंदिर बोदरा का सुंदरीकरण।(6)पाण्डेयडीह कर्बला का सुंदरीकरण। समेत अन्य बातों को उपायुक्त महोदया के समक्ष रखा। इस बाबत जिप सदस्य शेख तैयब ने कहा कि मैं सभी धर्मो का बराबर सम्मान करता हूँ,और विष्णुगढ़ का समुचित विकास हो यही दिली तमन्ना रहती है। अचानक हुए घटनाक्रम में आकस्मिक माण्डू विधानसभा विधायक विहीन हो गया इसकी वजह से बगोदर विधानसभा के विधायक विनोद सिंह का विधायक प्रतिनिधि होने के कारण मेरा दायित्व और बढ़ जाता है,और मैं अपनी जिम्मेदारी से कभी पीछे नही हटूँगा।

## अवर निबंधक विकाश कुमार का तबादला रद्द करने के लिए मंत्री से की मुलाकात



**बरही :** बरही विधायक उमाशंकर अकेला मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण, नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य निबंधन विभाग मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात कर लिखित ज्ञापन देकर मांग किया है कि बरही अवर निबंधक विकाश कुमार का तबादला रद्द किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मंत्री को अवगत करवाया है कि बरही काफी बड़ा अनुमंडल क्षेत्र है। जिसमें बरही, चौपारण, पदमा, बरकट्ठा, चलकुशा जैसे पांच बड़े बड़े प्रखंडों का एक इकलौता निबंधन कार्यलय बरही में स्थित है। जिसके निबंधन पदाधिकारी विकास कुमार का तबादला कोडरमा जिला निबंधन पदाधिकारी के रूप में हो गया है, जबकि बरही अवर निबंधक पदाधिकारी के रूप में किसी को पदस्थापित नही किया गया है। जिसे लेकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने मांग किया है कि अवर निबंधक पदाधिकारी बरही विकाश कुमार का तबादला रद्द किया जाए अन्यथा अतिरिक्त प्रभार देकर उन्हें अवर निबंधक पदाधिकारी बरही के रूप में कार्य करने की जिम्मेवारी दी जाए।

## भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ने झारखंड को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की



**बड़कागांव :** भाजपा पूर्वी उरीमारी मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने झारखंड सरकार से झारखंड को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा झारखंड में कमजोर मानसून रहने के कारण खरीफ फसल की बुवाई पर जोरदार असर पर पड़ा है। बारिश की कमी के कारण खेतों में बिचड़े मार रहे हैं खेत पूरा सुखा हुआ है। खेतों में पानी नहीं होने के कारण रोपनी का कार्य नहीं हो पा रहा है। जहां जुलाई माह में रोपनी का काम समाप्त हो जाता था परंतु अगस्त माह शुरू होने को है और धान रोपाई कार्य पूर्ण रूप से शुरू नहीं हुआ है। किसानों के बीच चिंता की लकीर खींची हुई है। किसानों ने महंगे खाद बीज कर्ज पर लेकर किसी प्रकार से बिचड़े को खेतों में पौध तैयार करने के लिए लगाया है। परंतु बारिश नहीं होने के कारण बिचड़े सुख रहे हैं खेतों में दरार पड़े हुए हैं। अभी तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार मौसम विभाग ने जो आंकड़ा प्रस्तुत किया है वह 45 फ़ीसदी से भी कम बारिश होने का अनुमान लगाया है। अशोक साव ने झारखंड सरकार से अपने अधिकारियों को क्षेत्र में भेज कर समीक्षा करने हेतु आग्रह किया है और झारखंड को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की है, ताकि किसानों को भुखमरी की समस्या से बचाया जा सके एवं उसके परिवार का भरण पोषण हो सके। उन्होंने कहा किसानों के लिए ऋण माफी योजना को अति शीघ्र लागू कर ऋण माफ किया जाए।

## चुरचू प्रखंड मुख्यालय सभागार मे खरीब फसल का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**चरही :** मंगलवार को चुरचू प्रखंड मुख्यालय सभागार में एक दिवसीय खरीब फसल का कार्यशाला 2024 का आयोजन किया गया।जिसमें कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक मे खरीब फसल को लगाने के लिये प्रोत्साहित किया गया और जानकारी दिया गया की हमलोगो को किस तरह खरीब फसल को लगा सकते ताकि उपजाऊ अधिक हो। वही मुख्य रूप से चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो, कृषि पदाधिकारी कासीनाथ गुप्ता महिला समूह के सभी ग्रुप के महिला शामिल थे।

## बाबा धाम से वापस लौटने के दौरान बरहीडीह के युवक की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**बरही :** बरही पश्चिमी पंचायत के बरहीडीह गांव के 27 वर्षीय अनिल ठाकुर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह बाबा धाम से लौटते समय गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मारा गया। अनिल अपने पीछे मां, पत्नी और एक बच्चे को छोड़ गया है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। अनिल कोलावरी रांची में नौकरी करता था। स्थानीय मुखिया शमशेर आलम और अन्य समाजसेवियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## पचड़ा सीसीएल चंद्रगुप्त का मामला विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** विधानसभा सत्र के तीसरे दिन बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने पचड़ा में प्रस्तावित सीसीएल चंद्रगुप्त का मामला विधानसभा में उठाया। विधायक ने सदन का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचड़ा में सीसीएल की प्रस्तावित चंद्रगुप्त परियोजना के निमित्त बार-बार कराई जा रही ग्राम सभा स्थानीय ग्रामीण रैयतों के भारी विरोध के कारण सफल नहीं हो पा रही है। विगत दिनों पूर्व भी सीसीएल द्वारा आम सभा कराई गई जिसका भारी





विरोध? ग्रामीणों द्वारा किया गया, वहीं उक्त क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि यथा प्रमुख, मुखिया के द्वारा भी परियोजना का खुलकर विरोध किया जा रहा है लेकिन जिला प्रशासन व जिले के अधिकारियों द्वारा कंपनी के पक्ष में आमसभा को सफल घोषित कराने का षड्यंत्र रच रही है जो कि आम जनमानस के हित में नहीं है। उन्होंने सदन में मांग किया कि पचड़ा में सीसीएल की प्रस्तावित चंद्रगुप्त कोयला परियोजना के निमित्त कराई गई आम सभा को रद्द करते हुए बगैर ग्रामीणों के सहमति के कंपनी द्वारा किसी प्रकार का कार्य पर रोक लगाई जाए ।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने एकादश कार्यक्रम पर भक्ति जागरण मंच का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के केदारुत पंचायत के 75 वर्षीय दिवंगत चंद्रभारती के एकादश कार्यक्रम पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण में अपने सहयोगियों के साथ शामिल हुए विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने सर्वप्रथम दिवंगत के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की, तत्पश्चात भक्ति जागरण के लिए हुए कलाकारों का हौसला बढ़ाते हुए भक्ति जागरण मंच का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। स्थानीय ग्रामीणों के प्यार स्नेह से अभिभूत हुए जागरण के



कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दिया गया, ज्ञात हो कि दिवंगत चंद्रभारती का पिछले 18 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया था,वे अपने पीछे दो पुत्र सोमनाथ भारती राजेश भारती एक पुत्री बुधनी देवी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। भक्ति जागरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद प्रगतिशील फेडरेशन अध्यक्ष मंजीत यादव, सोमनाथ भारती, राजेश भारती, मनजीत भारती ,साहिल भारती, सागर कुमार, डब्लू भगत, शंकर यादव, महेंद्र यादव,धर्मेंद्र यादव, सूरज यादव, डब्लू यादव, विक्की भारती, अरुण भारती, सोनू रविदास, सोनू भारती, समेत सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे शामिल थे।

## बरही विधायक ने जवाहर घाटी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग सदन में उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने जवाहर घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर सदन में मामला उठाया है। विधायक श्री अकेला ने सदन में मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग से सवाल किया है कि क्या यह बात सही है कि हजारीबाग एवं कोडरमा जिले में स्थित जवाहर घाटी प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। मंत्री ने इसका स्वीकारात्मक जवाब दिया है। इसके अलावा क्या यह बात सही है कि सैकड़ों पर्यटक यहाँ पर नौका विहार एवं भ्रमण करने हेतु आते है। सम्बंधित मंत्री ने भी इसे





स्वीकारात्मक जवाब दिया हैं। विधायक श्री अकेला ने सदन में मामला उठाया है कि यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जवाहर घाटी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हां, तो कब तक, नहीं तो क्यों? मंत्री ने जवाब दिया है कि प्रश्नाधीन स्थल पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित नहीं है। जिला पर्यटन संवर्धन परिषद व तदोपरांत राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की अनुशंसा के आलोक में पर्यटन, कला संस्कृत्ति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा किसी भी स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित किया जाता है जिसके पश्चात उक्त स्थल के विकास हेतु राशि उपलब्ध कराई जाती है। विभागीय पत्रांक 1139 दिनांक 25.07.2024 द्वारा उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव जिला पर्यटन संवर्धन परिषद के समक्ष विचारार्थ रखने हेतु उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला पर्यटन संवर्धन समिति, हजारीबाग एवं कोडरमा को निर्देशित किया गया है। साथ ही जिला पर्यटन संवर्धन परिषद द्वारा प्रस्ताव विभाग को भेजने की कार्रवाई की जा रही है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि जवाहर घाट पर्यटन के रूप में विकसित होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, साथ ही क्षेत्र विकसित करेगा। इसके अलावा राज्य सरकार को भी राजस्व का फायदा होगा। कहा कि पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने से पर्यटकों के चहल कदमी से आस पास का इलाक़ा गुलज़ार रहेगा।

## हजारीबाग सांसद के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अनियमितताओं पर हुई कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में व्याप्त अनियमितता और चिकित्सीय लापरवाही को लेकर मंगलवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनसे जुड़े रंजन चौधरी ने मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. विनोद कुमार से मिलकर वार्ता की। रंजन चौधरी ने अधीक्षक डॉ.विनोद कुमार को बताया की घंटों तक अस्पताल के इमरजेंसी सेवा स्थल ट्रॉमा सेंटर में ड्यूटी डॉक्टर के अनुपस्थित रहने, समय पर वार्डो में राउंड नहीं होने, चिकित्सा कर्मियों की मनमानी चरम पर होने और महीनों से बर्थ सर्टिफिकेट पेंडिंग



रहने के मामले से विस्तार से अवगत कराया। महीनों से करीब 600 से अधिक बर्थ सर्टिफिकेट पेंडिंग होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है । रंजन चौधरी द्वारा हॉस्पिटल की कुव्यवस्था से अवगत कराने के बाद तत्काल संज्ञान लेते हुए सुपरिटेंडेंट डॉ. विनोद कुमार ने बर्थ सर्टिफिकेट पेंडिंग मामले में तत्काल संबंधित कर्मी से बात करके फटकार लगाया और अबिलंव बर्थ सर्टिफिकेट इशू करने का निर्देश दिया।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय का सूचना तंत्र फेल : करोड़ों के घोटाले और असंवैधानिक कार्यों का जवाब नहीं दे रहा है विश्वविद्यालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के जन सूचना केंद्र पिछले कई वर्षो से सुसुप्त अवस्था में चला गया है।किसी भी प्रकार का कोई भी सूचना माँगे जाने पर कोई जवाब नहीं दिया जाता है।जन सूचना पदाधिकारी से सूचना माँगे जाने के एक महीने बाद प्रथम अपील करने पर भी कोई कारवाई नहीं की जाती। इस पूरे मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के चंदन सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि छात्रों के शिक्षा से संबंधित जानकारी जैसे विश्वविद्यालय में साइबर डिफेंस की पढ़ाई किस महाविद्यालय में होती है,कितने छात्र पढ़ाई करते हैं और कितने शिक्षक है जैसे मामूली सवाल का जवाब भी विश्वविद्यालय नहीं देता है।वहीं परीक्षा विभाग,फाइनेंस विभाग,छात्र कल्याण और प्रोक्टर सेक्शन से भी सूचना अधिकार में पूछे गये सवाल का जवाब महीनों बाद तक नहीं दिया गया है। पूरे मामले में प्रभारी कुलपति को कई बार पत्र भी लिखा परंतु कोई कारवाई नहीं की गई,कुलपति विश्वविद्यालय के नियम क़ानून और अधिकार से अनभिज्ञ हैं ऐसे में यहाँ के पदाधिकारी उन्हें आसानी से बरगला रहे हैं। चंदन सिंह ने कहा है कि सूचना नहीं देना और कुलपति के इन मामलों में कारवाई नहीं करना पूरे विश्वविद्यालय की प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है उन्होंने इस मामले में जन सूचना पदाधिकारी से



वार्ता किया तो उन्होंने कहा कि उन्हें सूचना उपलब्ध नहीं कारवाई जा रही इस लिये वो सूचना उपलब्ध करवाने में असमर्थ हैं। इस पूरे मामले में श्री सिंह ने वैसे पदाधिकारी जो विश्वविद्यालय में हो रही लूट को छुपाने में भागीदार हैं और जन सूचना पदाधिकारी के साथ प्रथम अपीलिय पदाधिकारी को कोई कार्य करने में असमर्थ होने की स्थिति में पद छोड़ देने का आग्रह किया है।

## बड़कागांव में दर्जनों लोगों ने थामा आजसू पार्टी का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गुरुचट्टी स्तिथ आजसू पार्टी के आवासीय कार्यालय में मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड सह सचिव घनश्याम मेहता व संचालन केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने किया। मौके पर समाजसेवी शशि कुमार मेहता के नेतृत्व मे अशोक कुमार सिन्हा, लालबाबू सिंह, सूरजकांत तिवारी, अजय कुमार तिवारी, सुरेश कुमार राणा, बालेश्वर राणा, अमित कुमार तिवारी आदि आजसू पार्टी में शामिल हुए। वही बरवाडीह गांव से भी दर्जनों लोगो ने आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रौशन लाल चौधरी के बड़कागांव विधानसभा के प्रति निष्ठा और कुशल नेतृत्व से प्रभावित



होकर आज आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर सभी को आजसू नेता रौशन लाल चौधरी ने माला व पार्टी का पटा पहनकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा बड़कागांव विधानसभा का समुचित विकास करना है मुख्य लक्ष्य है। आगे उन्होंने कहा कि मुझे एक मौका दें मैं बड़कागांव को झारखंड का नंबर वन विधानसभा बनाने का काम करूंगा। क्योंकि मैं और हमारी आजसू पार्टी जात-पात और तुष्टिकरण की राजनीति नहीं सिर्फ और सिर्फ विकास की राजनीति करती है। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव नागेश्वर तुरी, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश महतो, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, वरिष्ठ नेता रवि राम, सुरेश गिरी, सब्बू खान, रंजीत महतो, राजेश्वर महतो सहित अन्य आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बज्रपात से अलग अलग जगहों पर चार मवेशियों की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड में 30 जुलाई को हुई बारिश और बज्रपात से चार मवेशियों की मौत हो गई। गरी कलां में बिरजू साव के दो बैल और जोरदाग में सुरेश महतो की गर्भवती गाय व छोटेलाल महतो की एक गाय की बज्रपात से मृत्यु हो गई। बिरजू साव भी आंशिक रूप से घायल हो गए। मवेशी स्वामियों ने केरेडारी सीओ से आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजे की मांग की है।

## अंतर्राज्यीय बस अड्डा निर्माण हेतु मुआवजा भुगतान नोटिस पर रैयतों ने जताई आपत्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भू-अर्जन पदाधिकारी के अर्न्तराज्यीय बस अड्डा निर्माण हेतु मुआवजा भुगतान नोटिस पर रैयतों ने आपत्ति जताया है। इस संबंध में सभी रैयातो ने अवर सचिव रांची, हजारीबाग सांसद, उपायुक्त हजारीबाग, अपर समरहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भू अर्जन पदाधिकारी को पत्र लिखकर उक्त जायज भूमि अधिग्रहण का भुगतान 30 लाख रुपए प्रति कट्ठा के दर पर देने की मांग की है। आवेदन के अनुसार भू-अर्जन वाद संख्या 01/2006-07 मौजा कुद नं0 1 थाना नं0 143 एवं अंचल सदर जिला हजारीबाग में अर्न्तराज्यीय बस अड्डा निर्माण भूमि अधिग्रहण के संबंध में रैयतों को नोटिस भेजा गया है। उक्त मामले में रैयतों ने जानकारी प्राप्त किया कि अंचल सदर हजारीबाग की कुल जमा 8.10 एकड़ है।

**क्या है नया भू-अर्जन अधिनियम :** बता दे कि 1 जनवरी 2014 से परे देश में नये भू-अर्जन अधिनियम प्रवृत हो गया है। उक्त अधिनियम की धारा 24 (2) में स्पष्ट प्रावधान है कि अधिनियम की लागू होने की तिथि से 5 वर्ष पूर्व या इससे पूर्व के भू-अधिग्रहण मामलों में यदि भूमि अधिग्रहण के 5 वर्ष



के अन्दर अध्याची विभाग द्वारा भूमि का उपयोग नहीं किया गया हो या मुआवजा राशि भू-स्वामी को प्रदान ना की गई हो तो वैसे स्थिति में अधिग्रहण अवैध माना जायेगा।

**भुगतान नोटिस में गलत दर्शाया :** भुगतान नोटिस में यह गलत दर्शाया गया है कि 6 मई 2013 एवं 15 जून 2015, 28 अगस्त 2015 को अर्जित जमीन का मुआवजा भुगतान की नोटिस दी गई थी। रैयतो का कहना है कि भू-अर्जन अधिनियम के दफा 24 (2) के तहत अधिग्रहण की अभिलेख व्ययगत (Lapse) हो गया है। इसके बावजूद पुराने अधीनस्थ अधिनियिम 1894 के तहत मुआवजा प्राप्ति हेतु जबरन नोटिस दी गई है। अग्रसर कार्रवाई की धमकी दी जा रही है।

**भू-अर्जन पदाधिकारी के द्वारा भुगतान प्राप्त करने दबाब :** भू-अर्जन पदाधिकारी के द्वारा मुआवजा भुगतान प्राप्त करने के दबाव से रैयतों में घोर विरोध एवं असंतोष व्याप्त है। ज्ञात हो कि कुद नं0 1 हजारीबाग शहर के चौहदी बिल्कुल सटा हुआ मौजा है जहाँ हजारीबाग रेलवे जंक्शन अवस्थित है। साथ ही हजारीबाग चतरा एनएच 100 पर अवस्थित है। कुद नु0 1 की जमीन आवासीय वो बहुमूल्य है जिसका वर्तमान बाजार मूल्य तीस लाख रूपया प्रति कट्ठा है। भू-अर्जन वाद 01/2006-07 के व्ययगत अभिलेख के आधार मुआवजा भुगतान नोटिस को निरस्त करने की कृपा की जाय। रैयत विकास में व्यवधान बिल्कुल नहीं करना चाहते हैं। हम सब रैयतों की मांग है कि भू-अर्जन अधिनियम 2013 के तहत अर्जन की प्रक्रिया को अपना कर पंचाट निर्धारण करने की कृपा की जाय। पुरानी अधिनियम एवं अधिघोषणा व्ययगत हो गया है। रैयतों के माँग पर समय पर विचार नहीं किये जाने पर रैयत कानूनन कार्रवाई के साथ-साथ चरणबध आन्दोलन हेतु मजबूर होंगे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड/रामगढ़
रांची, बुधवार, 31 जुलाई 2024 | पेज 9

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा कारगिल युद्ध में शामिल गुरमीत सिंह को किया गया सम्मानित



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में कारगिल युद्ध में लड़ाई किये रामगढ़ के सिख समाज से गुरमीत सिंह को रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सम्मानित किया। रामगढ़ के गुरमीत सिंह कारगिल युद्ध में लड़ाई में शामिल थे। आज हमारा देश कारगिल युद्ध का 25 वा साल मनाया रहा है। सिख समाज के लिए बहुत गर्व की बात है, कि आज रामगढ़ के सिख समाज का एक योद्धा कारगिल युद्ध की लड़ाई में शामिल था। इसको लेकर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में गुरु हरिकिशन जी के प्रकाश उत्सव के मौके पर गुरमीत सिंह को रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से दलजीत सिंह संधू ने कृपाण व सरुपा भेट कर सम्मानित किया गया। जिस तरह से कारगिल युद्ध में देश के जवानों ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ाए थे उस वक्त सिख रेजीमेंट के द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी का व बोले सोनिहाल सत श्रिया अकाल का जयकारा गूंजा था। उसी प्रकार जब गुरुद्वारा साहिब में गुरमीत सिंह जी को सम्मानित किया जा रहा था, ठीक उसी प्रकार सिख समाज के द्वारा जयकारा छोड़ा गया। गुरमीत सिंह फुटबॉल ग्राउंड के सामने ढाबा चलाते है।कार्यक्रम में रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में मुख्य रूप से प्रधान परमदीप सिंह कालरा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा डा नरेंद्र सिंह रणजीत सिंह छाबड़ा जोगिंदर सिंह जग्गी हरपाल सिंह अरोड़ा मनमोहन सिंह लांबा गुरजीत सिंह सलूजा अंकित कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी बंटी चमन नरेंद्र सिंह चमन, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा जगजीत सिंह एलआईसी वाले, जगजीत सिंह जग्गी रमन बेदी अमरजीत सिंह जग्गी हरनीत सिंह जग्गी आदि उपस्थित हुए।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम में किसानों ने परिवार सहित कराया जांच

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एफएमसी इंडिया ने सैंड नेटवर्क के सहयोग से लोहरदगा जिला स्थित शिन्जो गांव में किसानों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में सैकड़ों किसानों और उनके परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लेकर अपना स्वास्थ्य जांच करवाया। इस शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान मुन्नी भगत एवं एफएमसी इंडिया के वरिष्ठ क्षेत्रीय मार्केटिंग मैनेजर सुशांत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में आये लोगों का बीपी, शुगर, वेट, पल्स, ऑक्सीजन सहित अन्य बिमारियों का चिकित्सकों द्वारा जांच एवं उपचार किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत किसान आगामी फसल सीजन के लिए एफएमसी विशेषज्ञ टीम से नई और सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों से अवगत हुए। मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान मुन्नी भगत ने कहा कि आज का यह स्वास्थ्य जांच शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम निसंदेह किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने इस सामाजिक आयोजन के लिए एफएमसी इंडिया व सैंड नेटवर्क की पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी। एफएमसी इंडिया के वरिष्ठ क्षेत्रीय मार्केटिंग मैनेजर सुशांत कुमार ने अपने संबोधन से किसानों को पारिवारिक स्वास्थ्य और कृषि स्वास्थ्य से अवगत कराया। उन्होंने किसानों से अधिक बढे, अधिक जिएं और अधिक बेचें के अनुरूप काम करने को कहा। सुशांत कुमार ने बताया कि एफएमसी इंडिया छोटे खेत धारकों के जीवन को बेहतर बनाने और उत्कर्ष परियोजना के व्यापक लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाने में महत्वपूर्ण प्रगति करने में योगदान देता है।




# रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों में कैंप लगाकर दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता सर्टिफिकेट दिया जायेगा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में 45 दिवसीय विशेष अभियान के तहत रामगढ़ के सभी प्रखंडों में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक कैंप लगाकर दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि रामगढ़ जिले में डाक्टरों की टीम बनाई गई है जो रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों में कैंप लगाकर दिव्यांग बच्चों की जांच करके दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरजरा के स्कूली बच्चों के बीच हुआ साइकिल का वितरण



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव प्रखंड के जरजरा स्थित मंगलवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय के सत्र 2023-24 के अध्ययनरत कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं के बीच कल्याण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा प्राप्त पच्चास साईकिल का वितरण किया गया। बच्चों के बीच साइकिल का वितरण पोटंगा पंचायत के मुखिया चरका करमाली ने किया। मौके पर मुखिया चरका करमाली ने कहा कि विधालय के 18 छात्र और 32 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि साइकिल मिलने से दुर दराज से पैदल स्कूल आने जाने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को विधालय आने जाने में सहुलियत होगी। साइकिल चलाने से बच्चों को शरीर कि तंदरुस्ती बनी रहेगी। मौके पर विधालय के प्रार्चाय रविन्द्र कुमार, विधालय समिति अध्यक्ष रमेश बेदिया,संतोष कुमार,इंदु कुमारी,सोहामनी टुडू,अनिमा टोप्पो, किशोर बेदिया, युगेश बेदिया, फुलचंद बेदिया आदि लोग मौजूद थे।

# मानुवां मे एक मकान पर आकाशीय बिजली गिरा, घर के सभी लोग सुरक्षित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद वार्ड नंबर 11 के मानुवां में राजा उर्फ मोहम्मद इस्लाम पिता मरहुम हाजी सुभानी के घर में मंगलवार को दोपहर करीब के 3ः30 बजे लगभग आकाशीय बिजली इनके मकान पर गिर गया है जिससे उनके घर की बिजली का वायरिंग पूरी तरह से ध्वस्त हो गया और बिजली मीटर पूरी तरह से चकनाचूर हो गया इतना तेज था कि घर का पूरा सामान तक हिल गया। घर में मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं।



# चौकीदार बहाली के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत चौकीदार बहाली के तहत 28 जुलाई 2024 को हुई लिखित परीक्षा के उपरांत 30 जुलाई 2024 को रजरप्पा मुख्य मार्ग (फोरलेन शुभारंभ) पर आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा का मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने निरीक्षण किया।मौके पर उपायुक्त ने शारीरिक दक्षता परीक्षा के तहत चल रहे कार्य लंबाई जांच, रेस ट्रैक आदि का जायजा लेते हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग ले रहे सभी अभ्यर्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नजारत उप समाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।गौरतलब होकि रामगढ़ जिला अंतर्गत चौकीदार बहाली के तहत 28 जुलाई 2024 को हुई लिखित परीक्षा के परिणाम के संबंध में अगर किसी भी अभ्यर्थी को दावा आपत्ति देनी हो तो उन्हें जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सूचित गया गया है कि वैसे अभ्यर्थी 31 जुलाई 2024 संध्या 5ः00 बजे तक जिला समाहरणालय अंतर्गत जिला सामान्य शाखा में आकर दावा आपत्ति दे सकते हैं। इसके लिए पूर्व में निर्धारित ?500 के शुल्क को जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा घटकर ?200 कर दिया गया है वही सभी अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया गया है कि अगर किसी भी अभ्यर्थी का दावा आपत्ति से संबंधित आवेदन सही पाया जाता है तो उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है, जिला प्रशासन द्वारा उनके लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 1 अगस्त 2024 प्रातः 6ः00 बजे से रजरप्पा मुख्य मार्ग (फोरलेन शुभारंभ) पर आयोजित किया जाएगा।

# रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में पूर्व छात्र परिषद रामगढ़ के कोर कमेटी का हुआ विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्र परिषद की बैठक मंगलवार को विद्यालय परिसर में संपन्न हुई।।बैठक की अध्यक्षता पूर्व छात्र परिषद के संयोजक प्रवीण कुमार सोनू ने किया एवं संचालन सहसंयोजक आलोक कुमार अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण चौधरी एवं विद्यालय के आचार्य सह पूर्व छात्र परिषद के समन्वयक दिनेश महतो उपस्थित थे।बैठक में संयोजक श्री प्रवीण ने कहा कि हम सभी के लिए यह सौभाग्य है कि हमारा पढ़ाई सरस्वती विद्या मंदिर से हुआ है जहां हम पढ़ाई के साथ-साथ अपने संस्कृति के बारे में विद्यालय से सीखने को मिला है। यह हम सभी के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर रहा है कि हमलोगों का शिक्षा पूरा होने के उपरांत भी पूर्व छात्र परिषद के संगठन के माध्यम से विद्यालय में जुड़े रहने का अवसर प्राप्त हुआ है। मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्व छात्र परिषद के द्वारा लगातार सामाजिक एवं संगठन के निर्देशानुसार कार्यक्रमों को किया जा रहा है और इसे सशक्त रूप से मजबूती प्रदान करते हुए आज विद्यालय स्तर पर पूर्व छात्र परिषद के कोर कमेटी का भी विस्तार किया जा रहा है।जिससे आने वाले समय में पूर्व छात्र परिषद,रामगढ़ पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि अपने देश में अव्वल स्थान पर रह सकेगा।मौके पर भैया विशाल ने कहा कि पूर्व छात्र परिषद के द्वारा प्रत्येक माह पूर्व छात्र परिषद के द्वारा अपने विद्यालय में करियर काउंसलिंग का भी आयोजन किया जाएगा साथ ही साथ विद्यालय में पढ़ रहे भैया-बहनों के लिए भी आने वाले समय मे पूर्व छात्र परिषद रामगढ़ के द्वारा शिक्षा से संबंधित अनेकों कार्य किए जाएंगे। बैठक में पुराने कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए पूर्व छात्र परिषद के कोर कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें उपस्थित भैया बहनों के सर्व सहमति से पूर्व छात्र परिषद के सचिव भैया विशाल जायसवाल, सह सचिव भैया आनंद बरेलिया, कोषाध्यक्ष भैया विजय अग्रवाल, मातृशक्ति प्रमुख बहन गीता मेहता, विद्यालय संपर्क प्रमुख भैया शैलेश कुमार, कार्यक्रम प्रमुख भैया प्यारे मोहन एवं भैया जयप्रकाश को नियुक्त किया गया।

# रोजगार व विभिन्न समस्याओ को लेकर बिरसा पीओ से मिले क्षेत्रीय सचिव : राजू यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** बिरसा परियोजना कार्यालय स्थित मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास को क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओ से अवगत कराया। जिससे रोजगार, पानी व बिजली कि समस्याओं से रूबरू कराया। जिसपर परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास ने क्षेत्रीय सचिव राजू यादव को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी समस्याओ पर सकारात्मक पहल किया जाएगा। मामले को महाप्रबंधक के समक्ष भी रखा जाएगा। मौके पर सीताराम किस्कू,धर्मदेव करमाली, कानू मरांडी , लालू महतो, कंचन मांझी, दसराम मांझी ,संजय यादव, जतरू बेसरा ,रतन कुमार, विनोद प्रजापति, रवि पवारिया,तालो बेसरा, लखन पर्जापति, कतीलाल मांझी, पप्पू यादव, मुकेश बेसरा अनिल कुमार, अर्जुन कुमार, देवंती देवी , सुशीला देवी , सीमा देवी ,मोनिका देवी, लक्ष्मी देवी ,बसंती देवी, वरुण देवी, वासुदेव सोरेन, राजेश कुमार, शिवकुमार,मुकेश कुमार, चंदन कुमार, राजन कुमार, सनोज कुमार, सिगू मांझी, शिबू ठाकुर, दिपक आदि लोग मौजूद थे।

# पतरातू हेसला अतिक्रमण मुक्त कार्य का स्थानीय लोगों ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** पतरातू प्रखंड अंतर्गत हेसला पंचायत में मंगलवार को अतिक्रमण मुक्त करने गए अधिकारि बिना अतिक्रमण मुक्त किए विरोध के चलते वापस लौटे।इसके पूर्व शुक्रवार को भी अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया था।जिसका कॉलोनी वासियों ने जमकर विरोध किया। विरोध करने के बाद अतिक्रमण हटाने का कार्य रुक गया है। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार जियाडा भूमि से अतिक्रमण हटाने का आदेश प्राप्त हुआ है। इस कारण अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जियाडा भूमि में कुछ लोग अवैध तरीके से रह रहे हैं। पतरातू सीओ अमित भगत ने भी बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार यहां पर अतिक्रमण को हटाने का काम शुरू किया गया है।दूसरी ओर हेसला पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और लोगों ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि हेसला पंचायत में खंडहर नुमा मकानों को जेसीबी मशीन से ध्वस्तकिया जा रहा था। इस पर विस्थापितों ने कहा कि पहले हमें नोटिस दिया जाय। लेकिन लोगों का हंगामा करते देख वे जिन खंडहर नुमा आवासों को तोड़ा जा रहा था। उसे तत्काल तोड़ना बंद कर दिया गया है।दूसरी ओर जनप्रतिनिधि और विस्थापित नेताओं ने यह भी बताया कि विस्थापितों का मामला उच्च न्यायालय मे विचाराधीन है। ऐसे में हेसला पंचायत को उजाड़ना कहीं से उचित नहीं है। अगर पंचायत के लोगों को उजाड़ा गया तो ग्रामीण और कॉलोनी वासियों की ओर से इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। दूसरी और यह भी बताया जा रहा है कि इस जमीन को पेप्सीको कंपनी को दी जा रही है। लेकिन किसी अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है।


## कार्यालय जिला स्वास्थ्य समिति
## (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार)
## सदर अस्पताल परिसर, कोडरमा

E-mail: cs.koderma4@gmail.com

पत्रांक ....................DHS दिनांक ...........................

**Expression of Interest (For Ultrasound)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भ धारण के 18–19वें सप्ताह के बीच एक बार नि:शुल्क अल्ट्रासाउण्ड कराने का प्रावधान है। वर्तमान में सदर अस्पताल कोडरमा एवं अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में रेडियोलॉजिस्ट / अल्ट्रासाउण्ड की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने के कारण जनहित में गर्भवती महिलाओं को 18–19वें सप्ताह के दौरान अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा प्रदान किये जाने हेतु निजी अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों के साथ एकरारनामा किये जाने की आवश्यकता है।

उक्त के आलोक में कोडरमा जिला अन्तर्गत इच्छुक एवं निबंधित अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों से Expression of Interest के तहत गर्भवती महिलाओं के 18–19वें सप्ताह में अल्ट्रासाउण्ड करने के लिए MoU हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती है।

**नियम एवं शर्तें :–**

1. अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र कोडरमा जिले के अंदर होना चाहिए।
2. अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र PC&PNDT Act. के तहत निबंधित होना चाहिए।
3. अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र में गर्भवती महिलाओं को बैठने के लिए प्रतीक्षा स्थल होना चाहिए।
4. अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र में पीने का पानी एवं शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए।
5. अल्ट्रासाउण्ड PC&PNDT Act. के तहत अधिकृत चिकित्सक के द्वारा ही संपादित की जानी चाहिए।
6. अल्ट्रासाउण्ड का दर प्रतिमरीज अधिकतम रू0 400.00 (चार सौ) होगा।
7. आवेदन के साथ निम्न कागजात संलग्न करना आवश्यक होगा–
   1. PC&PNDT निबंधन की प्रति।
   2. निबंधित चिकित्सक का योग्यता प्रमाण–पत्र।
   3. चिकित्सक का झारखंड चिकित्सा निबंधन परिषद से निबंधन प्रमाण–पत्र की प्रति।
   4. संचालक / प्रबंधक का पहचान–पत्र एवं PAN कार्ड की प्रति।
   5. रू0 10000.00 (दस हजार) का डिमान्ड ड्राफ्ट (Refundable) जो सिविल सर्जन, कोडरमा के नाम भुगतेय होगा।
8. अल्ट्रासाउण्ड का दर सीलबंद लिफाफे में जमा करना होगा।
9. सभी कागजात एक सीलबंद लिफाफे में हाथों हाथ या डाक द्वारा दिनांक 10.08.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, कोडरमा में जमा किया जा सकता है।
10. सभी सीलबंद लिफाफे को दिनांक 12.08.2024 को पूर्वाह्न 12:00 बजे सिविल सर्जन कार्यालय में खोला जायेगा।
11. न्यूनतम दर प्रति जाँच वाले अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र को कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा।

PR.NO.331189 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D



## ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–**09/2024-25/EE/BCD/LATEHAR** दिनांक– 29.07.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड गारू के पंचायत धांगरटोला में उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, गारू में कम्प्यूटर लैब कक्ष / लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 2 | Proposed Setting up of Integrated Public Health Laboratory at Sadar Hospital Latehar | 86,72,700.00 | 09 (Nine) Months |
| 3 | Proposed Construction of Health Sub Centre at Khamikhas, Dist-Latehar | 55,50,000.00 | 09(Nine) Months |
| 4 | Proposed Construction of Health Sub Centre at Goniya , Dist-Latehar | 55,50,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 5 | Proposed Construction of Health Sub Centre at Mangra , Dist-Latehar | 55,50,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 6 | Proposed Construction of Health Sub Centre at Kend , Dist-Latehar | 55,50,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार में पडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में विद्युत उपकरण, साउण्ड बॉक्स एवं फर्निचर का क्रय एवं अधिष्ठापन। | 69,97,800.00 | 06 (Six) Months |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार में पडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन का जिर्णोद्धार। | 64,01,300.00 | 06 (Six) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05 / 08 / 2024 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय :– 20 / 08 / 2024 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान :– 21 / 08 / 2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल,अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 331221 Building(24-25).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या–**WRD/MID/GUMLA/ $F_2$-09/2024-25(2nd Call)** दिनांक – 30.07.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 06.08.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे से )
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.08.2024 ( अपराह्न 05:00 बजे तक )
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.08.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे )

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | जिरहुल नाला 2 पर एकल चेकडैम निर्माण । | भरनो | 64,41,600.00 | 1,28,900.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होगें ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 331261 (Minor Irrigation)24-25*D



## जिला अभियंता का कार्यालय
## जिला परिषद्, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 11 वर्ष 2024–25**
**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 07.08.2024 (अपराहन् 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता,जिला परिषद, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 08.08.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 08.08.2024 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत भुसूर ग्राम ईचाक में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 2 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत डेमू ग्राम डेमू में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र दक्षिणी का निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 3 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत डेमू ग्राम हुण्डरू में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 4 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत धनकारा ग्राम धनकारा में बक्साढोंढा जर्जर आंगनबाडी केन्द्र निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 5 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत भुसूर ग्राम भुसूर के दक्षिण हरिजन टोला में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 6 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत धनकारा ग्राम धनकारा में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र दक्षिण पतराटोली का निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 7 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत भुसूर ग्राम केन्दवाही में जर्जर दक्षिण आंगनबाडी केन्द्र निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 8 | प्रखण्ड गारू पंचायत कारवाई में उत्कमित प्राथमिक विद्यालय धवाईचुवा में चाहरदिवारी निर्माण। | 10,58,400 | 21,500 | 2500 | 04 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय / 03 वर्षीय / डाकघर सावधि जमा पत्र / 03 वर्षीय / 05 वर्षीय / बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय / 03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक भाग ले सकेंगे। ग्रुप संख्या–08 में अंकित योजना के लिए प्रखण्ड गारू एवं सरयू के संवेदक भाग लेंगे।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 331202 Rural Development(24-25).D

## गिरिडीह में रेलवे पुल के निचे मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह कॉलेज के समीप स्थित रेलवे पुल के निचे सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गयी। वही घटना के बाद शव को देखने के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।वही स्थानीय लोगो द्वारा घटना की जानकारी मुफस्सिल थाना पुलिस को दी गई। वही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर मिली जानकारी के अनुसार सुबह सिहोडीह के कुछ लोग मॉर्निंग वॉक करने के लिए मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह रेलवे पुल की और गए हुए थे। इसी बीच लोगों की नजर रेलवे पटरी के बगल में पड़ी शव पर पड़ी। हो ङ्क हल्ला होने के बाद काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है।

## सड़क दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को विधायक के प्रयास से मिला मुआवजा राशि



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीते दिन सरिया कुबाडीह निवासी दुलारचंद राणा सड़क दुर्घटना में पत्नि समेत बच्ची बच्चें के साथ भयावाह घटना हुई थी उस घटना में दुलारचंद राणा समेत पत्नि और बच्ची की मौत हो गई थी एवम बच्चा का गंभीर स्थिति में इलाजरत है जिसे लेकर बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह के अथक प्रयास से तत्काल आपदा राहत कोष के तहत दुर्घटना उपरांत 3 लाख रूपये की स्वीकृति कराई गई और दिनांक 30 जुलाई 2024 को पीड़ित परिवार के बीच में अंचल अधिकारी सरिया संतोष कुमार, जिला परिषद सदस्य लालमणि यादव एवम राज्य कमिटी सदस्य भोला लाल मंडल के द्वारा 3 लाख रुपए का चेक दिया गया, वहीँ भोला मंडल ने बताया की बगोदर विधायक पुरे झारखण्ड मे एक संवेदनशील विधायक के रूप मे जाने जाते है इस घटना को लेकर इस पीड़ित परिवार के साथ हमेशा सुख दुख मे खड़े रह कर हर संभव मदद करने की बात कही है। वही सरिया प्रखंड नावाडीह के सुदामा यादव के इकलोते पुत्र पिंटू यादव का कल दिनांक 29 जुलाई 2024 को बरही चौपारण में ट्रक के उपचालक थे जो की दुर्घटना में जल कर अत्यंत दुखद मौत हो गई थी आज उनके घर जाकर सरिया पूर्वी जिला परिषद लालमणि यादव, भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य भोला लाल मंडल शोकाकूल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट कर ढाढस बंधाए। मौके पर उपस्थित भाकपा माले नेता धानेश्वर पासवान, राहुल राज मंडल, रामविलास पासवान, कामेश्वर यादव, बसंत स्वर्णकार, बासुदेव पंडित, बीरेंद्र यादव इत्यादि मौजुद थे।

## भारत चौक से 1 किलोमीटर की परिधि में लागू निषेधाज्ञा निरस्त

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने भारत चौक (पाण्डरपाला) से 01 किलो मीटर के संपूर्ण परिधि में भा.ना.सु.सं. की धारा 163 के अंतर्गत लागू निषेधाज्ञा निरस्त कर दी है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि पुलिस अवर निरीक्षक सह प्रभारी भूली ओपी ने प्रतिवेदित किया है कि 28 जुलाई 2024 को भूली ओपी में दोनों पक्ष द्वारा आयोजित शांति समिति की बैठक में सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने की सहमति बनी है। वर्तमान में स्थित सामान्य है। उक्त क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ऐसा प्रतीत हुआ कि लोक परिशांति भंग नहीं होगी। साथ ही पुलिस अवर निरीक्षक सह प्रभारी भूली ओपी ने उक्त क्षेत्र में अपराह्न 7:00 बजे से पूर्वाह्न 6:00 बजे तक लागू निषेधाज्ञा को पूरी तरह से निरस्त करने का अनुरोध किया है। इस आलोक में भा.ना.सु.सं. की धारा-163 के तहत धनबाद अंचल अंतर्गत भारत चौक (पाण्डरपाला) से 01 किलो मीटर के संपूर्ण परिधि (भारत चौक से कुम्हार टोला होते हुए गौसिया मस्जिद होते हुए मोची टोला और आदिवासी टोला, भारत चौक से शमशेर नगर होते हुए तेगिया मदरसा तथा भारत चौक से पटेल चौक) में अपराह्न 7:00 बजे से पूर्वाह्न 6:00 बजे तक लागू निषेधाज्ञा को 30 जुलाई 2024 के पूर्वाह्न 6ः00 बजे से पूरी तरह से निरस्त किया गया है।

# पांच साइबर अपराधियों को पुलिस ने दबोचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता कर कहा कि प्रतिबिंव पोर्टल से मिली जानकारी के आधार पर साइबर सेल की टीम ने पांच साइबर क्रिमिनल्स को गिरफ्तार किया है।

सभी की गिरफ्तारी जिला के बेंगाबाद थाना क्षेत्र से हुई है। गिरफ्तार साइबर ठगों में एक युवक उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

जबकि चार अन्य जिला के अलग अलग स्थानों के हैं।पकड़े गए शातिर लड़कियों से न्यूड वीडियो कॉलिंग करवाने और गर्भवती महिलाओं को मातृत्व राशि का लाभ दिलाने के झांसा देकर लोगों को अपना शिकार बनाते थे। साथ ही ये लोग एयरटेल पेमेंट बैंक कुरियर सर्विस का कस्टमर केयर बनकर लोगों के साथ ठगी करते थे।यह पूरी कारवाई एसपी के निर्देश पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई है। जिन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें बेंगाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले अमजद अंसारी और खुर्शीद अंसारी, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के करिहारी का रहने वाला मुकेश मंडल, डुमरी थाना अंतर्गत कुष्टो नावाडीह निवासी विक्की मंडल और उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिला के कोतवाली थाना क्षेत्र का रहने वाला मुजाहिद शामिल है।

बताया गया कि वर्तमान में मुजाहिद सरिया थाना क्षेत्र के चिरुआ चिचाकी में रहता है। पकड़े गए शातिरों के विरुद्ध साइबर थाना में कांड 32/2024 दर्ज किया गया है।

वही गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है ।

## बाइक से छिनतई करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

### खंडोली मोड़ में एक महिला के साथ किया था छिनतई



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में बेंगाबाद पुलिस ने बाइक से छिनतई करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों युवक बेंगाबाद थाना क्षेत्र के छोटकी खरगड़िहा पंचायत के बिझैया गांव के रहने वाले सुधाकर कुमार और दाऊद अंसारी है। इस संबंध में बताया गया कि गिरफ्तार दोनों बदमाशों ने 22 जुलाई को बेंगाबाद-गिरिडीह मार्ग पर खंडोली मोड़ के समीप एक महिला के हाथों से उसका रुपयों और मोबाइल से भरा पर्स झपट कर फरार हो गए थे।बताया गया कि महिला बाइक पर सवार थी और बाइक पर सवार दोनों बदमाशों ने अचानक उसके हाथों से पर्स छीन कर फरार हो गए थे। घटना की शिकायत पर बेंगाबाद पुलिस आरोपियों के तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में 29 जुलाई को एसपी दीपक शर्मा को बाइक सवार दो संदिग्ध के बारे में गुप्त सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद एसपी ने बेंगाबाद पुलिस को कारवाई के लिए निर्देशित किया।निर्देश मिलते ही बेंगाबाद पुलिस अलर्ट हुई और दोनों बदमाशों को पकड़ा गया। पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने महिला से छीना गया पर्स, 22 सौ रुपए नगद और ओप्पो कंपनी का मोबाइल बरामद किया है। पुलिस द्वारा घटना को अंजाम देने के लिए उपयोग किया गया पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया है।

## बापी घोषाल ने कोडरमा फोटोग्राफरों को वेडिंग फोटोग्राफी का लाइव वर्कशॉप बारीकी से सिखाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन सेंट्रल के तत्वाधान में फुजीफिल्म के द्वारा कोडरमा जिला में एक दिवसीय फ़ोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया। फुजीफिल्म के मेंटर धनबाद से बापी घोषाल ने सभी फोटोग्राफर को वेडिंग फोटोग्राफी का लाइव वर्कशॉप बारीकी से सिखाया। इसके साथ ही सेमिनार प्रशिक्षण और डेमो के माध्यम से विभिन्न तकनीकों का परिचय भी दिया गया। झारखंड के सेल्स मैनेजर सुमन सिंह द्वारा फोटोग्राफी से जुड़े हुए अहम बिंदुओं की बारीकियां से वहां मौजूद फोटोग्राफर को अवगत कराया। इस फोटोग्राफी वर्कशॉप में कोडरमा जिला के विभिन्न जगहों से लगभग 70 फोटोग्राफ़रों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया। कोडरमा जिला फोटोग्राफर्स एंड वीडियोग्राफर्स एसोसिएशन के सचिव रविशंकर विश्वकर्मा ने संगठन में खामियों को दूर करने के प्रति बल देते हुए अपने विचार रखे।

## झामुमो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का किया पुतला दहन

# निशिकांत दुबे अपना मानसिक संतुलन खो दिये है : संजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह झामुमो ज़िला समिति, गिरिडीह के द्वारा निशिकांत दुबे के व्यक्तव्य जिसने वो झारखंड को बाँटने की साज़िश कर रहे उसके विरोध में गिरिडीह शहरी क्षेत्र के अंटा बंगला से टावर चौक तक विशाल जुलूस विरोध प्रदर्शन के रूप में निकाला गया और केंद्रीय मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष संजय सिंह ने कीया।वही जुलूस को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि जब झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपदस्थ करने का प्रयास विफल हुआ तो निशिकांत दुबे अपना मानसिक संतुलन खो दिये है और झारखंड को तोड़ने की बात कहने लगे निशिकांत दुबे को शायद ज्ञान का अभाव है । उन्होंने कहा कि उन्हें मालूम होना चाहिए कि झारखंड राज्य किसी भी अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर से नहीं सटता है और अगर फिर भी देश में घुसपैठ हो रहे है और उसका प्रमाण है तो तो नैतिकता के आधार पर उन्हें गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफ़ा माँगना चाहिए । उन्होंने कहा कि उन्हें ये भी ज्ञान होना चाहिए कि किसी भी अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर पंद्रह किलोमीटर तक बीएसएफ़ जवानों का पहरा रहता है फिर भी कैसे घुसपैठिए घुसपैठ कर रहा है? इसका साफ़ मतलब है कि विगत दस सालों से भाजपा का सासन घुसपैठ रोकने में विफल है तो निशिकांत दुबे कब अपने अमित शाह से इस्तीफ़ा माँगेग। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा के पास झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव में वोट माँगने के लिए कोई मुद्दा नहीं है तो फिर से हिंदू-मुस्लिम की राजनीति शुरू



कर दिया। लेकिन देश की जनता जागरूक है और इन विभाजनकारी नीतियों का माकूल जवाब देगी। मौके पर उपस्थित अजीत कुमार पप्पू, शहनवाज़ अंसारी, गीता हाजरा, परमीला मेहरा, उषा ठाकुर, दिलीप मंडल, दिलीप रजक, अभय सिंह, प्रधान मूर्मू, फ़रदीन इम्तियाज़ अहमद, रॉकी सिंह, मो0 ज़ाकिर, राकेश रंजन, पवन सिंह, शेखर यादव, अशोक राम, भरत यादव, अजय कांत झा, मो सन्नी रायीन, मो तारीक, मो अनवर, मो0 महताब मिर्ज़ा, पप्पू रजक, योगेन्द्र सिंह, विवेक सिन्हा, अभिनव सिंह, तेजलाल मंडल, बृजमोहन तुरी, नुनूलाल किसकु, बैजनाथ राणा, मो पलटन, मो नूर, मो ताज हसन, युवराज, संजय राम, अनिल राम, अजय रजक, ओबेदुल्ला, मो चामो, चांदमल, हेमलता, मो0 तूफ़ान, छोटू मास्टर, राजकुमार, राजकुमार, अजय, चिना ख़ान, त्रिभुवन मण्डल, मजीद अंसारी, दीपक मंडल, गोविंद यादव, मदन सिंह, मुन्ना सिंह, मुख़्तार, खुबलाल दास, सुरेन मूर्मू, जितन सोरेन, मुजाहिद अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मृतक असीत मंडल का मामला विधानसभा में गूंजा विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** दूसरे दिन विधानसभा सत्र की कार्यवाही के दौरान टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने मृतक असीत मंडल की नृशंस हत्या का मामला विधानसभा में उठाया और मुख्यमंत्री राहत कोष से मुआवजा दिलाने एवं हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने का मांग रखा।बताया जाता है कि कुछ दिन पहले श्रावणी मेला में जल चढ़ाने के लिए सुल्तानगंज से जल भरकर देवघर आने के क्रम में बेखौफ लूटेरों द्वारा छिनतई एवं लूटपाट कर चाकू घोंपकर नृशंस तरीके से हत्या कर दिया था।

साथ ही विधायक ने सरकार का ध्यान टुंडी के राजाभीठ पंचायत के आस पास उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्र छात्राओं को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है जिससे असुविधा के कारण कुछ छात्राओं ने मध्य में ही शिक्षण कार्य छोड़ देती है इसलिए विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आसन के माध्यम से राजाभीठा अवस्थित उर्दू मध्य विद्यालय करमाटांड को उत्क्रमण कर हाई स्कूल का दर्जा दिलाने का मामला विधानसभा सत्र में रखा।

## नव दोहरीकृत हरिनगर-भैरोगंज रेलखंड पर 31 को किया जायेगा स्पीड ट्रायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** सगौली - वाल्मीकिनगर दोहरीकरण परियोजना के तहत हरिनगर और भैरोगंज के बीच दोहरीकरण पूरा किया जा चुका है । इस रेलखंड पर कल दिनांक 31.07.2024 को शाम 04.00 बजे से 06.00 बजे तक निरीक्षण यान/रेल इंजन से स्पीड ट्रायल किया जायेगा । स्पीड ट्रॉयल के दौरान निरीक्षण यान/रेल इंजन बहुत ही तीव्र गति से चलेगी। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेलवे लाईन के निकट नहीं आवें और मवेषियों को भी दूर ही रखें । इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रषासन जिम्मेवार नहीं होगा। विदित हो कि लगभग 110 किमी लंबे सगौली-वाल्मीकिनगर दोहरीरकण परियोजना के तहत अब तक 66 किमी रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर उसपर परिचालन प्रारंभ किया जा चुका है । अब 08 किमी लंबे हरिनगर-भैरोगंज रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूर्ण करते हुए इस पर स्पीड ट्रायल किया जा रहा है।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आम सूचना**

नगर निगम, हजारीबाग अन्तर्गत सभी नागरिको को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड अनिवार्य विवाह निबन्धन अधिनियम 2017 की धारा 32 प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत अधिसूचना सं. विधि कोषांग 023/2017 642/A दिनांक 06.10.2018 के आलोक में विवाह निबन्धन नगर निगम कार्यालय द्वारा किया जाता है। आवेदक प्रज्ञा केंन्द्र के माध्यम से Online आवेदन दे सकते है। निबन्धन हेतु यह आवश्यक है कि वर या वधु का निवास स्थान निगम क्षेत्रान्तर्गत हो या विवाह निगम क्षेत्रान्तर्गत सम्पन्न हुआ हो।

सहायक नगर आयुक्त,
नगर निगम, हजारीबाग

PR 331264 Urban Development and Housing(24-25).D

*मंगलवार की सुबह मुरुलीडीह 13 नंबर में फिर से हुआ भू-धसान, ग्रामीण दहशत के साए में*

# बीसीसीएल प्रबंधक अतिशीघ्र उचित कार्रवाई व मुआवजा देने का कम करे : सांसद





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के मुरुलीडीह 13 नंबर आदिवासी टोला में मंगल वार को फिर से हुई भू धसान से लोग बहुत ज्यादा भयवित हो गए है। सोमवार को बीसीसीएल पदाधिकारियों ने कहा कि यह जगह असुरक्षित है। लोग यह से चले जाए सवाल यह उठता है कि लोग जाएंगे कहा। कंपनी इनलोगों की रहने की वेबस्था तो करे। मंगलवार को हुई भू धसान के बाद गिरिडीह लोकसभा के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी के आदेशानुसार मंगलवार को आजसू पार्टी के जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी के नेतृत्व में एक टी गठित कर घटना स्थल का निरीक्षण किया. इस बीच पश्चिमी झरिया (मुनिडिह) के महाप्रबंधक अरिंदम मुस्तफी से दूरभाष पर बात कर अतिशीघ्र उचित कार्रवाई व मुआवजा देने की मांग की गई। इस मौके पर आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, कौशल किशोर महतो, अनेश महतो, मुकेश महतो नरेश महतो सुनील सोरेन आदि लोग शामिल थे।

## पीजी सेमेस्टर 2 की परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को एनएसयूआई के प्रतिनिधि एवं छात्रो ने डीएसडब्ल्यू डॉ. पुष्पा कुमारी से मुलाकात कर अपनी मांगों को तथा समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जहां छात्रों का नेतृत्व विश्वविद्यालय महासचिव मोहित कुमार ने किया। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी उपस्थित रहे। छात्रों का नेतृत्व करते हुए मोहित कुमार ने बताया कि पीजी सेमेस्टर 2 सत्र 2023 - 25 की परीक्षा तिथि 10 अगस्त बताई गई है जबकि पीजी सेमेस्टर 2 में पढ़ रहे छात्रों का दूसरा जेनेरिक पेपर के परीक्षा भी अगस्त महीने में होने कि संभावना है तथा पीजी सेमेस्टर 2 के छात्रों का अभी तक सिलेबस पूर्णता कंप्लीट नहीं हुआ है जिसके कारण छात्र परीक्षा देने में असमंजस में है। छात्र चाहते हैं कि उनकी परीक्षा तिथि में बदलाव कर परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाया जाए। वहीं मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने कहा कि जब तक छात्रों का सिलेबस पूरा नहीं हो जाता है तब तक परीक्षा आयोजित करना छात्रों के साथ अन्याय है। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, उपाध्यक्ष रवि पासवान, विश्वविद्यालय महासचिव मोहित कुमार, महताब आलम, विश्वविद्यालय सचिव जय प्रकाश यादव, पीके रॉय कॉलेज अध्यक्ष राज रंजन सिंह एवं अन्य मौजूद थे।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LTD**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.**
**fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com**

**Notice inviting tender for procurement through rate contract**

JBVNL invites online e-tender from reputed, technically experienced and financially sound manufacturers/ authorized supplier only for supply of following Material through rate contract :-

| Sr | NIT/Tender notice No. and description of item | Tender fee | Date of publication of tender on website | Document download start date & time | Online Bid Submission start date | Online Bid Submission end date | Technical bid opening date and time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 57/PR/JBVNL/2024-25 Super Enamelled Aluminium Winding Wire | Rs 10000/- + GST | 02/08/2024 from 13:00 Hrs. | 02/08/2024 from 13:10 Hrs. | 02/08/2024 from 13:20 Hrs. | 23/08/2024 upto 18:00 Hrs. | 26/08/2024 at 18: 00 Hrs. |

NOTE:- (i) Only e-tenders will be accepted. Further details can be seen on website http:jharkhandtenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 9431135523/ 9430348596, NIC helpline No. 0651-2400178
(ii) Tender fee & EMD must be paid through online mode.
(iii) Tender fee is non-refundable.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (S&P)

PR 331236 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D

# झारखंड में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद आदिवासी लड़कियों के साथ लव जिहाद फिर हत्या निंदनीय : आरती कुजूर

## भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष कलावती देवी ने पदाधिकारीयों के साथ पार्टी कार्यालय में की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बख्शीडीपा लोहरदगा में भाजपा जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष कलावती देवी की अध्यक्षता में बैठक कर आगामी 13 अगस्त को झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के शासनकाल में महिलाओं पर हो रहे शोषण अत्याचार दुष्कर्म और हत्या के विरोध में लोहरदगा समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से बीजेपी झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर एवं बीजेपी झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री मंजूलता दुबे उपस्थित थी।भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने वर्तमान झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के कुशासन से झारखंड की महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार, शोषण, दुष्कर्म एवं हत्या के कारण महिलाओं में भय का वातावरण बन गया है। महिलाएं रात में किसी काम से घर से बाहर निकलने से डर रही है। खासकर आदिवासी महिलाओं के साथ लव जिहाद कर उनके हत्या की जा रही है और टुकड़े-टुकड़े में काटा जा रहा है। एक आदिवासी मुख्यमंत्री के शासनकाल में जिस तरीके के घटनाएं महिलाओं खासकर आदिवासी महिलाओं के साथ हो रही है। उसको लेकर राज्य भर में महिला मोर्चा के माध्यम से जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम 13 अगस्त को आयोजित की जा रही है। जिसमें जिले की महिलाओं को आह्वान किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा की आधी आबादी जो महिलाओं की है उसे लेकर केंद्र सरकार ने 33त्न का आरक्षण देने का संसद में कानून पास किया है उसके बावजूद झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा महिलाओं को किसी भी तरह की सुविधा नहीं दी जा रही है ऊपर से महिलाओं के ऊपर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। प्रतिदिन समाचार पत्रों एवं न्यूज़ चैनलों के माध्यम से महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार की घटनाएं सुर्खियों में है। महिलाओं को पेंशन देने की बात चुनाव के समय हेमंत सोरेन सरकार ने किया था जिसे आज तक पूरा नहीं किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा झारखंड में महिलाओं को ?1 में रजिस्ट्री का अधिकार दिया गया था जिसे हेमंत सोरेन की सरकार ने छीन लिया है। केंद्र सरकार के द्वारा महिलाओं के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से 4 करोड़ आवास दिए गए हैं एवं आगामी वर्षों में भी 3 करोड़ आवास देने की भी योजनाएं हैं किंतु महिलाओं के द्वारा बनाई जा रही आवास को चुनाव जीतने के बावजूद आज तक बालू उपलब्ध नहीं होने के कारण आवास योजनाएं बंद हो जा रही हैं जबकि बालू की कालाबाजारी जारी है। लोहरदगा जिले की महिलाओं को आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी 13 अगस्त को 2024 को लोहरदगा जिला मुख्यालय के समक्ष ज्यादा से ज्यादा महिलाएं धरना प्रदर्शन में शामिल हो और इस सरकार को उखाड़ फेंकने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। बैठक को झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री मंजूलता दुबे,महिला मोर्चा लोहरदगा जिला अध्यक्ष कलावती देवी,समेला भगत,संगीता कुमारी, झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, ने संबोधित किया। बैठक में मीना बाखला, भारती सिन्हा, बुधन देवी, निर्मला देवी, सरिता देवी, सरस्वती देवी, गीता देवी, ममता देवी, कमला देवी आदि उपस्थित थी।

## कैरो नगड़ा विद्यालय की 07 वर्षीय स्कुली छात्रा हुई लापता, परिजनो ने खोजबीन हेतू थाना में दिया आवेदन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के प्रखंड नगड़ा विद्यालय की 07 वर्षीय स्कुली छात्रा शिवानी कुमारी की विद्यालय से लापता होने की मामला प्राप्त हुआ है। मामले पर कैरो प्रखंड के गुड़ि पंचायत के चिपो ग्राम निवासी सुरेन्द्र यादव की 07 वर्षीय शिवानी कुमारी 25 जुलाई को नगड़ा स्थित विद्यालय गई थी, जिसके बाद वह घर लौट कर नहीं आयी, परिजनों के द्वारा शिवानी की काफी खोजबीन की गई परन्तु कहीं भी पता नहीं चल पाया। परिजनों ने बताया कि बच्ची स्कूल ड्रेस पहनी हुई है, यदि एसी कोई बच्ची का पता चले तो मुझे अवश्य सूचना दें। परिजनो ने लापता शिवानी की खोजबीन हेतू कैरो थाना को लिखित आवेदन देकर खोजबीन करने की गुहार भी लगाई है। शिवानी के इस प्रकार अचानक लापता होने पर घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

## विधानसभा मॉनसून सत्र में कोलेबिरा विधायक ने जिला के सभी जर्जर विद्यालय को दुरुस्त करने और भवन विहीन विद्यालय को अपना भवन देने की मांग की



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने जिले के सभी बिद्यालयो के जर्जर भवन तथा वैसे बिद्यालय जिनका अपना भवन नही होने के कारण पेड़ की छाव में पठन पाठन का कार्य संचालित हो रहा है,वैसे बिद्यालयो की व्यस्था दुरुस्त करने की मांग बिधानसभा के मॉनसून सत्र में सरकार से की। अपने प्रश्न के माध्यम से बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने सरकार से उदाहरण स्वरूप ये सवाल पूछा कि जलडेगा प्रखंड के कुटुंगिया पंचायत के लोमगा टोली में जो राजकियकृत बिद्यालय संचालित है,वो बिद्यालय भवन बिहीन है और वहाँ पढ़ने वाले छात्रों को पेड़ के नीचे पठन पाठन का कार्य करना पड़ता है।मौसम खराब होने की स्थिति में किसी दुर्घटना की आशंका से इनकार नही किया जा सकता है।इस सवाल का जबाब देते हुए सरकार ने कहा कि जिस बिद्यालय की बात पूछी गई है, उस बिद्यालय का अपना जमीन नही रहने के कारण बिद्यालय के भवन का निर्माण कार्य नही हो सका है।सरकार ने संबंधित पदाधिकारी को बिद्यालय के लिए भुमि की व्यस्था करते हुए अविलंब भवन का निर्माण कराने का आदेश जारी किया है विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने इस मुद्दे पर बताया कि जिले के सभी पंचायतों में जितने भी बिद्यालय हैं, उनकी संख्या करीब 964 हैं।इन विद्यालयों में जितने बिद्यालय जर्जर अवस्था में है और उनमे पठन पाठन का कार्य किया जा रहा है।वैसे बिद्यालय को अविलंब ठीक करें।तथा वैसे संचालित बिद्यालय जिनका अपना भवन नही है उन बिद्यालयो के भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराकर भवन का निर्माण करते हुए सुचारू रूप से पठन पाठन का कार्य हो।चूँकि शिक्षा समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए बहुत ही जरूरी है।शिक्षा से सर्वांगीण विकास होता है।एक शिछित व्यक्ति ही एक स्वच्छ परिवार का निर्माण कर पाता है और परिवार शिछित होगा तो समाज का निर्माण भी स्वच्छ होगा।आज कल के दौर में सभी अभिभावकों का ये कर्तब्य है कि अपने बच्चों के भविष्य के लिए सभी को शिक्षा दिलाने के लिए बिद्यालय भेजें।

# उपायुक्त ने की संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों के साथ जिला योजना समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला योजना समिति के कार्यकारिणी समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं,एसएसीए से नई ली गई योजनाएं और नीति आयोग द्वारा प्रदत्त पुरस्कार राशि से ली गई योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। एससीए की नई योजनाओं में पेशरार में कालीन बुनाई प्लांट को सुचारू रूप से संचालित करने व उत्पादन करने के लिए जेएसएलपीएस की महिला स्वयंसहायता समूह को प्रशिक्षण दिये जाने का निदेश चयनित एजेंसी को दिया गया। किस्को के तिसिया में ब्रिकेटिंग प्लांट में उत्पादन व संचालन हेतु बनाये गये समिति की मॉनिटरिंग करने का निदेश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही,ब10 दिन के अंदर प्लांट में संधारित पत्तों का ब्रिकेटिंग के रूप में उत्पादन प्रारंभ करने का निदेश दिया गया। किस्को प्रखण्ड में दोना-पत्तल उद्योग में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता के लिए कार्यपालक अभियंता,विद्युत प्रमण्डल,लोहरदगा से समन्वय करने का निदेश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। कुडू प्रखण्ड के कौआखाप में सरसो तेल उत्पादन प्लांट में विद्युत कनेक्शन के लिए संबंधित उत्पादन समिति की ओर से प्रस्ताव अगले पांच दिनों के अंदर कार्यपालक अभियंता,विद्युत प्रमण्डल लोहरदगा को भेजे जाने का निदेश दिया गया। प्रखण्ड कार्यालय परिसर किस्को में पूर्व संचालित औद्योगिक सिलाई केंद्र के दोनों यूनिट के लिए लिए अनापत्ति पत्र दिये जाने पर सहमति बनी। जिला के मोटरसाईकिल एवं रिपेयेरिंट ट्रेड, सीएनसी ऑपरेटर के प्रशिक्षण के लिए भेजे गये युवक-युवतियों और उनमें से नियोजन की समीक्षा की गई। बांस हस्तशिल्प उद्योग के बाजार के लिए उन उत्पादों को पलाश मार्ट में उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निदेश डीपीएम, जेएसएलपीएस को दिये गये।

# ग्राम स्वराज संस्थान के नेतृत्व में विश्व मानव दुर्व्यापार निषेध दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** ग्राम स्वराज्य संस्थान ने 2023-24 में दुर्व्यापारियों के चंगुल से मुक्त कराए 30 बच्चे मुक्त कराए गए बच्चों में 03 लड़का और 27 लड़कियां साथ ही 2024-25 में अब तक कुल 13 बच्चें मुक्त कराये गए बच्चों में 01 लडका और 12 लडकियों हैं। लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान देश के 400 जिलों में काम कर रहे 180 समाज संगठनों के गठबंधन 'न्याय तक पहुंच' कार्यक्रम का सहयोगी संगठन है। लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए एक समग्र एंटी ट्रैफिकिंग कानून की मांग की वैश्विक मानव दुर्व्यापार विरोध दिवस पर जहां वैश्विक समुदाय मनुष्यों के दुर्व्यापार के खिलाफ एकजुट होकर अपनी लड़ाई को विस्तार देने की शपथ ले रहा है। झारखंड के लोहरदगा जिले के गैर सरकारी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने इस मौके जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षिका एवं हजारों बच्चों और गणमान्य सदस्य मुखिया, ग्राम प्रधान, jslps के सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, वार्ड सदस्य और संस्थान के कार्यकर्ता छ्स्ङ्ख के साथ मिलकर विश्व मानव दुर्व्यापार निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान और रैली निकाल कर मानव समाज को कडा संदेश देने का प्रयास किया है। साथ ही स्कूल के बच्चों को उनकी सुरक्षा हेतु आपातकालीन सेवा के बारे में जानकारी देते हुए ट्रैफिकिंग के उभरते तौर तरीकों की रोकथाम के लिए एक समग्र और मजबूत एंटी ट्रैफिकिंग कानून की मांग करते हुए कहा कि लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान 'न्याय तक पहुंच' कार्यक्रम के गठबंधन सहयोगी अधिकारों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहा है। 'न्याय तक पहुंच' कानूनी हस्तक्षेपों के माध्यम से बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। मानव दुर्व्यापार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है। और इसके सबसे ज्यादा पीड़ित बच्चे होते हैं।

## छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने एक वर्ष में दुर्व्यापारियों के चंगुल से मुक्त कराए 35 बच्चे




**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर प्रखंड के राजकीय उत्क्रमितमध्य विद्यालय में विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मानव तस्करी तथा बाल तस्करी को समाप्त करने को लेकर के संकल्प लिया गया । तथा इसके खिलाफ जोरदार आवाज उठाने की बात कही गई। इस संबंध में छोटानागपुर कल्याण निकेतन के बरिष्ट कार्यकता आरती कुमारी ने बताया कि उनकी संस्था 'न्याय तक पहुंच' कार्यक्रम का सहयोगी संगठन है। उन्होंने ट्रैफिकिंग के उभरते तौर तरीकों की रोकथाम के लिए एक समग्र और मजबूत एंटी ट्रैफिकिंग कानून की मांग करते हुए कहा कि 'न्याय तक पहुंच' कानूनी हस्तक्षेपों के माध्यम से बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है जिसके 180 से भी ज्यादा राष्ट्रीय और स्थानीय सहयोगी गैरसरकारी संगठन 400 से ज्यादा जिलों में जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। बताते चलें कि मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी के बाद मानव दुर्व्यापार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है और इसके सबसे ज्यादा पीड़ित बच्चे होते हैं। उन्होंने कहा, पिछले एक वर्ष के दौरान हमने विभिन्न स्तरों पर प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की मदद और उनकी कार्रवाइयों के नतीजे में ट्रैफिकिंग के पीड़ित 34 बच्चों को मुक्त कराया है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान काफी बदलाव देखने को मिले हैं और यह सुखद है कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने की इस लड़ाई में राज्य और जिला स्तर के सरकारी अधिकारी हर कदम पर हमारे साथ हैं। भारतीय न्याय संहिता के नए खंड में ट्रैफिकिंग को एक अपराध के रूप में शामिल करना स्वागत योग्य है। इसके बावजूद देश को एक सख्त ट्रैफिकिंग विरोधी कानून की जरूरत है।

# अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर किया लाखों की चोरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के बरही चौक में स्थित संदीप वस्त्रालय का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने लाखों का चोरी कर लिया। सेन्हा थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही बरही चौक पँहुच पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही चौक में लोहरदगा बेड़ो मार्ग पर स्थित संदीप वस्त्रालय में अज्ञात चोरों द्वारा रात को दुकान का पिछले दरवाजे में लगा ताला तोड़कर लाखों का चोरी कर लिया वही दुकान संचालक संदीप साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम को दुकान बंद कर अपने घर भुजनिया चले गये। प्रत्येक दिन की तरह सुबह जब दुकान आये तो देखा कि दुकान का पिछला दरवाजा का ताला टूटा हुआ। तथा दुकान के अन्दर घुस कर देखे तो सब समान बिखरा पड़ा था। साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि दुकान में रखा हुआ करीब तीन लाख रुपया,साड़ी से भरा एक थैला और लगभग एक लाख पचास हजार मूल्य का सोना चांदी का ज्वेलरी गायब पाया। वही थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि बरही चौक स्थित संदीप वस्त्रालय में चोरी हुई है? जिसकी सूचना मिली है छान बिन कर जांच पड़ताल करते हुए अग्रतर करवाई जुट गई है।

## झारखंड को विभाजित करने की नापाक कोशिश कर रही है भाजपा : मोजम्मिल अहमद

# भाजपा सांसद के अनर्गल बयानबाजी के खिलाफ झामुमो ने किया समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा संथाल परगना, बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर केन्द्र शासित प्रदेश गठित किये जाने की मांग के विरोध में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। झामुमो जिला अध्यक्ष श्री अहमद ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा झारखंड को विभाजित करने की कोशिश कर रही है। जिलाध्यक्ष ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हर नापाक इरादों को कभी भी सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बढ़ते जनाधार को लेकर भाजपा हाशिए में जा पहुंचा है। यही कारण है कि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता राज्य के विकासशील पुरूष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर खुद जनता को गुमराह कर रही है। झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि भाजपा की अनर्गल बयानबाजी से प्रतीत होता है कि झारखंड की एकता और अखंडता को खंडित कर यहां की आपसी भाईचारा को तोड़कर लोगों को लड़वाया जाए। लेकिन झारखंड की जनता भाजपा की हर नापाक सोच को समझ चुकी है, आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता करारा जवाब देने तैयार हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को झारखंड में एक सीट हासिल करने में पसीने छूट जाएंगे। संबोधित करने वालों में जिला सचिव अनिल उरांव, जिप सदस्य सह झामुमो नेत्री राधा तिर्की,झामुमो युवा जिलाध्यक्ष अजय उरांव, जिला उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी, बुद्धिजीवी मोर्चा के इसरार अहमद, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सतीम टोप्पो, महिला जिलाध्यक्ष सरिता भगत, नगर अध्यक्ष आकाश कुमार, पूर्व केंद्रीय सदस्य इंजीनियर जफर इकबाल, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम, झामुमो किस्को प्रखंड अध्यक्ष साकिर हुसैन अंसारी, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, कुडू प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव आदि शामिल थे। मंच संचालन केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य समीद अंसारी ने की। मौके पर खुर्शीद अंसारी, लक्ष्मी उरांव, अफरोज आलम समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चीक बड़ाईक, लोहरा, डोमरा, भुइयां, तुरी, घांसी सामज के लोगों का आसानी से बनाया जाए जाति प्रमाणपत्र : विधायक भूषण बाड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा के कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र में चीक बड़ाईक, लोहरा जनजातीय समाज के अलावे डोमरा, घांसी, तुरी एवं भुइयां समाज के जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रहे परेशानी को दूर करने की मांग विधानसभा सत्र में की है। विधायक ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की गलती के कारण आज ये सभी समाज अपने ही राज्य में अपने हक और अधिकार से वंचित होते जा रहे हैं। विधायक ने मानसून सत्र के शून्यकाल में कहा है कि चीक अथवा चीक बड़ाईक, लोहार अथवा लोहरा दोनों एक ही समाज है। तथा दोनों समाज अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आता है। लेकिन पूर्व की सरकार की गलती के कारण इन दोनों समाज का जाति प्रमाण पत्र बनवाने में भारी परेशानी हो रही है। जबकि पूर्व में इस दोनों जाति का आसानी से जाति प्रमाण पत्र बनता था। लेकिन इनके खतियान में कुछ त्रुटि हो गई। जिस कारण इस समाज के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। विधायक ने कहा है कि घांसी, डोम अथवा डोमरा, भुइयाँ एवं तुरी समाज के लोगों का भी जाति प्रमाणपत्र बनवाने में भारी परेशानी हो रही है। पर इस दिशा में न पूर्व की सरकार गंभीर हुई और न ही सरकारी अधिकारी। पूर्ववर्ती सरकार की गलती के कारण आज एक एक कर कई समाज जाति प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर काफी परेशान है। कई स्थानों में तो चीक बड़ाईक, लोहरा, डोमरा, भुइयां, तुरी, घांसी सामज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। विधायक ने कहा कि इन समाज के खतियान में दर्ज त्रुटि को शिविर लगाकर सुधार करने की जरूरत है। पर पूर्व की सरकार द्वारा इस समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। यही कारण है कि खतियान में दर्ज इस समाज की त्रुटि को सुधार करने की दिशा में आज तक पूर्व की किसी भी सरकार द्वारा कोई पहल नहीं की गई। जिसका नतीजा यह हुआ कि जिनका पूर्व में जाति प्रमाण पत्र बनता था, आज उनका भी जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। इस कारण चीक बड़ाईक, लोहरा, घांसी, भुइयां, तुरी एवं डोम समाज के युवा नौकरी करने से वंचित हो रहे हैं। इसके अलावे इन समाज के बच्चे भी पढ़ाई करने को लेकर परेशान हो रहे हैं। विधायक ने जल्द से जल्द शिविर लगाकर इन सभी समाज के खतियान में दर्ज त्रुटि को दूर करते हुए इन समाज के लोगों का समय पर आसान तरीके से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि पूर्व सरकार की गलती के कारण आज कई समाज परेशान है। पूर्व की सरकार ने इन समाज के लोगों का हक और अधिकार छीनने का काम किया है। इसे सुधार की जरूरत है।

# उपायुक्त ने झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा के द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी और पंचायत स्तर पर अगस्त माह में लगाये जाने वाले शिविर के बारे बताया गया। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि प्रत्येक पंचायत में शिविर का आयोजन वृहत रूप से कराएं। साथ ही अन्य योजनाओं यथा;केसीसी आदि का भी लाभ इसमें ग्रामीणों को दिया जाए। शिविर से पूर्व ही योग्य लाभुकों को आवेदन फॉर्म उपलब्ध करा दिया जाय ताकि शिविर के दिन लाभुक उसे पूर्ण रूप से भरकर जमा कर सकें। प्रखंड विकास पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवेदन सही समय पर अपलोड कर दिया जाय।

**क्या है योजना :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड सरकार महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, महिला सशक्तिकरण, उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिये राज्य के 21 से 50 वर्ष की हर वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1000 रु0 सरकार के तरफ से दिए जायंगे। लाभुकों को इस योजना के लाभ के लिए 3 से 10 अगस्त 2024 तक विशेष कैम्प लगाया जायेगा। नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में भी फॉर्म निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

**लाभुकों के लिए पात्रता :** झारखण्ड की निवासी हों। आवेदन के समय महिला 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हो तथा 50 वर्ष से कम आयु की हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता हो। वर्त्तमान में जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी इस योजना का लाभ दिसम्बर -2024 तक उठा सकते है, लेकिन इस अवधि के पश्चात आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु बैंक खाता का आधार लिंक्ड कराना अनिवार्य होगा। आवेदिका का मतदाता पहचान पत्र हो। आवेदिका का आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना कार्ड (पीला रंग का राशन कार्ड)/ पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड)/ K-Oil राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड) /हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो। **निम्न परिस्थितियों में आवेदिका इस योजना के तहत लाभ पाने की अधिकारिणी नहीं होगी :** आवेदिका स्वयं या उनके पति,केंद्र/राज्य सरकार अथवा केंद्रीय/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विधिक निकाय, स्थानीय निकाय, शहरी निकाय तथा सरकार से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नियमित /स्थायीकर्मी/ संविदाकर्मी/ मानदेयकर्मी के रूप में नियोजित हों अथवा सेवानिवृत्ति के उपरान्त पेंशन/ पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे हों। जिनके परिवार का कोई सदस्य अथवा भूतपूर्व सांसद / वर्तमान विधायक हो। आयकर अदा करने वाले परिवार। **परिवार से अभिप्रेत है-पति/पत्नी,नाबालिग बच्चे, दिव्यांग बच्चे :** जिन लाभुकों को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग,झारखण्ड, राँची द्वारा संचालित किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ पूर्व से प्राप्त हो रहा हो, उन्हें इस योजना का लाभ प्रदान नहीं किया जायेगा। श्वक्क्ष घारी आवेदक महिला। **लाभुकों के लिए आवेदन प्रक्रिया निम्नवत होगी :** पंचायत स्तर पर आयोजित विशेष कैम्प में विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। आवेदक महिला को स्वयं कैम्प स्थल पर उपस्थित होना आवश्यक होगा,ताकि उनका लाइव फोटो लिया जा सके एवं आधार Authentication किया जा सके। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न की जायेगी। आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र। आधार कार्ड। ,adhaar Linked बैंक खाता का पासबुक। आवेदिका का Single Bank Account होना चाहिए। आवेदिका का रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो। राशन कार्ड। पात्रता संबंधी घोषणापत्र।

चलते चलते एक नजर

## हुसैनाबाद में आजसू ने चलाया जन सम्पर्क अभियान



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आजसू पार्टी का हुसेनाबाद मे पार्टी के केन्द्रीय महासचिव संजय रंजन सिंह के नेतृत्व में जपला, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के दर्जनों गांव मे जनसम्पर्क अभियान चलाया गथा। उन्होंने कहा कि पुरे क्षेत्र मे बिकास की कोई कार्य नजर नहीं आया। सडक खेत मे तब्दील नजर आया। सिचाई का कही ब्यवस्था नहीं है। बिद्यालय भवन ध्वस्त होता नजर आया। मिला जुला कर बिकास की रौशनी नजर नहीं आयी। उपरी कला, बिलासपुर, सजवन शिलापर भजनिया आदि गांव का दौरा किया। दौरा कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव ईन्तयाज अहमद नजमी, बिकेश शुक्ला, सतीश कुमार, तुलसी शुक्ला, श्रीमती सुमन गुप्ता, पंकज चन्द्रवंशी, कमलेश मेहता, शंभू प्रसाद, नागेंद्र मुखीया, अक्षेवर मेहता, दया नन्द मुखिया गुड्डू सिह मंजीत मेहता, कमलेश मेहता, अक्षय सिह, बिनोद ठाकुर, सोनू पटेल, जितेन्द्र, रवि, सुरेन्द्र मेहता समेत सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता शामिल थे। इस आशय की जानकारी आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने दी।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया।जनता दरबार में पेंशन, भूमि विवाद, राशन, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजना का लाभ समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। जनता दरबार में आवेदन देते हुए प्रखंड धुरकी के मिर्चइया गांव के ग्रामीणों ने उसी गांव के एक दबंग व्यक्ति द्वारा सरकारी चापानल में सबमर्सिबल लगाकर निजी उपयोग में लाये जाने की शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि चापानल के निजी उपयोग करने के चलते आसपास के सभी चापानलों के पानी सूख गए हैं, जिसके कारण आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी से की गई, परंतु कोई समाधान नहीं निकल सका। सभी ने उक्त सरकारी चापानल को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया है। विभिन्न क्षेत्रों के ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी अपनी बातें रखी। विषयों पर जांच पड़ताल करते हुए समस्याओं का निदान करने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री का मिला प्रोत्साहन

# बदलाव का बिगुल फूंक रहीं महिलाएं

*ग्रामीण महिलाओं के श्रम शक्ति के सम्मान के साथ आजीविका की ओर बढ़ते कदम

*पलाश ब्रांड के जरिए मार्केट लीडर बन रहीं महिलाएं

*03 वर्ष से कम अवधी में कुल 3982.00 लाख रूपए की सकल बिक्री

*राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेलों में सहभागिता की तथा 1100 .00 लाख से ऊपर का कारोबार किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा राज्य की ग्रामीण महिला उद्यमियों के उत्पादों को सालों भर बाजार एवं सम्मानजनक लाभ सुनिश्चित कराने एवं ग्रामीण महिलाओं को ग्रामीण अर्थवयवस्था के मार्केट लीडर के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति का शुभारंभ 29 सितम्बर 2020 को किया गया। आज उसका साकारात्मक परिणाम हमारे समक्ष है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्यान्वित किये जा रहे अभिनव प्रयास पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति के माध्यम से अब तक 29 विभिन प्रकार के उत्पादों को खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। तीन वर्ष से कम अवधी में कुल 3982.00 लाख रूपए की सकल बिक्री की जा चुकी है। पलाश ब्रांड में अपने कृषि उत्पादों की आपूर्ति तथा अन्य प्रसंस्करण, पैकजिंग एवं बिक्री के कार्यों से अब तक राज्य के स्वयं सहायता समूहों की एक लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़ कर अपने आय में वृद्धि कर रहीं हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हुए इसे मुख्यधारा से जोड़ रहीं हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की पहचान बन चुकी पलाश ब्रांड को विशुद्ध व्यवसायिक परिचालन हेतु पलाश इंटरप्राइजेज कंपनी का गठन किया जा रहा है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी लाने का लक्ष्य तय

मुख्यमंत्री ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धन परिवारों को गरीबी के कुचक्र से बाहर निकालने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेज गति से विकास और वृद्धि सुनिश्चित करना लक्ष्य तय किया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इस बड़े बदलाव हेतु सखी मंडल से जुड़ी राज्य की लाखों ग्रामीण महिला उद्यमियों के द्वारा निर्मित उत्पादों को बाजार में उचित स्थान एवं अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए ग्रामीण महिला कृषकों एवं उद्यमियों को उनके ही ग्रामीण परिवेश में नयी तकनीक, प्रशिक्षण, पूंजी, उद्यमिता के कौशल, उत्पाद संकुल, संग्रहण, भण्डारण, प्रसंस्करण, उत्पादन, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग प्रक्रिया ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से तैयार किया जा रहा है। इन्हीं आवश्यक तकनीक, कौशल, संरचना, प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं वित्तीय संसाधन इकोसिस्टम की पहुंच प्रत्येक ग्रामीण एवं आदिवासी महिला उद्यमियों तक सुनिश्चित करने के संकल्प से साथ राज्य सरकार के द्वारा पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति पर लगातर कार्य किया जा रहा है।

### आजीवका संवर्धन की साबित हो रही मुख्य कड़ी

राज्य सरकार के द्वारा इस वर्ष से सभी जिलों में स्थानीय मेलों का विशेष आयोजन तथा उद्यमिता पखवाड़ा का आयोजन कर ग्रामीण एवं आदिवासी महिला उद्यमियों के उत्पादों को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है ताकि ग्रामीण अर्थवयवस्था में महिलाओं की साझेदारी को व्यापक किया जा सके। पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति ग्रामीण महिलाओं के आजीवका संवर्धन की मुख्य कड़ी साबित हो रही है। ब्रांडिंग एवं विपणन के माध्यम से ग्रामीण महिला उद्यमियों के उत्पाद की गुणवत्ता, उत्पादन इकाई की आधुनिकीकरण, उत्पादन प्रक्रिया की स्वच्छता एवं सुरक्षित वातावरण का महत्व को प्राथमिकता के साथ अपनाए जाने की प्रवृत्ति प्रदर्शित हो रही है तथा अपने उत्पादों के लिए मुख्य बाजार में प्रतिद्वंदिता के साथ स्थान बनाना ग्रामीण महिला उद्यमियों का लक्ष्य बन रहा है। एक स्वावलंबी ग्रामीण महिला उद्यमी अपने कौशल तथा क्षमता के बल पर खुले बाजार में स्वयं अपना स्थान बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हो झारखण्ड के ग्रामीण अर्थव्यवस्था में व्यापक बदलाव की बिगुल फूंक रहीं हैं।




**1100 .00 लाख से ऊपर का कारोबार**: सभी जिलों के उपायुक्तों को जिला में आयोजित होने वाले सरकारी तथा गैर सरकारी राजकीय महोत्सव, मेला, एक्सपो , ट्रेड फेयर में पलाश के उत्पादों की प्रदर्शनी सह बिक्री हेतु निःशुल्क स्टाल उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया है। पलाश उत्पादों से जुड़ी राज्य की उद्यमी ग्रामीण महिलाओं को दूसरे राज्यों में आयोजित होने वाले सरस मेला, ट्रेड फेयर तथा अंतरराष्ट्रीय मेलों में सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। विगत वर्ष सखी मंडल की उद्यमी दीदियों ने 19 राज्यों तथा देश की राजधानी दिल्ली तथा वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में आयोजित सरस तथा अन्य राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर के मेलों में सहभागिता की तथा 1100 लाख रूपए से अधिक का कारोबार किया।

### मिल रहा उत्पाद को बाजार, उद्यमियों को सम्मान

पलाश ब्रांड की विश्वसनीयता को देखते हुए भारत सरकार के द्वारा हाल में ही नोयडा हाट, उत्तर प्रदेश में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय आजीविका सरस मेला में पलाश ब्रांड के उत्पादों को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत मंडपम, प्रगति मैदान में भारत सरकार के द्वारा आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया अंतरराष्टीय सम्मलेन में ग्रामीण महिलाओं के ब्रांड के रूप में पलाश मार्ट आकर्षण का केंद्र रहा है। झारखण्ड की ग्रामीण महिलाओं को पलाश ब्रांड के रूप में एक बाजार शक्ति के रूप में सम्मान जनक स्थान प्राप्त करने में पलाश ब्रांड मील का पत्थर प्रमाणित हो रहा है।

### पलाश इकोसिस्टम का विस्तार

झारखण्ड सरकार राज्य की ग्रामीण महिला उद्यमियों को पलाश ब्रांड से जोड़ने हेतु प्रयासरत है ह्र पलाश ब्रांड के उत्पादों के लिए अपनाई जा रही रणनीति के अंतर्गत अब तक 23 पलाश संग्रहन केंद्र, 45 प्रसंस्करण केंद्र, 155 उत्पादन केंद्र, 19 पलाश पैकेजिंग और ब्रांडिंग केंद्र तथा 46 पलाश मार्ट का परिचालन आरंभ किया गया है। रांची के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्र में पलाश माल के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही राज्य के अन्य आदिवासी बहुल जिलों यथा दुमका, पश्चिमी सिंहभूम, पाकुड़, लोहरदगा तथा खूंटी में पलाश माल के निर्माण हेतु भूखंड हस्तगत कर निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। पलाश ब्रांड के उत्पादों के साथ सखी मंडल से जुड़ी लाखों ग्रामीण महिला उद्यमियों के उत्पादों के प्रचार-प्रसार तथा बिक्री को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य में प्रति वर्ष दो राष्ट्रीय सरस मेला का आयोजन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा आयोजित अंतराष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव में पलाश के उत्पादों को प्रमुखता से प्रदर्शित एवं बिक्री के लिए विशेष उपाय किये गए।

## अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी पर स्वतंत्रता दिवस पर फहराया जाएगा तिरंगा

**नई दिल्ली** : रक्षा मंत्रालय ने अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे विशाल भारतीय झंडा फहराने के लिए पहला अभियान शुरू किया है। नई दिल्ली में इस अभियान को रक्षा मंत्रालय की अपर सचिव दीप्ति मोहिल चावला ने मंगलवार को कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान से माउंट किलिमंजारो के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान (एचएमआई) ने कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान से अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो तक दिव्यांगजन अभियान चलाया है। इस अभियान दल में उदय कुमार 91 प्रतिशत दिव्यांग हैं, जिनका एक पांव घुटने से ऊपर तक कटा है। उदय कुमार पहले ही पश्चिमी सिक्किम के कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान में माउंट रेथेनॉक (16,500 फीट) पर चढ़ चुके हैं। इनके अलावा दल में वायु सैनिक और हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान के प्राचार्य ग्रुप कैप्टन जय किशन, कैप्टन श्रुति एस. चनवीरगौड़ा, सूबेदार महेंद्र कुमार यादव, पावेल शर्मा और सुश्री सुलक्षणा तमांग हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 78वें स्वतंत्रता दिवस पर यह अभियान दल अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो पर सबसे बड़ा भारतीय ध्वज फहराने वाले पहले दिव्यांगजन अभियान के रूप में इतिहास रचेगा। भारत के गौरव और एकता को प्रदर्शित करते हुए 7,800 वर्ग फुट का राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित किया जाएगा। यह अभियान भारतीय लोगों की शक्ति, दृढ़ संकल्प और एकता का प्रमाण है। इसका उद्देश्य युवाओं, दिव्यांगजनों और वंचित लोगों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना है, चाहे वे सपने कितने ही मुश्किल क्यों न हों।

# ट्रक मालिकों ने 200 ट्रकों को बंधक बनाने का लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ** : बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी से कोयला लोड कर हजारीबाग रूट से गुजरने वाली ट्रकों को हजारीबाग क्षेत्र में कुछ लोगो के द्वारा रोककर बंधक बना लिया गया है। ट्रक मालिकों ने हजारीबाग उपायुक्त को आवेदन देकर बताया है कि करीब 200 ट्रकों को बीते रविवार की शाम हजारीबाग सुल्ताना के आसपास कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रोक कर रंगदारी की मांग करते हुए ट्रकों का अपहरण कर अन्यत्र ले जाया गया। जिसमें अहमद खान उर्फ राजा खान, प्रभात सिंह कवालु,प्रकाश साहू कवालु,प्रदीप कुमार साव,विवेक राम,उमेश गुरु शिवपुरी हजारीबाग एवं अन्य 20 से 25 अज्ञात लोग शामिल है। इन लोगो द्वारा ड्राइवर को धमका कर मारपीट करते हुए ट्रक को हजारीबाग के रास्ते सुल्ताना के आसपास से अपहरण कर महुडर मोड़ से कहीं ले जाकर ड्राइवर के साथ मारपीट किया।उनका नगद पैसा और मोबाइल लूट लिया। दो-तीन घंटे बाद सिर्फ मोबाइल वापस किया।और सभी चालको को बंधक बना लिया। ट्रक मालिको ने बताया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार को हम लोग सड़क परिवहन टैक्स देते हैं। वही कुछ असामाजिक लोगों द्वारा ट्रक को रोक कर कहा जा रहा है कि सरकार को तो टैक्स देते हो हम लोगों को भी रंगदारी टैक्स देना होगा। 5000 प्रति गाड़ी की मांग की जा रही है। अगर रंगदारी टैक्स नहीं दोगे तो तुम लोगों के ट्रकों को यहां से नहीं गुजरने देंगे। हम सभी की गाड़ियां किस्त पर हैं। वही 48 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं किया गया। इस संबंध में जब ट्रक मालिकों ने कटकमदाग थाना प्रभारी से संपर्क किया तो उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। ट्रक मालिकों ने आगे बताया कि अगर उनके ट्रकों को मुक्त नही किया जाएगा तो बाध्य होकर मगध कोलियरी से लाभान्वित ट्रक मालिक अपने-अपने क्षेत्र में हजारीबाग रजिस्ट्रेशन की गाड़ियों को रोक देंगे। इसकी जवाबदेही हजारीबाग जिला प्रशासन की होगी। आवेदन में बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम,राजेश राम,शंभू



साव,अरुण केसरी,विशुन यादव,मुकेश राम,मनोज यादव चतरा,ईश्वर साव कुंडी,मोहन साव पंकज केसरी,गुड्डू कुमार,राजेंद्र राम,केदार साव,कुलदीप यादव,अशोक साव कई लोग के हस्ताक्षर है।

## कोयल पुल का नाम पुरनचंद सेतु कर मैं धन्य हुई : अरुणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : एकीकृत बिहार के गांधी कहे जाने वाले और पिछड़ों के मसीहा स्वर्गीय पुरनचंद थे। उनकी पुण्यतिथि पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मुख्य बाजार एवं चैनपुर में लगे स्वर्गीय पुरनचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण की। उनकी यादों में अरूणा शंकर ने कहा कि स्वर्गीय पुरनचंद को पांच बार डाल्टनगंज, भंडारिया विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्हें एकीकृत बिहार में कैबिनेट मंत्री भी रहने का अवसर मिला। लेकिन अंतिम समय तक ना वे अपना लिए एक वाहन खरीद सके और ना ही एक मकान बना सके। इसलिए उनकी पहचान बन गई थी ¬घसीटा साव का कोठा, धर्मशाला का लोटा और पिंटू होटल का ओटा। श्रीमती शंकर ने कहा कि उनके काफी नजदीक रहे कयूम रुबाणी चाचाजी ने मुझे बताया था कि वह इतने लोकप्रिय थे कि उनका चुनाव का गाना था ÷बरगद का प्रचार रस्ते रस्ते5 पूरण जी का प्यार रस्ते रस्ते।

प्रचार के क्रम में वे एक वोट और एक नोट मांगा करते थे जो उन्हें मिलता भी था। श्रीमती शंकर ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि कोयल पुल है। जिसका नामकरण मैंने अपने समय में बोर्ड से पारित कर ÷पुरनचंद सेतु÷ कर अपने आप को धन्य समझती हूं। शहर का मुख्य ओवर ब्रिज, पलामू एक्सप्रेस और सोकरा माइंस खुलवाने का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। उन्होंने उस वक्त भंडारिया जैसे सुदूर गांव में पलामू का पहला रेफरल अस्पताल खुलवाया था। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर रामचंद्र केसरी, स्वर्गीय पुरणचंद के पोते अभिजीत कुमार, पुरनचंद ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश प्रसाद, प्रोफेसर युगल किशोर प्रसाद एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



